

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलते दौर की होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080


# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -228, पृष्ठ -20+4, मूल्यः -6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

अयोध्या, रविवार, 24 मार्च 2024


आज का मौसम: 34.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 06 : 08 | सूर्यास्त 18 : 22




कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड...19




होली है...

रंगपर्व होली को लेकर हर ओर उल्लास है। इसी क्रम में मथुरा के पास वृन्दावन में श्री राधा वल्लभ मंदिर में गुलाल से होली खेलते श्रद्धालु।

# रूस में आतंकी हमले में 143 मौतें, आईएस ने ली जिम्मेदारी

- 100 से अधिक लोग हुए हैं घायल, 4 आतंकियों सहित 11 संदिग्ध गिरफ्तार
- हमले में गोला-बारूद के साथ हमलावरों ने स्वचालित हथियारों का भी किया इस्तेमाल

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं। रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल-मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाए गए थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था। रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ये सभी हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।



मॉस्को में कॉन्सर्ट हॉल में हमले के बाद लोगों को वहां से बाहर निकालते रूसी सैनिक।

### जांच एजेंसी को मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अपनी अमाक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके लड़ाकों ने मॉस्को के बाहरी इलाके पर हमला किया था।

# आप दफ्तर सील, धारा 144 लागू

## निर्वाचन आयोग कार्यालय के समक्ष आज पार्टी कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के बाद आप का कार्यालय सील कर दिया गया है। आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के समक्ष रविवार को प्रदर्शन करने का एलान किया है। आम आदमी पार्टी का कार्यालय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर है और वहीं पर भाजपा का भी कार्यालय है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में शनिवार को बुलाई गई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आना था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आप कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी आशंका के तहत गृह मंत्रालय ने सुरक्षा की दृष्टि से दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। पुलिस को यह जानकारी मिली कि आप कार्यालय में शनिवार को एक बड़ी बैठक बुलाई गई है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए आप कार्यालय को सील किया गया और दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी सिंह एवं सौरभ भारद्वाज सहित कई पदाधिकारी को प्रवेश करने से रोक दिया। आप ने रविवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रदर्शन का एलान किया है, इससे पहले आप के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात का समय मांगा है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की वजह से प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के बाहर खड़े सभी वाहनों को भी हटवा दिया गया है। प्रेस क्लब अध्यक्ष गौतम लहरी ने क्लब के सामने से वाहन हटवाने के लिए दिल्ली पुलिस की निंदा की है।

### कोई जेल मुझे ज्यादा दिन कैद नहीं रख सकती : केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से भेजे गए उनके संदेश को पढ़ा, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने कहा है कि उन्हें ज्यादा दिन तक जेल में नहीं रखा जा सकता और लोगों को किए अपने वादे पूरे करने जल्द बाहर आएंगे। आईआरएस की पूर्व अधिकारी सुनीता द्वारा दिए गए वीडियो बयान का आप ने सीधा प्रसारण किया। केजरीवाल को उद्धृत करते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि अंदर रहूं या बाहर रहूं, मेरी जिंदगी का हर क्षण देश की सेवा को समर्पित है। मेरे खून का एक-एक कतरा देश को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ऐसी सलाखें नहीं जो आपके भाई, बेटे को ज्यादा दिन अंदर रख सके।

### कविता की ईडी हिरासत 26 मार्च तक बढ़ी

राजधानी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद कविता की हिरासत को तीन और दिनों के लिए 26 मार्च तक बढ़ा दी।

### केजरीवाल की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। सीएम ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी रिमांड को चुनौती दी थी, जिसके लिए उन्होंने 24 मार्च को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले को बुधवार (27 मार्च) के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। सीएम केजरीवाल ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और 22 मार्च, 2024 को ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड के आदेश को शनिवार को दिल्ली हाईकोई में चुनौती दी थी। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की मांग की थी। केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति के धनशोधन मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को कोर्ट ने उन्हें 28 तक के लिए ईडी को रिमांड दे दिया था।

## प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इससे पहले इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगाई गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 22 मार्च को एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक लगाए गए प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है।

# बेंगलुरु के रामेश्वर कैफे विस्फोट में आईएसआईएस का मिला हाथ

- राष्ट्रीय जांच एजेंसी के हाथ लगे महत्वपूर्ण सुराग

बेंगलुरु, एजेंसी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इस घटना में कम से कम 10 लोग घायल हुए थे। एनआईए ने एक मार्च को हुए बेंगलुरु विस्फोट और चेन्नई की गतिविधियों के बीच संबंध स्थापित किया है। दो संदिग्धों की पहचान की है। जो जनवरी और फरवरी के महीनों में चेन्नई में रहे थे। एक संदिग्ध हमलावर द्वारा पहनी गई टोपी के माध्यम से साक्ष्य की खोज की गई, जिसे चेन्नई के एक मॉल से खरीदा गया था। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला संदिग्ध, जिसकी पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब के रूप में हुई है, जनवरी से एक महीने से अधिक समय से चेन्नई में रह रहा था। उसके साथी, अब्दुल मतीन ताहा, जो तमिलनाडु इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के लिए वांछित था, ने चेन्नई के आरके सलाई मॉल में टोपी खरीदी। जांच से पता चला है कि दोनों व्यक्ति एक महीने से अधिक समय तक चेन्नई के ट्रिप्लिकेन में रहे। ताहा भी तीर्थहल्ली का निवासी है और शिवमोग्गा में आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा है।

एनआईए के अधिकारियों को सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें ताहा को चेन्नई के अन्ना सलाई मॉल से टोपी खरीदते हुए दिखाया गया था। यह टोपी हमलावर ने रामेश्वरम कैफे पर बमबारी के बाद कुछ किलोमीटर दूर छोड़ दी थी। जांच अधिकारियों ने टोपी पर सीरियल नंबर देखने के बाद टोपी का चेन्नई में पता लगाया, जिसे जनवरी के अंत में खरीदा गया था। ताहा और शाजिब 2020 के मामले में एनआईए द्वारा वांछित थे।


वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा



बर्निंट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ | सबका विकास | सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् | डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक | दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झाईंया एक्जिमा दाद।
श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस।
पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से।
पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी।
मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट।
हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका
पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना।
मस्तिष्क का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी।
अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइट, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।

अब नही कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" से एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते हुए अटल आरोग्य जर्मन होम्यो क्लीनिक के एमडी डा. अतुल मिश्रा व डा. प्रीति मिश्रा।



माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009



पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555



पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोनः 05278- 352045


### सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 24 मार्च (रविवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 मार्च (बुधवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

### एक नजर

#### बिना केवाईसी वाले फास्टैग 1 अप्रैल से बंद

**नई दिल्ली।** अगर आपने अपनी कार के फास्टैग की बैंक से केवाईसी अपडेट नहीं कराई है तो आज ही करा लें। क्योंकि 31 मार्च के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग को बैंक डीएक्टिव या ब्लैकलिस्ट कर देंगे। इसके बाद फास्टैग में बैलेंस होने के बावजूद पेमेंट नहीं होगा। एनएचएआई ने फास्टैग उपभोक्ताओं से फास्टैग के लिए केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है ताकि कोई परेशानी न आए।

# महुआ मोइत्रा के परिसरों पर सीबीआई का छापा

- पैसे लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का मामला

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शनिवार को कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक टीम शनिवार तड़के कोलकाता और पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर स्थित मोइत्रा के अपार्टमेंट में तलाशी ली। वह कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद थीं। केंद्रीय बलों की एक बड़ी टीम के साथ सीबीआई अधिकारियों ने शहर के दक्षिणी हिस्से के अलीपुर इलाके में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा, जहां मोइत्रा के पिता दीपेंद्र लाल मोइत्रा कई वर्षों से रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृष्णानगर में मोइत्रा द्वारा इस्तेमाल किए गए एक अन्य अपार्टमेंट में भी तलाशी ली जा रही है। शनिवार तड़के शुरू हुई छापेमारी खबर लिखे जाने तक जारी थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर गुरुवार को मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## राष्ट्रपति पास नहीं कर रहीं चार बिल

**नई दिल्ली।** केरल सरकार ने एक असामान्य कदम उठाते हुए राज्य विधानसभा से पारित चार विधेयकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंजूरी न दिये जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार ने राष्ट्रपति द्वारा बगैर किसी कारण के विधेयकों को मंजूर न करने को असंवैधानिक कदम घोषित करने का कोर्ट से अनुरोध किया है। इन विधेयकों में विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 2) विधेयक 2021, केरल सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2022, विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक 2022 और विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 3) विधेयक 2022 शामिल हैं।

# हिप्र में कांग्रेस के छह बागी भाजपा में

- तीन निर्दलीय विधायकों ने भी ज्वॉइन की भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए। इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी।

उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है। ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को दर्शाता है। कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। इन्हें बजट के दौरान सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों - आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं।

### मिलेगा उचित सम्मान

भाजपा नेताओं ने कहा कि इन पूर्व विधायकों को भाजपा में उचित सम्मान दिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने को ऐसे छोटे राज्य के लिए बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम बताते हुए कहा कि इनमें से कई नेता पार्टी में वरिष्ठ पदों पर थे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### मिलावटी खाद्य पदार्थ अभियान में लिए आठ नमूने

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** मिलावटी खाद्य सामग्री की बिक्री को लेकर शनिवार को अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुदौली बीएल वर्मा ने बताया तहसील रुदौली के विकास खंड रुदौली और मवई में चेकिंग अभियान चलाया गया हैं। 8 नमूने लिए गए है। जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। सैंपल की रिपोर्ट आने पर मिलावट खोरों पर कार्यवाही की जायेगी।

### ग्राम रोजगार सेवक नहीं मनाएंगे होली

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** शासकीय योजनाओं योगदान कर रहे मनरेगा कार्मिकों ग्राम रोजगार सेवक, कम्प्यूटर आपरेटर, लेखा सहायक 8 माह के बकाया मानदेय न मिलने के कारण होली नहीं मनायेगें। जनपद के लगभग 850 मनरेगा कार्मिकों के परिवारों में उदासी का माहौल है। यह जानकारी ब्लाक अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने दी।

# दया अगर मैं लिखने बैठूं, होते हैं अनुवादित राम

**तुलसी उद्यान में शुक्रवार रात आयोजित मुशायरे में राम पर पढ़ी गईं रचनाएं**

अयोध्या कार्यालय


तुलसी उद्यान में आयोजित मुशायरे में मंचासीन शायर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तुलसी उद्यान में आयोजित रामोत्सव के साहित्य संस्कृति मंच पर राष्ट्रीय मुशायरे "अदब ए राम" में देश के प्रख्यात शायरों के केंद्र में श्रीराम रहे।

मुशायरे का आरम्भ शकील आजमी, अंजुम रहबर, मोहन दानिश सहित मंचस्थ शायरों ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। आगाज करते हुए चिराग शर्मा ने ..तुम्हे ये ग़म है कि चिट्ठियां नहीं आती, हमारी सोचो हमें हिचकियां नही आती। श्वेता श्रीवास्तव अजल ने कहा कथ्य तो इतना है, सत्य तो इतना है, सब यहां है रामजी के, रामजी सभी के है, तो पांडाल तालियों से गूंज उठा। दीक्षित दनकौरी ने तरन्नुम में पढ़ा ए गजल पास आ तुझे गुनगुना लूं तो मुशायरे का माहौल बन गया। शारिक कैफी ने पढ़ा उसकी टीस नहीं जाती है सारी उम्र,पहला धोखा पहला धोखा होता है। संचालन कर रहे शायर अजहर इकबाल के हर शेर पर लोगों ने खूब वाह वाह किया। अपने खास अंदाज में उर्दू और हिंदी के समन्वय के लिए प्रख्यात शायर ने कहा दया अगर लिखने बैठूं, होते है अनुवादित राम,रावण को भी नमन किया ऐसे थे मर्यादित राम से उन्होंने मुशायरे की परिकल्पना को साकार किया। इसके बाद पढ़ी जब भी उनकी गली में भ्रमण होता है, उनके ही दरवाजे पर आत्मसमर्पण होता है। हर युग में जन्म लेते है राम, पैदा हर युग में रावण होता है। मुंबई से आए गीतकार शकील आजमी ने कहा मैं हूं इंसान तो होने का पता दे जंगल, राम जैसे थे मुझे वैसा बना दे जंगल। वाल्मिकी बने कोई मेरे लवकुश के लिए, मेरे बच्चो को जीने कि अदा दे जंगल। मदन मोहन दानिश ने कहा ठहराव में और रवानी में राम है, गोया हमारी प्यास में और पानी में राम है।

मासूम गाजियाबादी ने भगवान श्रीराम के हवाले से शेर पढ़ा पहले ही तेरे नाम का सदका निकाल कर,तब रखा हैं चिराग हवाओं में निकाल कर।


मुशायरे में कलाम पढ़ते शायर।

### सरयू के धाम वाले हैं, वह छबीले से श्याम वाले हैं

प्रख्यात शायरा अंजुम रहबर ने तरन्नुम में सुनाया वो सरयू के धाम वाले है, वो छबीले से श्याम वाले है, सबके दिल में जो बसते है, सब उन्हें सियाराम कहते है। फहमी बदायूंनी ने अपने गजल के शेर सुनाते हुए कहा जिनसे आगे निकल नही सकता, उनके पीछे चल नही सकता। अध्यक्षता कर रहे फरहत अहसास ने अपनी ग़ज़ल के कुछ शेर राम पर पढ़ते हुए कहा तुलसी के जो राम है, हमारे भी राम है। उनकी तरह हमारे भी सहारे राम है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ, नगर आयुक्त और अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक संतोष कुमार सिंह ने सभी शायरों को शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान करके उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सलाहकार कबीर एकादमी, संस्कृति विभाग आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ रानी अवस्थी, कवि आलोक श्रीवास्तव, रामायण धर द्विवेदी समेत साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

### नोडल शिक्षकों को पूर्ण मनोयोग से करें प्रशिक्षित : डायट प्राचार्य

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत आउट ऑफ स्कूल बच्चों शारदा को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विशेष पाठ्यक्रम, कई मुख्य बिंदुओं तथा कई गतिविधियों के माध्यम से समस्त मास्टर ट्रेनर्स को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण का समापन करते हुए प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक जय प्रताप सिंह ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किए गए शिक्षकों को कहा कि ब्लॉक स्तर पर नोडल शिक्षकों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षित करें। जिससे शिक्षक विद्यालयों में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर पाठ्यक्रम पूरा कराते हुए बच्चों को शिक्षित कर सकें। सभी विकास खंड से 53 इआरपी को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता लाल चंद्र, कांति वर्मा, डीसी सामुदायिक नमन राज, प्रशिक्षक मनीष देव, डॉ रजनी रंजन जायसवाल, डॉ अनामिका मिश्रा, सुनील दत्त शर्मा, ओंकार नाथ पांडेय शामिल आदि मौजूद रहे।

# आज होगा होलिका दहन, कल बरसेंगे रंग

## सड़क से कार्यालयों तक रही होली की धूम, बाजारों में रौनक



होली की धूम : चौक बाजार में अबीर-गुलाल की खरीदारी करती महिलाएं। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** होली की धूम शुरू हो गई है। शनिवार को सड़क से कार्यालयों तक होली खेली गई। स्कूल में बच्चों ने और कायार्लयों में कर्मचारियों ने अबीर-गुलाल से होली खेली। एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। रविवार की रात होलिका दहन होगा। सोमवार को रंग बरसेंगे।

होली का उत्साह अब चरम पर है। शनिवार को स्कूल कॉलेज से कार्यालय तक होली के त्योहार के लिए बंद हो गए। छुट्टी के एक दिन पहले सड़क से स्कूल और कार्यालय तक होली का रंग चढ़ा रहा। स्कूल-कॉलेजों में बच्चों ने पूरे दिन होली खेली। स्कूल पहुंचने के साथ ही रंग की पुड़िया और अबीर की पोटली के साथ ठिठोली शुरू हो गई। एक दूसरे पर रंग डालने और रंगने का दौर शुरू हुआ तो छुट्टी होने तक यह चलता रहा। स्कूल से निकले तो चेहरे से कपड़े तक रंग-बिरंगे हो गए थे। कार्यालयों में भी सुबह से ही होली का रंग चढ़ा दिखा। जरूरी काम निपटाने के साथ ही होली की शुरुआत हो गई। अधिकारी से कर्मचारी तक दोपहर होते-होते होली के रंग में रंग गए। कर्मचारियों ने अफसरों को अबीर-गुलाल का तिलक कर बधाई दी तो एक दूसरे के ऊपर जमकर अबीर और गुलाल मले। गले मिले, होली की बधाई दी। विकास भवन, कलेक्ट्रेट, कृषि भवन, लोक निर्माण विभाग के साथ अन्य प्रतिष्ठानों में रंग कुछ ऐसा ही रही। दुकानों के साथ सड़क तक लोग एक दूसरे से होली खेलते दिखे। वहीं फतेहगंज, गुदड़ी चौराहा, नाका सहित कई अन्य स्थानों पर रंग खेला जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में होलिका दहन के बाद सोमवार को रंग बरसेंगे।

### 2195 स्थानों पर होगा होलिका दहन

रविवार की रात होलिका दहन होगा। इसको लेकर तैयारी तेज है। जगह-जगह होलिका सजाई जा रही हैं। रविवार को रंगोली, रंग-पत्तियां लगाए जाने की तैयारी है। लकड़ी डाली जा रही है। शहर और देहात में कुल लगभग साढ़े 2195 स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी है।

### बाजारों पर भी चढ़ा रंग दिन भर हुई खरीदारी

होली का रंग बाजारों पर भी चढ़ा दिखा। शनिवार को देर रात तक खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी दिखी। कपड़ों की दुकान से लेकर मिठाई की दुकानों तक जमकर खरीदारी हुई। बाजार में पिचकारियों और रंगों की दुकान पर हर उम्र के लोग पहुंचे।

### 350 से लेकर 1200 रुपये तक की है गुझिया

शनिवार को गुझिया बनाने के लिए बाजारों में मावे की दुकानों व मंडी में दिनभर खरीदारी होती रही। वहीं मिठाई की दुकानों पर रेडिमेड गुझिया की मांग अधिक दिखी। 350 से लेकर 1200 रुपये तक की गुझिया बाजारों में उपलब्ध दिखी। महंगी गुझिया को देसी घी से निर्मित कर ड्राई फ्रूट की मात्रा बढ़ाई गई है।

### प्रशासन चुस्त, सुरक्षा सख्त

होली और रमजान के मद्देनजर प्रशासन ने चुस्त व्यवस्था की है। पूरे जिले में सुपर जोनल, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। उनके साथ पुलिस के अफसरों को लगाया गया है। किसी नए स्थान पर होलिका दहन नहीं होगा। मजिस्ट्रेट रविवार से अपने तैनाती स्थलों पर भ्रमण करना शुरू करेंगे। फील्ड कर्मचारियों को भी लगाया गया है।


सोहावल के प्राथमिक विद्यालय ठेंऊगा में होली खेलते बच्चे। अमृत विचार


सभी मंडल वासियों को होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाईयाँ, शुभकामनाएं। सभी सौहार्द के साथ मिलजुल कर होली मनाएं। किसी भी प्रकार के हुड़दंग से बचें। सभी को मंगलकामनाएं। **- गौरव दयाल, मंडलायुक्त**


होली आपसी सौहार्द और सामंजस्य का पावन पर्व है। इस पावन पर्व को हम सभी को मिलजुल कर प्रेम के साथ मनाना चाहिए। सभी को पर्व की हार्दिक बधाईयाँ, शुभकामनाएं। **- प्रवीण कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक**


रंगोत्सव के पावन पर्व पर समाज के सभी वर्गों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह पर्व हम सबके जीवन को खुशियों के रंग से भरे, यही मंगलकामना है। पुलिस आपकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए कृतसंकल्प है। **- आरके नैय्यर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**


सभी जनपदवासियों को होली के त्योहार का हार्दिक शुभकामनाएं। सभी शांति एवं सौहार्द के साथ होली मनाएं। यह पर्व सामाजिक समरसता का संदेश देता है न कि हुड़दंग का। सभी को बधाई के साथ शुभकामनाएं। **- नितीश कुमार, जिलाधिकारी**


सौहार्द के पर्व होली की समस्त जनपद वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सभी सदा सुखी, समृद्धि और धन्य धान्य से परिपूर्ण रहे। यही मंगलकामना है। **- संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त**

## लूट और गैंगेस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या। अमृत विचार:** अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार की शाम जीआईसी स्कूल के पीछे रेलवे क्रासिंग के पास से अर्जुन उर्फ कालिया निवासी दालमण्डी शैल माता मंदिर फतेहगंज कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तारी फतेहगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अक्षय कुमार पटेल की टीम ने की है और आयुध अधिनियम में नामजद रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया है। अर्जुन उर्फ कालिया के खिलाफ पहले से गैंगेस्टर समेत लूट,मारपीट,आबरू पर हमला आदि के आठ मामले दर्ज मिले हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नवीनमण्डी चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा की टीम ने रवीन्द्र पाण्डेय निवासी जाखा थाना इनायतनगर को नवीन मंडी परिसर से 1350 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा है और एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा चालान किया है।




## बगास फैक्ट्री में लगी आग बुझाते वक्त श्रमिक झुलसा

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के पलिया गोवा मजरे करौंदा गांव के निकट बगास की फैक्ट्री में आग लग गई। आग बुझाने में एक श्रमिक का हाथ भी झुलस गया। फायर ब्रिगेड दस्ते ने आग को बुझाया। घटना शुक्रवार रात 10:30 बजे के आसपास उसे समय की है जब बगास की फैक्ट्री में ईंट भट्ठे में इस्तेमाल किए जाने वाले कोयले का वैकल्पिक ईंधन ब्रिगेड बायो मास, गुल्ला का निर्माण चल रहा था। इसी दौरान फैक्ट्री के अंदर इलेक्ट्रिक स्विच बोर्ड से उठी आग देखते ही देखते फैक्ट्री में फैल गई। जिसमें इलेक्ट्रिक वायरिंग समेत तमाम उपकरण जलकर नष्ट हो गए। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया की फैक्ट्री में कोयले का वैकल्पिक ईंधन भूसी से बनने वाला ब्रिगेड बायोमास गुल्ला का निर्माण कार्य चल रहा था। मशीन पर लोड पढ़ने की वजह से इलेक्ट्रिक स्विच बोर्ड फुंक गया। जिसके चलते आग लग गई।



## दूसरा अशरा गुनाहों से निजात का अशरा : मुफ्ती कादरी


टाटशाह मस्जिद चौक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रिंसिपल मदरसा नुरुल हक़ चिर्राह मुहम्मदपुर मुफ्ती जीशान रजा कादरी ने माहे रमजान की फजीलत बयान किया। उन्होंने कहा कि बंदों पर रहमत की बारिश करने वाला माहे रमजान का पहला अशरा रुखसत हो गया। गुरुवार शाम से मगफित यानी क्षमा का दूसरा अशरा शुरू हो गया है। मुफ्ती जियाउल हक बरकाती कहते हैं कि ये अशरा 10 रमजान को मगरिब की अजान से शुरू होकर 20 रमजान को मगरिब की अजान से पहले तक है। रमजान के महीने में रहमत के दरवाजे खुल जाते हैं। इस अशरे में अल्लाह की बारगाह में गुनाहगारों की तौबा कुबूल की जाती है। माहे रमजान का दूसरा अशरा गुनाहों से निजात का है। इसमें अल्लाह अपने बंदों को खास इनामात से नवाजता है। रमजान को तीन अलग-अलग अशरों में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत का होता है जो रमजान के चांद से शुरू होकर दसवें रोजे तक जारी रहता है। दूसरा अशरा मगफिरत का है। इस अशरे में बंदे को अपने रब से गुनाहों की मगफिरत के लिए दुआ करनी चाहिए। रहमत का अशरा खत्म होने के बाद अब मगफिरत का अशरा 23 मार्च से शुरू होगा।

## अपना स्कूल में बांटी पिचकारी, गुलाल और गुझिया


पिचकारियों के साथ बच्चे व खाकी वाले गुरुजी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जयसिंहपुर वार्ड में वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित नि :शुल्क अपना स्कूल में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। खाकी वाले गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए मलिन बस्ती के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की मुहिम चलाते हैं। अपनी ड्यूटी पर जाने से पहले सुबह दो घंटे 60 गरीब बच्चों को पढ़ाते हैं। इनकी इस मुहिम में साकेत कॉलेज के छात्र ऋषभ शर्मा और अंशिका सिंह निशुल्क रूप से शिक्षण कार्य करते हैं। होली के दो दिन पूर्व समाजसेवियों की टीम अपने साथ रंग, अबीर, गुलाल, गुजिया, पिचकारी, गुब्बारा, बिस्किट, सन्तरा इत्यादि लेकर बच्चों में वितरित किया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अपना स्कूल सामान लेकर पहुंचे अतिथियों में लोको पायलट राजन यादव, न्यायालय लिपिक शिल्पी चौरसिया, स्टेनो धीरज श्रीवास्तव, अधिवक्ता विनोद पांडेय, अध्यापिका रचना श्रीवास्तव, लोको पायलट अमन यादव, न्यायालय लिपिक अंकिता केसरवानी रही।

## मिल्कीपुर में वार्षिक परीक्षा के बाद बच्चों ने खेली होली


स्कूल में रंगों से सराबोर छात्र - छात्राएं।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सत्रावसान पूर्व वार्षिक परीक्षा के उपरान्त जमकर होली खेली। स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी प्रभा शंकर शुक्ल के दिशा निर्देशन में प्रधानाचार्या शिखा दूबे की देख रेख में एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली के गीतों पर डांस करते हुए माहौल को बहुरंगी कर दिया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि होली पर्व पूरे समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के साथ-साथ समाज से ऊंच नीच की भावना को नष्ट करता है। इस अवसर पर उन्होंने बुजुर्गों का विशेष खयाल रखने की भी नसीहत दी। उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने होली के साथ साथ एक अप्रैल से नये सत्र की शुभकामनाएं दी।

## सौ शहरों से रामलला के दर्शन को पहुंचे एक हजार सिंधी श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय


अयोध्या दर्शन के लिए पहुंचे सिंधी समाज के लोग दिखे अभिभूत।

**अमृत विचार :** भव्य मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला के दर्शन के लिए शनिवार को देश के सौ शहरों से करीब एक हजार से अधिक सिंधी श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को यहां पहुंचा। कई बसों में सवार होकर यहां आए सिंधी श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्प वर्षा और आरती से किया गया। रामलला के साथ विभिन्न मठ-मंदिरों में विराजमान आराध्य का दर्शन कर अभिभूत श्रद्धालुओं ने कहा आराध्य की नगरी अयोध्या विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बन गई है।

लखनऊ के प्रख्यात शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम से एकत्रित होकर साईं मोहनलाल साहिब व सांई हरीश लाल साहिब की अगुवाई में श्रद्धालुओं का जत्था यहां पहुंचा। जत्थे में संत अयोध्या के मार्गों पर नाचते गाते रामलला के दरबार में पहुंचे। सभी ने रामलला के दर्शन किए। अयोध्या पहुंचने पर शिवालय परिवार के महंत गणेश दास ने जत्थे का पुष्प वर्षा व रामनामी दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर साई मोहनलाल साहिब ने अयोध्या दर्शन यात्रा के क्षणों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि रामलला के दर्शन से मन प्रसन्न और दिल बाग बाग हो गया। इन पलों को कभी भुलाया नही जा सकता है। इस मौके पर राजकुमार जीवानी, जितेन्द्र खत्री, भजन कालाणी, श्याम मध्यान, भास्कर शेवानी, उमेश संगतानी, जितेन्द्र माखेजा, उज्जवल सेहितया, संजय सेहितया, उमेश तोलानी, कंचन मंगलानी समेत बड़ी संख्या सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे।



Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.44 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.34 बजे
इफ्तार : 06.15 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### आज सरेठी पंचायत भवन पर जुटेंगे पांच गांवों के किसान



**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण की एयरो सिटी योजना को लेकर आन्दोलित किसानों का जमावड़ा रविवार को होगा। रविवार को सरेठी ग्राम पंचायत के भवन पर पांच गांवों के किसान पंचायत करेंगे। रविवार को 11 बजे आयोजित पंचायत के लिए सभी गांवों में संपर्क किया गया है। आन्दोलन कर रहे किसानों का कहना है कि न्यायिक प्रक्रिया के तहत सभी को मिल कर मातृभूमि बचाने की लड़ाई लड़नी होगी। यह जानकारी शनिवार को मातृ भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा एडवोकेट व अशोक कुमार गुप्ता एडवोकेट ने संयुक्त रूप से दिया।

### रामोत्सव का समापन कल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** 14 जनवरी से अयोध्या में चल रहे रामोत्सव के कार्यक्रमों का समापन 24 मार्च को हो रहा है। तुलसी उद्यान में बने मंच पर श्रद्धालुओं को होली के बाद 28 मार्च से गीत, संगीत, नृत्य के माध्यम से 17 अप्रैल भगवान राम के जन्मोत्सव राम नवमी तक अपनी उल्लास को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। लोक जनजाति एवम संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा तुलसी मंच पर भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान की ओर से दी गई।

# मिल्कीपुर तहसील में पिटे एडीओ पंचायत, भागकर बचाई जान

## स्टांप विक्रेता और एडीओ पंचायत की बाइक भिड़ने के बाद हुआ बवाल

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार:** मिल्कीपुर तहसील परिसर में शनिवार को मिल्कीपुर एडीओ पंचायत व एक स्टांप विक्रेता की बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर के बाद गुस्साए एडीओ पंचायत ने अपने सहकर्मी के साथ मिलकर स्टांप विक्रेता उदयराज यादव की पिटाई कर दी। माजरा देख लोग भड़क गए और बवाल हो गया। इसके बाद उग्र भीड़ ने एडीओ पंचायत की पिटाई शुरू कर दी। उन्होंने किसी तरह एसडीएम के अहलमद के कक्ष में छिपकर जान बचाई। काफी देर तक तहसील परिसर में हंगामा और बवाल चलता रहा। मौके पर पहुंचे एसडीएम और क्षेत्राधिकारी ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और चोटहिलों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भेजवाया।



मिल्कीपुर एसडीएम कार्यालय का घेराव करते आक्रोशित वकील। अमृत विचार

### एसडीएम व थाना प्रभारी ने शांत कराया मामला

मामले की जानकारी होते ही भारी पुलिस बल के साथ इनायतनगर थाना प्रभारी और अपने कार्यालय से एसडीएम राजीव रतन सिंह और क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने समझा-बुझाकर दोनों पक्षों को शांत कराया और चोटहिलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया।

दोपहर करीब 11 बजे सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेंद्र कुमार राव अपने सहकर्मी सहायक विकास अधिकारी कृषि रामसहाय गौतम के साथ बाइक से एसडीएम कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान पुराने कोषागार कार्यालय के पास से अधिवक्ता भवन को जा रहे स्टांप विक्रेता उदय राज यादव की बाइक से सीसी रोड पर पंचायत सहायक की बाइक से टकरा गई। टक्कर के बाद सहायक विकास अधिकारी कृषि और स्टांप विक्रेता नीचे गिर पड़े। गुस्साए सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुरेंद्र कुमार राव ने स्टांप विक्रेता की पिटाई शुरू कर दी।

▸▸ प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद शांत हो सका मामला

### मौके पर उमड़ा अधिवक्ताओं और वादकारियों का हुजूम

मारपीट होती देख तहसील में मौजूद अधिवक्ताओं और वादकारियों का हुजूम मौके पर पहुंच गया। स्टांप विक्रेता की पिटाई कर रहे सुरेंद्र कुमार राव भाग निकले। मौके पर मिले रामसहाय गौतम की भीड़ ने पिटाई शुरू कर दी। किसी तरह सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने खुद को चंगुल से मुक्त कराया और भागकर एसडीएम कार्यालय स्थित अहलमद के कक्ष पहुंच गए और भीतर से दरवाजा बंद कर लिया। पीछा कर रही वकीलों और अन्य की भीड़ ने कक्ष को घेर लिया और कार्यालय में छिपे पंचायत कर्मी को बाहर निकालने की जिद पर अड़ गए।

> हल्की टक्कर के चलते आपस में विवाद हुआ था। अधिकारियों ने मामला शांत कराया है। अभी किसी भी पक्ष की ओर से कोई भी तहरीर नहीं मिली है। – **संदीप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक**

# 31 तक जमा करें कर, नहीं तो 12 प्रतिशत लगेगा ब्याज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले नगर निगम बकाएदारों से कर जमा कराने के लिए बार-बार आग्रह कर रहा है। अब नगर निगम ने उदाहरण देकर करदाताओं को उनकी होने वाली बचत के बारे में बताते हुए कर जमा करने की अपील की है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि सदन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 1 से 31 मार्च तक गृहकर व जलकर की वर्तमान मांग पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त बकायेदार छूट का लाभ उठाते हुये 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपना कर जमा करा लें। 31 मार्च तक कर की धनराशि नगर निगम कोष में जमा न कराए जाने पर उनकी बकाया धनराशि पर 12 प्रतिशत का ब्याज जुड़ जाएगा, जिससे कर दाता को 10 प्रतिशत की छूट के नुकसान के साथ-साथ 12 प्रतिशत ब्याज का भी अनावश्यक रूप से भुगतान करना होगा। गजेंद्र सिंह ने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि किसी भवन पर यदि एक हजार रुपये गृहकर व जलकर वर्तमान वर्ष पर बनता है। छूट की अवधि में उक्त भवन पर 10 प्रतिशत का लाभ लेते हुए 900 रुपये ही जमा करना होगा। दूसरी तरफ एक हजार निर्धारित समय में कर जमा न करने पर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 1120 रुपये भवन स्वामी को जमा कराना होगा।




▸▸ 31 मार्च तक गृहकर व जलकर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट

# किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पुलिस ने क्षेत्र निवासी एक अल्पसंख्यक किशोरी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में 16 वर्षीय किशोरी की मां ने आरोप लगाया था कि दो माह पूर्व उसकी पुत्री अपने बुआ के घर गई थी। वहीं पर थाना तारुन के देवकली निवासी युवक शिव कुमार विश्वकर्मा से पुत्री का मेलजोल हुआ। 17 मार्च को शिवकुमार उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। अगले दिन घर वापस लौटी पुत्री ने पूरी बात बताई तो अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। क्षेत्राधिकारी बीकापुर सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी आईपीएस अधिकारी रोहन झा के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी को शनिवार दोपहर तमीनगंज पुल के पास से गिरफ्तार किया है। दौरान विवेचना मेडिकल परीक्षण के बाद दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई गई। आरोपी का मेडिकल करवा चालान किया गया है।

# बिहार के पूर्व सीएम माझी ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को रामलला का दर्शन किया। उन्होंने कहा कि वह 28 मार्च को गया लोकसभा सीट से नामांकन करेंगे। नामांकन से पहले रामलला से आशीर्वाद लेने आया हूं। उन्होंने खुद को रामभक्त बताते हुए लालू यादव पर निशाना साधा। जीतन राम मांझी ने कहा कि एनडीए में हम निष्ठा से आए थे। प्रधानमंत्री ने हमारे बेटे को एमएलसी बनाया।

नीतीश कुमार ने भी सपोर्ट किया है। राम हमारी आस्था का केंद्र हैं। शबरी को रामचंद्र ने दर्शन दिया था। राम जी को शबरी ने सहारा दिया था। हम लोगों का राम से पुराना नाता है। जीतनराम माझी के अयोध्या पहुंचने पर समाजसेवी संस्थान अयोध्याधाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव ने अयोध्याधाम रेलवे जंक्शन पर उनका स्वागत किया। सुरेश यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का राम मंदिर बनने के बाद पहला आगमन हुआ। मांझी, निषाद समुदाय के काफी लोग शामिल रहे। जीतनराम मांझी ने कहा कि राममंदिर बनने के बाद सपरिवार अयोध्या आया हूं। निषाद समाज के जिलाध्यक्ष संतोष निषाद, कृष्ण कुमार मांझी, गंगाराम निषाद, रवि प्रताप ,अच्छेलाल, अरविंद प्रधान, सोमयी निषाद आदि मौजूद रहे।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर पूर्व सीएम माझी का भव्य स्वागत किया गया।

▸▸ 28 मार्च को गया लोकसभा सीट से करेंगे नामांकन

## सार-संक्षेप

### एलएलबी परीक्षा में नकल करते पकड़े गए चार परीक्षार्थी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एलएलबी की परीक्षा में नकल नहीं थम रही है। अब तक डेढ़ सौ से अधिक नकलची पकड़े जा चुके हैं। शनिवार को भी होली अवकाश से पूर्व आयोजित परीक्षा में भी नकल पकड़ी गई। अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शनिवार को सचल दल ने 4 परीक्षार्थी को नकल करते हुए पकड़ा। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में 3 व जस्टिस ला कॉलेज बाराबंकी में 1 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरा गया है। इन छात्रों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई।

### सिर की चोट के रोगियों के प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण



सेमिनार में मौजूद चिकित्सक व छात्र-छात्राएं।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गुजरात के दाहोद के जायडस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के द्वारा राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में एक सेमिनार का किया गया। सेमिनार का विषय स्व निर्देशित शिक्षण, सह एकीकृत शिक्षण और शिक्षण था। जायडस की टीम ने सिर की चोट के रोगियों के प्रबंधन पर प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण की शुरुआत मेडिकल कॉलेज के नए भवन के सेमिनार हॉल में सुबह 11 बजे हुई। इसमें 50 प्रतिभागी एकत्र हुए। इस दौरान एमबीबीएस विद्यार्थियों के साथ-साथ नर्सिंग छात्रों और पैरामेडिकल स्टाफ को सिर की चोट वाले मरीजों के प्रबंधन के साथ-साथ इसे रोकने के लिए अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में बताया गया। डॉ. विनोद आर्य ने कर्मचारियों को सड़क दुर्घटना में चोट के मामलों से निपटने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल, प्रोफेसर और सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. सत्यजीत वर्मा, एनेस्थीसिया विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सर्वजीत वर्मा, सर्जरी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. एसपी बंसल मौजूद रहे।

### पैसा जमा कर लौट रहे युवक को सरिया से पीटा, भर्ती

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के ग्राम मेहनौरा में समूह का पैसा जमा करके वापस घर आ रहे युवक की गांव के ही चार युवकों ने सरिया और लाठी से पिटाई की। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। ग्राम मेहनौरा के ओमकार यादव का बेटा दीपू यादव शनिवार को दोपहर अपनी मां के समूह का पैसा गाँव के अनिल सिंह के पास जमा कर वापस घर आ रहा था। पैसा जमा करके वापस निकलते ही गांव के लल्लन सिंह ने दीपू और गाली दी। विरोध पर बब्बन सिंह, भूपेन्द सिंह, सौरभ सिंह पुत्र लल्लन सिंह ने लोहे की राड़ व डण्डा से एक राय मारने लगे। मार पीट में दीपू को गंभीर चोट आई। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया केस दर्ज किया गया है। घायल को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### लोकसभा चुनाव में चार सौ पार नारे को लेकर भाजपा जुटी

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर तेजी के साथ जुटी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए नारे अबकी बार चार सौ पार को साकार करने के लिए गांव-गांव बैठकों और मतदाताओं को सहेजने का सिलसिला तेज हो गया है। मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। शनिवार को शक्ति केंद्र कर्मा कोडरी की हुई, जिसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित थे। महानगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह डब्लू ने कहा लोकसभा चुनाव में 400 पार नारे को साकार करने के लिए कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। बैठक में शिवनरायन तिवारी, प्रभारी अंकुर सिह, महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नंदकुमार सिंह, मण्डल महामंत्री राजेश पाठक, योगेश कुमार मिश्रा, लाल बहादुर, शोभाराम, प्रमोद सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुंशी की मोटरसाइकिल चोरी, केस दर्ज

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित कचहरी परिसर के पास से किसी ने मुंशी की बाइक पार कर दी। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता रवि कुमार पुत्र श्रवण निवासी मेहदौना थाना इनायतनगर का कहना है कि वह सिविल कोर्ट स्थित शेड नंबर 24 में अधिवक्ता के मुंशी का काम करता है। रोज की तरह शुक्रवार की सुबह सवा 10 बजे अपनी अपाचे बाइक यूपी 42 एवी 5064 कचहरी गेट के पास खड़ी की थी। चार बजे बस्ता लेकर लौटा तो मौके से बाइक गायब मिली। कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कराई जा रही है।

### परिजनों से बिछड़ी बालिका मिली

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली के नयाघाट क्षेत्र स्थित सरयू घाट पर एक आठ वर्ष की बच्ची अपने परिजनों से बिछुड़ गई। जल पुलिस ने बालिका को तलाश परिवार के हवाले किया है। जल पुलिस के प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने बताया कि भारत पाकिस्तान सीमा बाड़मेर पर तैनात राजस्थान के सीकर निवासी सीमा सुरक्षा बल के उप निरीक्षक सन्दीप कुमार शर्मा अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन करने आये थे। सरयू स्नान घाट पर भीड़ भाड़ अधिक होने के कारण उनकी 8 वर्षीया बच्ची बिछड़ गयी। पिता की सूचना पर बालिका को दो घंटे में तलाश लिया गया।



होली मिलन समारोह में मौजूद आईएमए अध्यक्ष व महिला चिकित्सक। अमृत विचार

## आईएमए के होली मिलन समारोह में खूब मचाया धमाल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार की देर शाम शहर के सिविल लाइन स्थित एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी चिकित्सकों का अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों को पगड़ी बांधी गई। कार्यक्रम में तमाम होली गीतों के बीच डॉक्टरों ने एक-दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। जा रे हट नटखट न छू मेरा घूंघट, बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, वो कृष्णा है... जैसे गानों पर आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडे, डॉ. पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सविता बांदिल, डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. स्मृति कौर आदि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वरिष्ठ चिकित्सकों की पत्नियां सरिता गुप्ता, नीलम, नीलिमा, सपना, साक्षी आदि ने भी चिकित्सकों के साथ डांडिया नृत्य किया। ऑर्थो सर्जन डॉ. एसएम द्विवेदी ने विभिन्न होली गीतों पर तबला वादन किया। कार्यक्रम के बीच में शूटिंग प्रतियोगिता में 50वीं बार गोल्ड मेडल जीत कर लाने वाले डॉ. आरडी भुवन को वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एस के पाठक व आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडे ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. वीके गुप्ता, डॉ. आरपीएन सिंह, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. संजय पांडे, डॉ. प्रवीण मौर्य आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तीन आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कैंट थाना पुलिस ने क्षेत्र निवासी एक दलित कोशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट से गैंग चार्ट के अनुमोदन के बाद दर्ज कराई गई है।

थाना क्षेत्र निवासी एक 15 वर्षीय दलित किशोरी 21 नवंबर 23 को लापता हो गई थी। प्रकरण में उसके पिता ने खोजबीन के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर तीन दिन बाद अज्ञात के खिलाफ अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन को नामजद किया था और सामूहिक दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट तथा अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा बढ़ाई थी। कैंट पुलिस का कहना है कि छानबीन में यह बात सामने आई कि अनीश पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम खरगपुर कन्दैला थाना पूराकलन्दर ने अपने थाना क्षेत्र के गांव गौहनिया निवासी मोनू तथा रंजीत प्रसाद निवासी पूरे शुकुल का पुरवा चौधरीपुर थाना इनायतनगर के साथ एक गिरोह बना रखा है। अनीश के खिलाफ पूराकलंदर थाने में गली-गलौच और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई थी और आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रिया कलाप में लिप्त पाये जाने पर तीनों का गैंग चार्ट बना जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन हासिल किया गया। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि अनुमोदन के बाद मामले में तीनों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

▸▸ मजिस्ट्रेट से अनुमोदन के बाद कैंट पुलिस ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**परियोजना** | 5.1 किमी परिक्रमा मार्ग के लिए 68 करोड़ का डिपॉजिट मद स्वीकृत

# छावनी बोर्ड कराएगा सेना क्षेत्र में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का विकास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सेना क्षेत्र में पड़ने वाले 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण एवं विकास छावनी परिषद की ओर से कराया जाएगा। इसके लिए छावनी परिषद को परियोजना के लिए स्वीकृत रकम में से 68 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इस बाबत शासन ने लोक निर्माण विभाग को पत्र जारी किया है।

रामनगरी के इर्द-गिर्द 14 कोसी परिक्रमा मार्ग को फोरलेन किये जाने तथा इस मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की स्थापना पर कार्य चल रहा है। कार्य का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड को सौंपा गया है। 14 कोसी परिक्रमा मार्ग कुल 23.943 किमी लंबा है और इस मार्ग का 5.100 किमी हिस्सा छावनी परिषद के अधीन सेना की जमीन से गुजरता है। छावनी परिषद की ओर से अपने हिस्से की जमीन में निर्माण और विकास कराने की बात कही थी, जिसको लेकर सेना और छावनी परिषद के अधिकारियों की प्रशासन के साथ बैठक हुई थी। बैठक के बाद निर्णय से शासन को अवगत कराया गया, जिसको लेकर शासन ने सेना क्षेत्र में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण छावनी परिषद से कराने को लेकर राज्यपाल से स्वीकृति हासिल की है।

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष को शुक्रवार को जारी पत्र में अनु सचिव शिव कुमार का कहना है कि सेना क्षेत्र स्थित 5.100 किमी लंबे 14 कोसी परिक्रमा मार्ग का चौडीकरण एवं विस्तारीकरण छावनी परिषद की ओर से 68 करोड 28 लाख 83 हजार रूपये लागत से डिपाजिट मद के रूप में कराया जाएगा। उधर छावनी परिषद के सीईओ यशपाल सिंह ने स्वीकृत का पत्र मिलने की पुष्टि की है।

▸▸ 1140 करोड़ से फोरलेन हो रहा है 24 किमी लंबा परिक्रमा मार्ग

### एक वर्ष पूर्व परियोजना के लिए स्वीकृत हुआ था 11 करोड़ 40 लाख

रामनगरी में धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण-सुदृढ़ीकरण एवं विकास के तहत 14 कोसी परिक्रमा मार्ग को फोरलेन किये जाने तथा इस मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए जन सुविधाओं की उपलब्धता के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई गई थी। परिक्रमा मार्ग के विस्तारीकरण को लेकर जद में आ रही भूमि और भवन का अधिग्रहण किया गया है तथा अधिग्रहण के दायरे में आये लोगों को मुआवजा दिया जा रहा है। कार्य का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड को सौंपा गया है और शासन ने 21 मार्च 2023 को परियोजना के लिए 114024.06 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की थी।

### शासन की ओर से रखी गई है यह शर्त

- छावनी परिषद अयोध्या की ओर से रक्षा भूमि पर 5.100 किमी मार्ग का कार्य डिपाजिट मद के रूप में 6828.83 लाख रूपये लागत से कराया जाएगा।
- चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण के बाद उसका स्वामित्व व रख-रखाव तथा मरम्मत छावनी परिषद की ओर से किया जाएगा।
- कार्य सम्पादन के समय भी छावनी क्षेत्र में इस मार्ग पर आम जनमानस व 14 कोसी परिक्रमार्थियों का आवागमन सुनिश्चित करना होगा।
- परिक्रमा मार्ग के निर्माण और विकास में मानकों को सुनिश्चित कराने का दायित्व मुख्य अभियन्ता पीडब्लूडी प्रांतीय खंड का होगा।

# अनुदानित शिक्षकों ने मूल्यांकन से काटी कन्नी

## वित्त विहीन ने संभाला मोर्चा, बोर्ड ने अब तलब की मूल्यांकन न करने वाले शिक्षकों की सूची, मची खलबली

अयोध्या कार्यालय


जीआईसी में मूल्यांकन करते परीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से अधिकांश सरकारी और अनुदानित कॉलेजों के शिक्षकों ने दूरी बना ली है। मूल्यांकन कार्य वित्तविहीन कॉलेजों के शिक्षकों के भरोसे छोड़ दिया गया है। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से शिक्षक मनमाना कार्य कर रहे हैं।

जिले में 43 राजकीय, 78 अनुदानित और 650 वित्तविहीन कॉलेज संचालित हैं। शिक्षकों का डाटा माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड है। डाटा के आधार पर शिक्षकों को यूनिक आईडी परिषद की ओर से जारी की गई है। ऑनलाइन दर्ज शिक्षकों के डाटा के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य के लिए लगाई है। मूल्यांकन कार्य से पहले कॉलेजों को परिषद की ओर सूची जारी कर दी गई। परिषद ने शिक्षकों को अनिवार्य रूप से मूल्यांकन का आदेश दिया है। परिषद ने डीआईओएस को भी निर्देश जारी किया है कि मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों सूची कर उपलब्ध कराई जाए। डीआईओएस की ओर से उपलब्ध सूची के आधार पर मूल्यांकन कार्य न करने वाले शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद अधिकांश राजकीय, अनुदानित कॉलेजों के शिक्षक ड्यूटी करने को तैयार नहीं हैं। सभी मूल्यांकन केंद्रों से ड्यूटी न करने वाले परीक्षकों और डिप्टी हेड की सूची मंगाई गई। गैरहाजिर रहने वाले शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस डॉ राजेश कुमार ने ने बताया कि सूची शीघ्र माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेज दी जाएगी।

### अब तक जंची 2,99,868 उत्तर पुस्तिकाएं

बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में अब हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की 299868 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। होली के अवकाश के बाद 85017 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। अब तक हुए मूल्यांकन में आवंटित 1870 परीक्षकों के स्थान पर विभिन्न दिवसों में 972 परीक्षकों द्वारा ही योगदान दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार अब तक गैरहाजिर 898 परीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई प्रचलित है।

## नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी चंद्र प्रताप सिंह

**पूरा बाजार, अयोध्या।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रमुख समाजसेवी ग्राम भदौली निवासी चंद्र प्रताप सिंह का निधन उनके पैतृक आवास ग्राम भदौली में हो गया। वह क्षेत्र में मालिक के नाम से प्रख्यात थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक अभय सिंह, पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे, स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह, उप ब्लाक प्रमुख रणविजय सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।


चंद्र प्रताप सिंह (फाइल फोटो)

## डीएम और एसपी ने पैदल मार्च कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** होली और रमजान को लेकर संवेदनशील क्षेत्र टांडा के नगर क्षेत्र में जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और अर्ध सैनिक बलों के साथ नगर क्षेत्र के प्रमुख पर पैदल मार्च कर जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।


**राजर्षि दशरथ स्वायत राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या,**

**उत्तर प्रदेश में रिक्ति के लिए विज्ञापन**

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों (समय संवेदनशील और अन्य आपातकालीन) के बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए सुविधा–आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल नामक परियोजना में रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**विवरण नीचे उल्लिखित हैं।**

| क्रम सं0 | पद | पदों की संख्या | योग्यता | आयु सीमा | वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रोजेक्ट नर्स | 4 | **आवश्यक:** न्यूनतम द्वितीय श्रेणी या समकक्ष सीजीपीए चार वर्षीय नर्सिंग पाठ्यक्रम **वांछनीय:** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी। | 35 साल | ICMR के अनुसार स्टाफ नर्स रु. 28,000/ +2,520 (9% HRA) मासिक |

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04th April 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु–सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
'चयनित उम्मीदवार से तत्काल ज्वाइनिंग का अनुरोध किया जाता है।
आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं:
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSeRnthhj50aUtgkKZClesNneYLajqK10p09dmv oXt YlgeDA/viewform?usp=sf _link

**डॉ. सत्यजीत वर्मा**
साइट प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर एवं एचओडी
सर्जरी विभाग आरडीएएसएमसी अयोध्या, उत्तर प्रदेश


## 269 वाहनों को चेक कर 10 का काटा चालान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद में शान्ति और कानून व्यवस्था को देखते हुए समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना, चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले बैंकों तथा प्रमुख चैराहों पर विशेष चेकिंग की गई। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ियों तथा काली फिल्म वाली गाड़ियों व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की विशेष रूप से चेकिंग की गई। साथ ही दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट घूमने वाले लोगों की सघन चेकिंग कर यातायात नियमों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कुल 269 वाहनों को चेक कर 10 वाहनों का चालान काटा गया।

# विकसित राष्ट्र के लिए डॉ. लोहिया के सिद्धांतों को अपनाना होगा: प्रो. शक्ति

▸▸ भारत में आर्थिक विषमता राष्ट्र के लिए मुख्य चुनौती: प्रो. सिन्हा

अयोध्या कार्यालय


मुख्य अतिथि का स्वागत करते विभाग के शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में डॉ लोहिया की जयंती पर परिसर स्थित लोहिया वाटिका में लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शनिवार को कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. विनोद श्रीवास्तव, दिलीप पाल, आशीष प्रजापति, अनिल कुमार, शैलेश मिश्रा सहित अन्य ने डॉ. लोहिया की प्रतिमा माल्यार्पण किया।

वहीं दूसरी ओर डॉ. लोहिया जयंती की पूर्व संध्या पर अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्तमान आर्थिक परिदृश्य एवं डॉ. लोहिया के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर लोहिया स्मृति व्याख्यान एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. शक्ति कुमार, चेयरमैन, सेंटर फॉर इकोनॉमिक स्टडीज एण्ड प्लानिंग, जवाहरलाल नेहरू, विश्वविद्यालय ने भारत के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य का विस्तृत विश्लेषण किया। बताया कि प्रति व्यक्ति आय एवं एच.डीआई. के आधार पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोहिया जी के सिद्धांतों पर चलना होगा। भारत की प्रति व्यक्ति आय काफी कम है। अध्यक्षता कर रहे कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने भारत में आर्थिक विषमता के निरंतर बढ़ने को राष्ट्र के लिए मुख्य चुनौती बताया। उन्होंने बताया कि भारत में समावेशी एवं सतत विकास बिना डॉ. लोहिया के समाजवाद को अपनाए संभव नहीं होगा। अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. मृदुल मिश्रा ने कहा लोहिया जी के कार्य एवं विचारों से सभी लोगों को प्रेरणा लेने हुए राष्ट्र की सेवा के लिए अपना योगदान देना होगा। प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने संचालन व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रिया कुमारी द्वारा किया गया। विज्ञान संकायाध्यक्ष, प्रो. राजीव गौड़, डॉ. संजय चौधरी डॉ. सरिता द्विवेदी, डॉ. रचना, डॉ. अल्का श्रीवास्तव, आशीष प्रजापति, अनिल कुमार, डॉ. सुभाष आदि मौजूद रहे।


शहादत दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते वक्ता।

## शहीद भगत सिंह के विचारों का समाज को जरूरत : सूर्यकांत

**अयोध्या कार्यालय , अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने कहा है कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचार मौजूदा समय में सबसे अधिक प्रासंगिक है। आजादी के बाद सरकारों ने शहीदों के सपने को साकार करने में बाधा पैदा किया। संस्थान द्वारा शनिवार भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पाण्डेय ने कहा कि शहीदों के विचारों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाने का दायित्व मौजूदा समाज के लोगों का है। सरकारें क्रांतिकारी आंदोलन से डरतीं है। समारोह की अध्यक्षता पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रीतम सिंह तथा संचालन संस्थान के अध्यक्ष ज़फ़र इक़बाल ने किया। समारोह के आयोजक संस्था के सेक्रेटरी विश्व प्रताप सिंह अंशू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह का शुभारंभ शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। अयोध्या धाम चेरेटेबुल ट्रस्ट के संजय महेन्द्रा, जसवीर सिंह सेठी, कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान भोलू, विकास सोनकर, नीशू जायसवाल, जुनैद लाईन, उमेश श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


समाजवादी पार्टी कार्यालय पर डॉ लोहिया को श्रद्धासुमन अर्पित करते कार्यकर्ता।

## जयंती पर सपाइयों ने लोहिया को किया नमन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला और महानगर कमेटी द्वारा सुबह चौक में लोहिया मंडप पर लोहिया मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम आदि मौजूद रहे। वहीं, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में शिक्षक सभा के जिला महासचिव डॉ. घनश्याम यादव के संयोजन में मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पार्टी कार्यालय पर गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, जिला महासचिव बख्तियार खान, प्रदेश सचिव मो. हलीम पप्पू ने लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया जिनमें से एक राममनोहर लोहिया एक थे। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू, छोटेलाल यादव, डॉ शिक्षक सभा के दान बहादुर सिंह, आकिब खान, अरौनी पासवान, शावेज़ जाफरी एडवोकेट, बाबूराम आदि मौजूद रहे।


**राजर्षि दशरथ स्वायत राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या,**

**उत्तर प्रदेश में रिक्ति के लिए विज्ञापन**

आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित समय) स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सभी स्तरों पर रेड ट्राइएज रोगियों संवेदनशील और अन्य आपातस्थितियों के बीच गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए (शीर्षक वाली ''आधारित आपातकालीन देखभाल प्रणाली को मजबूत करने के लिए अनुकूली मॉडल–सुविधा रिक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**विवरण नीचे उल्लिखित हैं। परियोजना में**

| क्रम सं0 | पद | पदों की संख्या | योग्यता | आयु सीमा | वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | परियोजना अनुसंधान वैज्ञानिक (चिकित्सा) | 1 | **आवश्यक:** एमबीबीएस/एमवी एससी / बीडीएस **वांछनीय:** आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में नैदानिक/ अनुसंधान अनुभव (एक वर्ष) को प्राथमिकता दी जाएगी। | 35 साल | ICMR के अनुसार वैज्ञानिक रु. 67,000/ +6,030 (9% HRA) मासिक |

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04th April 2024 शाम 5:00 बजे तक है। केवल लघु–सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं:
https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSe600pej041-TriHt4ec5AFPR35lelbYfm7JgD93BCXNW2D4w/viewform?usp=sf link

**डॉ. सत्यजीत वर्मा**
साइट प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर एवं एचओडी
सर्जरी विभाग आरडीएएसएमसी अयोध्या, उत्तर प्रदेश



**बड़ौदा यू.पी. बैंक Baroda U.P. Bank** — **कब्जा सूचना** — क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट- साहेबगंज, जिला-अयोध्या- 224001 (यू.पी.)

**कब्जा सूचना (नियम 8(2) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जबकि अधोहस्ताक्षरी जोकि **बड़ौदा यू.पी. बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी है, द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार ऋणियों को मांग नोटिस जारी किया गया था। जिसके अनुसार मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित धनराशि का भुगतान बैंक को करने की सूचना ऋणियों/जमानतकर्ता को दी गई थी। ऋणियों द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान करने में असफल रहने पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम (8) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ऋणियों/उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दी गई सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। ऋणियों/जमानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। ऋणियों को विशेष रूप से व जनसाधारण को सामान्य रूप से एतदद्वारा विषयगत सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार **बड़ौदा यू.पी. बैंक** के अधोवर्णित प्रभारों व देय ब्याज/खर्चों के अधीन होगा।

| खाता/उधारकर्ता का नाम (सम्पत्ति के मालिक) | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरणी | (अ)मांग नोटिस की तिथि (ब)सांकेतिक कब्जा की तिथि (स)मांग नोटिस के दिन तक बकाया शेष |
|---|---|---|
| **उधारकर्ता–मैसर्स सिंह बिल्डिंग मटेरियल** प्रो. श्री कमलजीत सिंह पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, पता – साईं दाता कुटिया बाईपास, जनौरा, जिला–अयोध्या 224001 एवं **श्री कमलजीत सिंह** पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह, आवासीय पता–1084 जनौरा फैजाबाद जिला–अयोध्या 224001 | संपत्ति/भूमि प्लॉट नंबर 319 मि, क्षेत्रफल–1125 वर्ग फीट, पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 930 दिनांक–24.02.2007 के माध्यम से खरीदा गया, ग्राम जनौरा (एएनपी), परगना–हवेली अवध, तहसील–सदर, जिला–अयोध्या में स्थित है। **स्वामी–श्री कमलजीत सिंह पुत्र श्री अशोक कुमार सिंह सीमाएँ (डीड के अनुसार):** पूर्व–रास्ता 10, पश्चिम–सुदामा सिंह का घर, उत्तर–श्रीमती प्रेमलता सिंह का घर, दक्षिण–राम प्रकाश का घर | (अ) **05.01.2024** (ब) **19.03.2024** (स) रू. **8,33,274.00** दिनांक 31.12.2023 से अप्रयुक्त ब्याज + अन्य खर्चे |

दिनांक 24.03.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी–बड़ौदा यू.पी. बैंक






































NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





13वां रोजा

शिया
सहरी : 04.37 बजे
इफ्तार : 06.24 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 35 बजे
इफ्तार : 06.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# डीएम ने मतदाताओं को किया जागरूक, बीएलओ को दिए निर्देश

## जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए किया प्रोत्साहित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** विधानसभा क्षेत्र जलालपुर के नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के कक्ष संख्या 16 में लोकसभा चुनाव 2019 में सबसे कम मतदान प्रतिशत था। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसके तहत उन्होंने वहां उपस्थित मतदाताओं से वार्तालाप किया और यह जानने की कोशिश किया कि मतदान प्रतिशत कम होने के कारण क्या है और उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाई गई व उपस्थित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में लोगों को मतदान के लिए शपथ दिलाते उपजिलाधिकारी सौरभ सिंह व साथ में जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

बता दें कि जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप योजना के तहत जनपद की समस्त विधानसभाओं में कुल 100 लोएस्ट टर्न आउट वाले मतदान केंद्रों को चिन्हित किया है। इन मतदान केंद्रों पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में सबसे कम मतदान प्रतिशत था। 100 लोएस्ट टर्न आउट मतदेय स्थलों में कम मतदान प्रतिशत के कारण पता किया जाएगा कि किन कारणों से मतदाताओं द्वारा यहां रुचि नहीं ली जा रही है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी अनुराग जैन, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त बीडीओ, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार अकबरपुर, सिकंदरपुर को लोएस्ट टर्न आउट मतदेय स्थलों और संबंधित क्षेत्र में जाकर इसका कारण पता करने व जन जागरूकता द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य किए जाने का आदेश जारी किया गया है।

### जन जागरुकता के लिए करेंगे नुक्कड़ नाटक व रैली

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोएस्ट पांच मतदेय स्थलों पर स्वयं भी जाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए उनमें आने वाली समस्याओं को दूर किया जाएगा और आम जनमानस से वार्ता कर उन्हें अधिक से अधिक मतदान में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए स्वीप योजना के अंतर्गत जन जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, नुक्कड़ नाटक व रैली आदि के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### डीएम ने 5 मतदेय स्थलों को लिया गोद

जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले एक और कुल पांच मतदेय स्थलों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गोद लेने का निर्णय लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मतदाताओं से अपील किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महा पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### संविदा कर्मियों को मिला बीमा का लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा पर कार्यरत जनपद के करीब 900 कर्मचारियों को अब बीमा का लाभ मिलेगा। शासन ने इसको लेकर मंजूरी दे दी है। जिसमें मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध कर्मचारियों को 30 लाख तक का टर्म इन्श्योरेंश दिया जाएगा। जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को सभी कर्मचारियों का डाटा मानव सम्पदा पर फीड कराने के निर्देश दिए हैं। जिला अध्यक्ष बंशमणि पांडेय ने बताया कि जनपद में वर्तमान में लगभग 900 कर्मचारी जिला चिकित्सालय मे मेडिकल कॉलेज, सीएचसी, पीएचसी, उपकेंद्र, एचडब्लूसी और सीएमओ ऑफिस और जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में विभिन्न पदों पर कार्यरत है। उनको अब बीमा का लाभ मिलेगा।

### पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना जहांगीरगंज क्षेत्र में पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक शिव कुमार यादव ने अभियुक्त कमल देव पुत्र धर्मराज निवासी गुवांवा जमालपुर थाना मालीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं थाना कटका क्षेत्र में उप निरीक्षक विनीत सिंह ने विभिन्न मुकदमों में वारंटी अभियुक्त गिरधारी पुत्र सीताराम निवासी निमटनी थाना कटका को गिरफ्तार किया है।

### गैंगेस्टर के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना अहिरौली क्षेत्र में पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को थाना अहिरौली पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट में नामजद वांछित रोहित कन्नौजिया पुत्र वंशीलाल कन्नौजिया निवासी शेखपुर मलपुरा थाना आलापुर को इन्दईपुर चैराहा थाना आलापुर से दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेस कर जेल रवाना कर दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में अशोक कुमार यादव, कांस्टेबल विवेकानन्द यादव, कांस्टेबल नेपाल सिंह, कांस्टेबल आकाश गुप्ता शामिल रहे।

# होली को लेकर बाजारों में रौनक

## अबीर-गुलाल और आकर्षक पिचकारियां खरीदते दिखें लोग, चिप्स व गुझिया की सजीं दुकानें

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार गुलजार हो गए हैं। अकबरपुर नगर समेत अन्य क्षेत्रों में बाजारों में दुकानें सजने लगी हैं। अबीर-गुलाल और रंग के साथ ही अलग-अलग प्रकार की आकर्षक पिचकारियों समेत पापड़, चिप्स और गुझियां की भी दुकानें सजधज कर तैयार हो गई हैं। रंगों का पर्व होली का उल्लास जनपद में दिखने लगा है। जगह-जगह आकर्षक पिचकारियों, अबीर-गुलाल और रंग की दुकानें सज गई हैं। रंगों में हर्बल रंग और हर्बल अबीर, गुलाल की उप्लब्धता दुकानों पर अधिक है।

अकबरपुर नगर के शहजादपुर में पिचकारी दुकानदार शाहिद ने बताया कि इस बार होली पर दुकानदारी पहले की अपेक्षा ठीक है। अकबरपुर बस स्टेशन पर अबीर, गुलाल की दुकान लगाने वाले आयुष ने बताया कि रंग की मांग को देखते हुए ज्यादातर रंग हर्बल रखे हैं। 20 रुपए से सवा दो सौ रुपए तक के पैकेट की बिक्री की जा रही है। हर्बल रंगों की



शहजातपुर बाजार में होली को लेकर बच्चों के लिए पिचकारी खरीदते परिजन।



शहजातपुर बाजार में होली को लेकर सजी पापड़, चिप्स की दुकानें।

बिक्री ज्यादा हो रही है। रंगों के पर्व होली पर युवाओं ने इस बार भी होली की तैयारियां की हैं। अकबरपुर नगर के शहजादपुर चौक में जहां कपड़ा फाड़ होली का चलन सबसे ज्यादा है। वहीं टांडा, जलालपुर, बसखारी समेत अन्य क्षेत्रों में भी युवाओं के बीच होली की तैयारियों ने जोर पकड़ रखा है। इस बीच किसी भी प्रकार की हुड़दंग से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। पिछले कुछ वर्षों से कपड़ा फाड़ होली खेले जाने का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। पहले तो सिर्फ शहरी क्षेत्र में ही कपड़ा फाड़ होली खेली जाती थी, लेकिन अब यह सिलसिला ग्रामीण क्षेत्रों में भी शुरू हो गया है।

### होली को लेकर अस्पतालों में बेड किए गए आरक्षित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। स्वास्थ्य महकमा होली के त्योहार को लेकर अलर्ट हो गया है। जिला अस्पताल में 10 और जनपद के सभी सीएचसी और पीएचसी में पांच-पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। साथ ही इमरजेंसी और लेबर रूम में चिकित्सकों की विशेष ड्यूटी लगाई गई हैं। होली के त्योहार पर 108 और 102 एंबुलेंस सेवाएं भी हाई अलर्ट पर रहेंगी। सीएमएस डॉ. ओमप्रकाश ने बातया कि जिला अस्पताल में होली को देखते हुए 10 बेड आरक्षित किए गए हैं। साथ ही इमरजेंसी में होली के दिन तीन चिकित्सकों की तैनाती की गई हैं। वहीं अन्य चिकित्सक भी फोन पर रहेंगे। जरूरत पड़ने पर उन्हें भी अस्पताल बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि साथ ही सभी 10 सीएचसी व 29 पीएचसी पर भी होली को देखते हुए पांच-पांच बेड आरक्षित किए गए हैं। सीएमओ कार्यालय के अनुसार सभी सीएचसी और पीएचसी पर इमरजेंसी में एक-एक चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है।

### सीएचसी पर तैनात संविदा कर्मियों को नौ माह से नहीं मिला वेतन

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात संविदा कर्मियों के लिए होली का त्योहार दुखदाई साबित हो रहा है। सीएचसी पर तैनात संविदा कर्मियों को अभी तक भुगतान नहीं हो सका है। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी पिछले 9 माह से विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे हैं अपने नौ माह के बकाया मानदेय को लेकर संविदाकर्मियों ने संबंधित कंपनी के खिलाफ सीएमओ से शिकायत भी किया था। सीएमओ ने जल्द ही मानदेय अवमुक्त कराने का आश्वासन भी दिया। इसके पहले भी कर्मचारी बकाए भुगतान को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दे चुके है। स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बसखारी में गार्ड के रूप में बृजेश, अवधेश व कृष्ण कुमार तथा वार्ड आया के रूप में शर्मिला, वार्ड बॉय दुर्गा प्रसाद और रीना को स्वीपर के रूप में गोयल टेक्नो इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड की देखरेख में तैनाती दी है। लगातार संविदा कर्मी अपने कार्यों को संपादित कर रहे हैं लेकिन वेतन न मिलने से उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। पिछले दिनों उन्होंने सीएमओ डॉक्टर राजकुमार से मिलकर मानदेय अवमुक्त कराने की मांग की थी, लेकिन अभी तक उनका बकाया मानदेय नहीं मिल सका है जिससे उनकी होली दुखदाई साबित हो रही है।

# प्रेमिका के घर गए प्रेमी की चाकूओं से गोदकर हत्या

- पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का किया निरीक्षण
- सात लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ, आलाकत्ल बरामद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में प्रेमिका से मिलने उसके घर गए प्रेमी की चाकू गोंदकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

बता दें कि प्रेमिका की शादी तय हो गई थी, जिसके कारण युवक नाराज चल रहा था और वह अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर पर चला गया। वहां पर पहुंचने के बाद युवती के परिजनों से युवक का झगड़ा हो गया। परिजनों ने युवक पर चाकू से कई वार कर दिया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवती के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर किसी तरह से मामला शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक अंकित (29) वर्ष जलालपुर थाना क्षेत्र के पक्खरपुर गांव का निवासी है। वह सम्मनपुर थाना क्षेत्र के मेवड़िया निवासी अपनी फुफेरी बहन की ननद प्रियंका से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। सम्मनपुर थानाध्यक्ष रोजेश सिंह ने बताया कि मामले में सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी ने बताया कि युवक की चाकू से गोदकर हत्या का मामला सामने आया है। हत्या में संलिप्त आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आलाकत्ल बरामद कर लिया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।



एफएसटी टीम को प्रशिक्षित करते अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय।

# एफएसटी टीम को किया गया प्रशिक्षित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में लोहिया भवन सभागार अकबरपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने के लिए 30 एफ एसटी टीम को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा विस्तार पूर्वक, स्टेप बाई स्टेप और निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों से टीम कार्मिकों को बताया गया। एफएसटी टीम को बताया गया कि निर्वाचन के दौरान मिली शिकायतों का समय अंतर्गत निस्तारण किया जाना है। प्रशिक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षित कार्मिकों से जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण का उद्देश्य लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराना है। जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश से वर्तमान में 15 टीमें संचालित हैं जो कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# 600 किलो लहन किया गया नष्ट

- शराब बनाने का उपकरण बरामद, 25 लीटर कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** थाना आलापुर पुलिस टीम, थाना राजेसुल्तापुर पुलिस टीम, थाना जहांगीरगंज पुलिस टीम और आबकारी टीम ने ऑपरेशन गरल के तहत 600 किलोग्राम लहन और शराब बनाने के उपकरण बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने एक अभियुक्त को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी और उपजिलाधिकारी आलापुर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी आलापुर के कुशल नेतृत्व में शनिवार को थाना आलापुर पुलिस टीम, थाना जहांगीरगंज पुलिस टीम, थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस टीम और आबकारी टीम द्वारा थाना आलापुर क्षेत्र के केवटाही रामनगर गांव में शनिवार को ड्रोन कैमरे से पूरे गांव में सर्च आपरेशन चलाया गया और अवैध शराब की बरामदगी के लिए दबिश दी गई। दबिश के दौरान 600 किग्रा लहन और शराब बनाने के उपकरण टीम ने बरामद कर मौके पर नष्ट किया है। वहीं कार्रवाई के दौरान एक अभियुक्त राम अचल पुत्र स्व. बाबूलाल निवासी रामनगर महुअर (जत्रवा) को 25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ जत्रवा केवटाही बउलिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने बताया कि भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण और लहन बरामद किया गया है। एक अभियुक्त को 25 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।



कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार अभियुक्त। अमृत विचार

# तारकेश्वर मिश्र को अर्धनारीश्वर सम्मान से किया गया अलंकृत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शिक्षक कवि डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ कविता और साहित्य में अपना योगदान करते आ रहे हैं। दर्जनों व्यक्तिगत और साझा काव्य संग्रह के रचनाकार डॉ. जिज्ञासु ऑनलाइन और ऑफलाइन कवि सम्मेलनों में काव्य पाठ के साथ-साथ संचालक की भूमिका का बेहतर किरदार निभाते हैं। जिज्ञासु के खाते में पुरस्कार और सम्मानों की एक लंबी फेहरिस्त है। इसी कड़ी में साहित्य एवं सभ्यता को समर्पित देश की अग्रणी संस्था कवि स्पर्श ने डॉ. जिज्ञासु को अर्धनारीश्वर सम्मान प्रदान किया है। जिज्ञासु के सम्मान पर सोशल मीडिया पर कवियों, साहित्यकारों, शिक्षकों और समाजसेवियों द्वारा बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है।



डॉ. तारकेश्वर मिश्र जिज्ञासु।

कार्यालय तहसीलदार गोण्डा
पत्रांक- 8 / क0वा0न0 / वसूली / 2024
दिनांक 23 मार्च 2024
प्रेस विज्ञप्ति
बाकीदार श्री धनलाल पुत्र मोहन निवासी मौहरिया गिर्द गोण्डा, परगना, तहसील व जिला गाण्डा के विरूद्ध परिवार न्यायालय से गुजारा भत्ता की मु0 75,600/- रूपये की वसूली प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें नियमानुसार कार्यवाही के अन्तर्गत बाकीदार के विरूद्ध अचल सम्पत्ति कुर्की दिनांक-12.03.2024 को उपजिलाधिकारी के आदेश अनुसार गाटा संख्या-1293/0.0400, 1303/0.0320 व 1386/0.1420 कुर्क कर लिया गया है, कुर्क शुदा सम्पत्ति की नीलामी दिनांक-28.03.2024 को नीलाम अधिकारी द्वारा नियत की गई है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

तैयारियां — एएसपी विशाल पांडेय ने कहा-प्रमुख होलिका दहन वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों की होगी तैनाती

# जनपद में करीब दो हजार जगहों पर होगा होलिका दहन

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर।

**अमृत विचार।** होली के त्योहार से एक दिन पहले जनपद में करीब दो हजार स्थानों पर होलिका का दहन होगा। धार्मिक माहौल में विधि-विधान पूर्वक होने वाले होलिका दहन को लेकर संबंधित क्षेत्र के लोगों और समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही होलिका दहन और होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि प्रमुख होलिका दहन वाले स्थानों पर पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की जाएगी।

शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जिन स्थानों पर होलिका का दहन किया जाना है वहां लकड़ियां रखने का सिलसिला शुरू हो गया है। संबंधित क्षेत्र के लोगों और समितियों से जुड़े लोगों द्वारा लकड़ियां एकत्र किए जाने का काम तेजी से किया जा रहा है।



होलिका दहन के लिए रखी गई लकड़ियां।

अकबरपुर नगर, टांडा, भीटी, कटेहरी और जलालपुर क्षेत्र में होलिका का दहन धूमधाम से किया जाएगा। अकबरपुर तहसील क्षेत्र के शहजादपुर चौक, पटेलनगर तिराहा, तहसील तिराहा, बस स्टेशन क्षेत्र, श्रीराग तिराहा, दोस्तपुर चौराहा, पहितीपुर चौराहा, बनगांव तिराहा समेत अन्य क्षेत्रों में होने वाले होलिका दहन के लिए लकड़ियां एकत्र करना शुरू कर दिया गया है। इसी प्रकार जलालपुर नगर के मित्तपुर रोड, स्टेट बैंक के सामने, घसियारी टोला, महमदपुर, वाजिदपुर, जमौली समेत कई अन्य स्थानों पर विधि-विधान पूर्वक होलिका दहन होगा। इसके अलावा टांडा के हयातगंज, छोटी बाजार, आर्यकन्या के सामने, नैपुरा, चिंतौरा समेत अन्य जगहों पर होलिया का दहन उल्लासपूर्वक होगा।

### यह है शुभ मुहूर्त

पंडित अक्षय तिवारी ने बताया कि 24 मार्च की रात 10 बजकर 27 मिनट से 25 मार्च को सुबह पांच बजकर 57 मिनट तक शुभ मुहूर्त है। 10 बजकर 27 मिनट से रात में 11 बजकर 13 मिनट तक भद्रा रहेगा। ऐसे में भद्राकाल समाप्त होने के बाद ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा।

सूचना
सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड वर्ष 2016 अनुक्रमांक 250 4180 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र कहीं खो गया है। **राजकुमार पुत्र अमिरका प्रसाद, निवासी- ग्राम बनकटवा थारू, जिला बलरामपुर**

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा
राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक/यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरण:** टेण्डर नं.:- "58-जीकेपी-एमडब्लूएस-2023-24-1" "रिमूवल/डिस्माउंटिंग ऑफ रोलर बेयरिंग एंड ऐक्स्ल बॉक्स हाउसिंग एंड क्लीनिंग ऑफ फ्रंट एंड रियर कवर ऑफ आईसीएफ एंड मेमू कोचिंग व्हील इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर फॉर 1 ईयर", **अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 36,19,260.00, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 72,400.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 15.04.2024, 11.00 बजे, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रू शून्य, **संविदा की अवधि:** 12 माह, **नोट:** उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।
उप मुख्य यांत्रिक इंजी./रिपेयर, यांत्रिक कारखाना गोरखपुर
मुजाधि/यांत्रिक-142
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

# होलिका दहन आज, कल होगी रंगों की बौछार, बाजार में उमड़े लोग

## सरकारी कार्यालयों और अन्य प्रतिष्ठानों में लोगों ने होली खेलकर एक-दूसरे को दी बधाई, स्कूल-कॉलेजों में युवाओं ने खूब मचाया धमाल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** होली का पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाता है और रंगोत्सव अगले दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि के दिन मनाया जाता है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च और रंगोत्सव 25 मार्च को मनाया जाएगा। होली के पर्व को लेकर शनिवार को दिन भर बाजार ग्राहकों से भरा रहा। लोगों ने अबीर गुलाल, पिचकारी, गुझिया, मिठाई व कपड़ों का जमकर खरीदारी की।

सरकारी कार्यालयों व अन्य प्रतिष्ठानों में लोगों ने होली खेली और एक-दूसरे को बधाई दी। वहीं स्कूल कालेजों में भी बच्चों व युवाओं ने जमकर धमाल मचाया और एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। शनिवार को हर तरफ होली का खुमार नजर आया।

रंग, अबीर, गुलाल संग पिचकारी की बिक्री खूब हुई। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी के बाद होली खेली गई। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी अबीर-गुलाल उड़ाया। करनैगंज के प्राथमिक विद्यालय प्रहलादगंज में सहायक शिक्षिका शालिनी ने बच्चों संग होली खेली।

तरबगंज के प्राथमिक विद्यालय खानपुर में भी शिक्षकों ने बच्चों को रंग गुलाल लगाकर होली का त्योहार मनाया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा ने बच्चों से कहा कि वह केमिकल वाले रंगों से दूर रहें। होली पर आपसी भाईचारा बना रहे, आपसी सद्भाव के साथ हम सभी इस पर्व को उल्लासपूर्वक मनाएं।


बाजार में होली पर्व पर सजी अबीर-गुलाल की दुकानें। अमृत विचार


तरबगंज के प्राथमिक विद्यालय खानपुर में होली खेलते बच्चे और शिक्षक। अमृत विचार


करनैलगंज के प्राथमिक विद्यालय प्रहलाद गंज में बच्चों के साथ सेल्फी लेती शिक्षिका।

### बंद रहेंगी शराब की दुकानें

होली पर शराब व भांग की दुकानें बंद रहेंगी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शनिवार को आदेश जारी किया है। इसमें कहा कि शनिवार रात 10 बजे के बाद से सोमवार शाम पांच बजे तक शराब, बीयर व भांग की दुकानें बंद रहेंगी।

### उत्साहपूर्वक मनाएं होली



"उत्साह व उमंग से होली मनाएं। प्रेम व सौहार्द बनाए रखें। रासायनिक रंगों के के प्रयोग से बचें। हर्बल रंगों का प्रयोग करें।"

–नेहा शर्मा, डीएम

### मुस्तैद रहेगी पुलिस



"होली पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहेगी। अधिकारियों को भ्रमण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस गश्त करेगी।"

–विनीत जायसवाल, एसपी

# केमिकल रंगों से रहें दूर, त्वचा और आंखों का करें बचाव

**सलाह**
- होली को लेकर जिले भर के अस्पताल अलर्ट मोड पर
- डॉक्टरों की छुट्टियां निरस्त इलाकों में एंबुलेंस तैनात

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** होली के हुड़दंग से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार है। जिले के 70 अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। दुर्घटना बाहुल्य इलाकों में एंबुलेस तैनात की गई है। सीएमएस डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि होली को लेकर जिला अस्पताल, महिला अस्पताल सहित 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे खुले रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के किए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमें पूरी तरह से तैयार हैं। जिला स्तरीय अस्पताल में दस-दस बेड व सीएचसी पर पांच-पांच बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। लोगों से केमिकल वाले रंगों से दूरी बनाने की अपील की जा रही है।

### रंग खेलते समय बरते सावधानी

होली खेलने से पहले अपने पूरे शरीर पर तेल लगा लें। सरसों के तेल की जगह नारियल का तेल लगाना बेहतर विकल्प है। रंग छुड़ाते समय बहुत अधिक साबुन का इस्तेमाल न करें। इससे त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। रंग छुड़ाते समय मुंह और आंखें बंद रखें। ध्यान रखें कि रंग का पानी कान में न जाए। अगर आपको जलन या धुंधलापन लगे, सांस लेने में दिक्कत हो रही हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। एसीएमओ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जय गोविंद का कहना है कि बाजारों में मिलने चाला केमिकल युक्त रंग आंखों व त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। रंग खेलें भी तो आंखों का विशेष ध्यान रखें। आंख में केमिकल वाले रंग पड़ने से खुजली, संक्रमण व अल्सर का खतरा बढ़ जाता है। आंख में रंग पड़ने के बाद तुरंत साफ पानी से धोएं। करीबी अस्पताल में जाकर नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें। प्रयास करें कि हर्बल अबीर व गुलाल से ही होली खेलें।

### इमरजेंसी में करें फोन

- डॉ. जयंत कुमार (एडी हेल्थ) 8005192619
- डॉ. रश्मि वर्मा (सीएमओ) 800519265
- डा अनिल कुमार (सीएमएस) 8005192753
- डॉ. जयगोविंद (नेत्र रोग विशेषज्ञ) 7905346668

# होलिका दहन पर भद्रा का साया, रात 11:13 बजे के बाद जलाएं होली

**गोंडा कार्यालय।** होली का पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाता है और रंगोत्सव अगले दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि के दिन मनाया जाता है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च और रंगोत्सव 25 मार्च को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। होलिका दहन पर इस साल चंद्रग्रहण के साथ साथ भद्रकाल का साया भी रहेगा। अयोध्या धाम के ज्योतिष विशेषज्ञ पंडित अमरनाथ शास्त्री का कहना है कि इस साल करीब 100 साल बाद होली पर चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। 24 मार्च को पूर्णिमा तिथि का आरंभ सुबह 9 बजकर 56 मिनट से होगा और 25 तारीख में सुबह 12 बजकर 30 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त हो जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूर्णिमा तिथि में भद्रा रहित समय में ही होलिका दहन किया जाता है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च और रंगोत्सव 25 मार्च को मनाया जाएगा। पं अमरनाथ शास्त्री ने बताया कि 24 मार्च को भद्रा पूर्णिमा तिथि के आरंभ होने के साथ ही लगी रही है और रात में 11 बजकर 13 मिनट तक भद्रा रहेगी। ऐसे में भद्राकाल समाप्त होने के बाद ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा। उन्होने कहा कि होलिका दहन पर चंद्रग्रहण को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है कि चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। जबकि इस बार होली पर कोई चंद्रग्रहण नहीं है। जो उपछाया चंद्रग्रहण लगने जा रहा है वह भारत में नहीं दिखाई देगा। इसलिए भारत में इसका सूतक काल भी मान्य नहीं रहेगा। इसलिए इसका दान आदि करने की भी विधान मान्य नहीं रहेगा।


पंडित अमरनाथ।

### इस विधि से करें होलिका दहन, मिलेगा विशेष फल



होलिका दहन के लिए लकड़ियों को इकट्ठा करें। इसके बाद कच्चा सूत से तीन या सात बार इनको लपेट लें।इसके बाद सभी लकड़ियों पर थोड़ा गंगाजल डालकर उन्हें शुद्ध कर लें। इसके बाद उन पर पानी, फूल और कुमकुम छिड़ककर पूजा करें।पूजा उनकी के लिए माला रोली, अक्षत, साबुत हल्दी, गुलाल, नारियल, बताशे-गुड का प्रयोग करें। इसके बाद होलिका की पूजा करें और फिर होलिका की कम से कम 5 या 7 परिक्रमा करें।इस बात का खास ख्याल रखें की होलिका की पूजा करते समय आपका मुख पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए।

**होली का उत्साह**


नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर में होली खेलतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

## एनएसएस शिविर में रंगोली स्पर्धा का किया आयोजन

**रुपईडी, अमृत विचार:** सिद्धीविनायक महाविद्यालय पिपरा बाजार के तत्वावधान में किसान इंटर कॉलेज बराराय में सात दिनों से चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन रंगोली, मेंहदी व निबंध प्रतियोगिता के साथ शुक्रवार को संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओ पी मिश्र, प्रधानाचार्य डॉ कल्पना पाठक, कार्यक्रमाधिकारी अर्चना मिश्र, प्रशासक आशीष कुमार पाठक, लायक राम पांडेय, शिव मंगल पाठक, आरती तिवारी आदि लोग उपस्थित रही।

# होली प्यार भरे रंगों से सजा हुआ त्योहार

**बेलसर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद गोंडा के तत्वाधान में फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कॉलेज में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि होली प्यार भरे रंगों से सजा हुआ पर्व है यह पर्व धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन को तोड़कर भाईचारे का संदेश देता है। जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्यौहार है। इस दौरान शिक्षकों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री दिलीप सिंह, राजेश सिंह, उपाध्यक्ष डॉ शिवानंद नंदू, संरक्षक बृजेश द्विवेदी, दीपक चौबे, अरविंद कुमार शुक्ला, संतोष मिश्रा, के के सिंह, प्रदीप पांडे समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।


उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने खेली होली। अमृत विचार

## उमंग: होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं से मिले विधायक


परसपुर में विधायक को गुलाल लगाते कार्यकर्ता।


**परसपुर, अमृत विचार :** शनिवार को करनैलगंज विधायक अजय सिंह के आवास पर विधानसभा के परसपुर व गोपालग्राम मंडल के मंडल पदाधिकारियों व शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी तथा बूथ अध्यक्षों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को अबीर गुलाल लगाकर गले मिल रंगोत्सव होली की शुभकामनाएं दी।विधायक अजय सिंह ने कहा कि होली का त्यौहार हमें एक दूसरे के शिकवे गिले भुलाकर गले लगने का पर्व है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं के त्याग,लगन व परिश्रम के बल पर ही भाजपा पार्टी आज दुनिया की नम्बर एक पार्टी बनी है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री संदीप सिंह मोनू, जिला उपाध्यक्ष नीरज मौर्या, विष्णु प्रताप नारायण सिंह,जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सचिन वाल्मीकि, सूरज सिंह, इतेंद्र सिंह, रोहित सिंह, दीपक सिंह, राम सिंह, देवनाथ सविता, धर्मराज सिंह, अजीत सिंह, बृजेश सिंह, राजू सिंह, भीम सिंह आदि उपस्थित रहे।


**RAVI CHILDREN'S ACADEMY**
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999





## एक नजर

### विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार :** ड्रीम वैली पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि तरबगंज विधायक प्रतिनिधि विनोद पांडे ने कहा कि नौनिहालों का भविष्य संवारने और उन्हें संस्कारवान बनाने के लिए माता–पिता के साथ ही विद्यालय के शिक्षकों की महती भूमिका है इस दौरान उन्होंने प्रतिभा खोज परीक्षा में चयनित छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से प्राथमिक वर्ग से 5 और जूनियर वर्ग से पांच पांच छात्र छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख बेलसर राजेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू, जिला पंचायत सदस्य सी पी सिंह, विद्यालय प्रबंधक शिव मूर्ति सिंह, संरक्षक धीरेंद्र सिंह, डॉ गुलाब राय शर्मा, अर्जुन सिंह, वेद प्रकाश सिंह, सुरजीत सिंह, उपेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष पाठक व शिवपूजन सिंह ने किया।

### एनसीसी कैडेट्स ने मतदान के लिए किया प्रेरित

**मसकनवा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खपरी पारा में एन सी सी कैडेटों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई।कैडटों ने रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य अवधेश कुमार द्विवेदी ने किया। कैडेटों ने हाथों में तख्ती ले कर रैली निकाली। जागरूकता से संबंधित बैनर व पम्पलेट मतदाताओं को वितरित किया। कैडेटों ने लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने का आवाहन किया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान कराना लोगों की जिम्मेदारी है। संजीव शुक्ला ने कहा कि एनसीसी कैडेट लोगों को गांव गांव जाकर मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एएनओ राम सागर गौड़ ने कहा कि आज हमे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जागरूकता का संदेश पहुंचाना है।


# अलग-अलग हादसे में वृद्ध समेत दो की मौत

## पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घटना से परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, परसपुर/बालपुर

**अमृत विचार:** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में शनिवार को हुई सड़क दुर्घटनाओं में बुजुर्ग समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच में जुटी है। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा है।

पहली घटना परसपुर थाना क्षेत्र के चरहुंवा सिताबी पुरवा मोड़ पर हुई जहां एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे साइकिल सवार बुजुर्ग को रौंद दिया। ग्राम पूरे सुखराम तिवारी चरहुंवा के रहने वाले राधेश्याम तिवारी(69) शनिवार को साइकिल से बेलसर बाजार स्थित एक स्कूल में पढ़ने वाले घर के बच्चों को टिफिन देने गए थे। टिफिन देकर वापस लौटते समय वह अपने घर के करीब पहुंचकर सड़क पार कर रहे थे इसी बीच एक तेज रफ्तार कार ने उन्हे ठोकर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोग उन्हे सीएचसी लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक के बेटे महेश कुमार तिवारी ने पुलिस को कार चालक के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश में जुटी है।


राधेश्याम तिवारी। (फाइल फोटो)


अरुण कुमार यादव। (फाइल फोटो)

दूसरी घटना गोंडा लखनऊ हाईवे पर हुई जहां एक रोडवेज बस ने कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक को रौंद डाला। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के तुल्लापुरवा गांव के रहने वाला अरुण कुमार यादव (36) शनिवार की सुबह बाबा बटौरा मंदिर दर्शन करने गया था। दर्शन करने के बाद वह वापस घर लौट रहा था। वह बालपुर पुल के समीप पहुंचा खा कि गोंडा से लखनऊ जा रही एक रोजवेज बस के सामने अचानक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गयी और सामने से आ रहे अरुण कुमार को बाइक समेत कुचल डाला।

इस हादसे में अरुण यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रोडवेज बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देकर जांच पड़ताल में जुटी है।

# मधुमक्खियों के झुंड ने किया हमला, वृद्ध की मौत

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकौली डीहा स्थित ब्रह्मचारी स्थान पर कथा सुन रहे परिवार पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय एक बुजुर्ग की मौत हो गयी।

शनिवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मीनापुर निवासी सालिगराम गुप्ता उर्फ फौजी (85) अपने परिजनों के साथ भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने के लिए ग्राम टिकौली डीहा स्थित ब्रह्मचारी स्थान पर गए हुए थे। वहां कुछ अन्य लोग भी पहले से ही कथा सुन रहे थे। इस दौरान अचानक पीपल के पेड़ में छत्ता लगाकर रह रही मधुमक्खियों ने उन सभी पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के अचानक हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। उनके हमले से सालिगराम गुप्ता, उनकी पत्नी अनीता देवी, बेटी सलोनी सहित लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए।सभी घावों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी अनीता देवी व बेटी सलोनी को को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## विभाग ने छापेमारी कर लिए नमूने

**मनकापुर, अमृत विचार:** खाद्य निरीक्षक के आने की सूचना पर शनिवार को कस्बा मनकापुर की ज्यादातर दुकानों के शटर बंद हो गये। फूड इंस्पेक्टर की टीम ने तहसील मनकापुर के झिलाही बाजार में शनिवार को छापेमारी कर तीन मिठाई दुकानों की सैम्पलिंग की।

फूड इंस्पेक्टर अजीत मिश्रा की अगुवाई में झिलाही बाजार की तीन दुकानों में छापामार कर सैम्पलिंग किया गया। झिलाही बाज़ार में खाद्य इंस्पेक्टर की सूचना पर कस्बा मनकापुर की अधिकतर दुकानों के शटर फटाफट बंद हो गये। इस्पेक्टर अजीत मिश्र ने बताया कि पूजा गुप्ता, राम सूरत व एक अन्य के दुकान से सैम्पल भरा गया है।

## पूर्व विधायक रामपाल सिंह का निधन जिले में "बाबू जी" के नाम से थी ख्याति

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** मुजेहना क्षेत्र के पूर्व विधायक एडवोकेट रामपाल सिंह का शनिवार को निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे और पिछले चार साल से बीमार चल रहे थे। वह मुजेहना विस सीट से तीन बार विधायक रहे। निधन के बाद उनके गायत्रीपुरम स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, जिपंस महेंद्र सिंह, चिकित्सक डा. राजेश पांडेय, अधिवक्ता बंटी श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व समर्थक उनके आवास पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। रामपाल सिंह का जन्म 10 जुलाई 1937 को मुजेहना ब्लॉक के भोरहा गांव में हुआ था। छात्र जीवन से राजनीति में कदम रखने वाले रामपाल कांग्रेस पार्टी के सदस्य के रूप में सक्रिय राजनीति में कदम रखा। वर्ष 1985 व 1989 में वह कांग्रेस पार्टी से विधायक चुने गये। वे नारायण दत्त तिवारी व मनकापुर राजघराने के राजा कुंवर आनंद सिंह के करीबी रहे। हालांकि वर्ष 1996 में राजा आनंद सिंह ने कांग्रेस छोड़ी तो रामपाल सिंह ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और वह आनंद सिंह के साथ ही समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। सपा के टिकट पर वह 1996 में फिर से जीत हासिल कर विधायक बने और 2002 तक मुजेहना के जनता की नुमाइंदगी की।



## एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**कौड़िया बाजार, अमृत विचार:** किसान इंटर कॉलेज बराराय मल्लापुर में सिद्धि विनायक महाविद्यालय पिपरा बाजार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर का समापन किया गया। मुख्य अतिथि श्री लायक राम पांडेय प्राचार्य किसान इंटर कॉलेज मल्लापुर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। स्वयं सेवक विशाल मिश्र ने सात दिवसीय विशेष शिविर की उपलब्धियां तथा एक कैंप रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर कल्पना पाठक ने छात्र छात्राओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## रैली निकाल स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोण्डा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल से सम्मय माता मंदिर तक स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। स्वयं सेवकों ने सम्मय माता मंदिर पहुंच कर मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयं सेवकों ने मंदिर परिसर में बैठकर भजन गीत गाए। मुख्य अतिथि प्रो. डी के गुप्ता ने स्वयं सेवकों को जल संरक्षण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जल संरक्षण के विना हमारा भविष्य अंधकारमय है।






# हमको हमारा हिन्दुस्तान चाहिए

संवाददाता, धानेपुर

**अमृत विचार:** दुल्हापुर स्थित बीपीए लघु माध्यमिक व बाल विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को मनाया गया। राजसदन धानेपुर के सत्येन्द्र नाथ पांडेय व बीपीए स्कूल धानेपुर की प्रिंसिपल कामनी प्रसाद तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह व मेहनौन विधायक के प्रतिनिधि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलामंत्री चंद्र प्रकाश शुक्ल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना से लोगों को भाव-विभोर कर दिया। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति "इटली भूटान न जापान चाहिए हमको हमारा हिन्दुस्तान चाहिए" काफी सराहा गया। इसके अलावा मां के घर मेहमान है बेटी, घूंघट की फटकार, अंगना में आका तोरे नूर बरसे, गुल्लक फोड़ के, सहित विभिन्न देशभक्ति गीतों से ओत-प्रोत दर्जन भर प्रस्तुति बच्चों ने दी। शुक्रवार की शाम को शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। स्कूल के प्रिंसिपल कमलेश कुमार शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया।इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, अध्यक्ष प्रधान संघ विनोद कुमार सिंह, पूर्व प्रधान राज बहादुर सिंह, दिव्यांश शुक्ला, विश्व दीपक शुक्ल, शिवपूजन दूबे, लाल साहब तिवारी, अजय सिंह, गुरुदास शर्मा, पंकज वर्मा आदि मौजूद रहे।


वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रुपईडीह, अमृत विचार :** कौड़िया बाजार के बीडीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के राशि, सचिन, अंशिका, मोनी, शिवानी, आस्था, दीपक, हिमांशु, माही, श्रद्धा, दिव्या, प्रतीक्षा, परिधि आदि छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के एकांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को विशिष्ट चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। दिनेश तिवारी, प्रभात शुक्ल, संतोष कुमार, कोमल, ध्रुव कुमार, अशर्फी लाल पांडेय, प्रवेश तिवारी, शिव मूरत पांडेय, शिवकुमार तिवारी, रमाकांत शुक्ल, शिव बरन मिश्र, नीरज पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।






### करनैलगंज नपा में हुई घटना को लेकर कर्मियों में आक्रोश

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद कार्यालय में शुक्रवार को हुई घटना को लेकर नपा के कर्मचारी आक्रोशित दिखाई दिए और शनिवार को कार्यालय के सामने एकजुट हुए। जिन्हें अध्यक्ष प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल ने समझा कर शांत कराया। सीओ चंद्रपाल शर्मा ने पालिका के कर्मचारियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि से पूरे मामले की जानकारी ली और बयान दर्ज किया। उधर नगर पालिका के कर्मचारी शिवकुमार की तहरीर पर पुलिस ने देर शाम मुकदमा दर्ज किया और मुख्य आरोपी सुरेंद्र सिंह छाबड़ा को शांति भंग की धारा 151 के तहत पाबंद करते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय पर पेश किया। देर शाम उन्हें जमानत दे दी गई। पुलिस ने शिवकुमार की तहरीर पर सुरेंद्र सिंह छाबड़ा व चार अन्य पर केस दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा ने कर्मचारियों का बयान दर्ज किया और अध्यक्ष प्रतिनिधि से जानकारी ली है। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।


















13वां रोजा

शिया
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.46 बजे
इफ्तार : 06.17 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### लूट व मारपीट मामले में चार पर केस दर्ज

बहराइच,अमृत विचार : कैसरगंज थाने के डिहवा शेर बहादुर सिंह गांव निवासी रिशी सिंह पुत्र अजीत प्रताप सिंह की तहरीर पर थाने में मारपीट, लूट, धमकी व गाली गलौज मामले में चार को नामजद कर केस दर्ज कराया है। तहरीर के मुताबिक रिशी सिंह 20 मार्च की रात 11 बजे डढैला गांव में देशराज की तेहरवी संस्कार में शामिल हो गांव को चले। तो कैसरगंज बीच बाजार मे वाहन रोक हमलावरों ने मारपीट कर बीस ग्राम वजन की चेन व तीस हजार रूपये लूट हमलावर जान माल की धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर अभिलाष सिंह, मानवेंद्र सिंह, ऋषि आदि चार को नामजद कर केस दर्ज किया गया है।

### खनन में संलिप्त दो ट्रॉली सीज, 8 वाहनों का चालान

जरवल, बहराइच, अमृत विचार : खान अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जनपद में अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी अंकुश के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। 21 मार्च को बालू के अवैध परिवहन/खनन में संलिप्त दो ट्रैक्टर- ट्रॉली को पकडकर कैसरगंज पुलिस के हवाले कर दिया गया है। वाहनों को सीज कर दिया गया है। 23 मार्च को खनिज के परिवहन में संलिप्त आठ वाहनों का ऑनलाइन चालान कर जुर्माना जमा कराया गया। उन्होंने कहा कि जहां भी खनन की सूचना प्राप्त होती है। विभाग छापेमारी कर कार्यवाही करता है।

### भूमि विवाद में कहासुनी में महिलाओं में मारपीट

बहराइच, अमृत विचार : देहात कोतवाली के मुंशीपुरवा मे शुक्रवार रात सफीकुल पत्नी मोहम्मद हनीफ व सैजुला मे भूमि विवाद को लेकर कहासुनी हुई। जो मारपीट मे बदल गई। एक पक्ष से 55 वर्षीय सफीकुल व उसकी 17 वर्षीय बेटी नाजिया घायल हो गई। जबकि दूसरे पक्ष से सैलुजा व रेशमा को चोटे आई है। पुलिस ने दोनों पक्षो के घायलों को जिला अस्पताल मेडिकल को भेजा है।

# सुरक्षा में सहयोग करते हैं पीआरडी जवान

बहराइच

**अमृत विचार :** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से प्रांतीय रक्षक दल के जवानों के लिए 15 दिवसीय पुनर प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र ग्रामीण स्टेडियम मारौचा विकासखंड तेजवापुर में हुआ।

मरौचा स्थित खेल मैदान में आयोजित प्रशिक्षण का पासिंग आउट परेड की स्लामी मुख्य विकास अधिकारी राम्या आरने लिया। वही युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के डिप्टी डायरेक्टर देवीपाटन मंडल अजय कुमार त्रिवेदी ने बताया कि युवा कल्याण विभाग के साथ-साथ पीआरडी के जवानों को अन्य विभाग की भी जानकारियां दी गई और कई अन्य प्रशिक्षण दिए गए जैसे यातायात से संबंधित, ट्रैफिक से संबंधित ,फायर से संबंधित ,आईपीसी से संबंधित जानकारी दी। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पवार ने युवा कल्याण विभाग एवं पीआरडी विभाग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह से पीआरडी के जवान ग्रामीण स्तर पर कार्य कर रहे हैं और सरकार की योजनाओं के माध्यम से लाभ पा रहे हैं। इस दौरान काफी संख्या में पीआरडी जवान मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में मार्च पास्ट करतीं सीडीओ। अमृत विचार

# स्कूल के बच्चों व अधिकारियों ने खेली होली

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में शनिवार को स्कूली बच्चों और शिक्षकों के साथ अधिकारियों ने अपने कार्यालय में कर्मचारियों के साथ होली खेली। सभी ने एक दूसरे को अबीर लगाई।

होली का पर्व 25 को है। रविवार को जिले में 4600 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होगी। शनिवार को स्कूलों में छात्राओं ने शिक्षकों के साथ होली खेली। स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य सूचना और शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने अपने कर्मचारियों के साथ होली खेली। एंबुलेंस के जिला प्रभारी सुधीर मणि त्रिपाठी ने कर्मचारियों को रंग लगाकर होली खेली। शहर के गेंदघर स्थित समाज कल्याण विभाग में समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर गुप्ता ने अपने कर्मचारियों को गुलाल लगाकर होली खेली। शहर के हुजूरपुर रोड स्थित बालिका विहान आवासीय विद्यालय में छात्राओं के साथ शिक्षकाओं ने अबीर गुलाल के साथ होली खेली। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने बताया कि होली खेलने के साथ ही विद्यालय में अवकाश दे दिया गया।कैसरगंज में स्थित कंचन कान्वेंट स्कूल में 'छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर ,गुलाल लगाकर तथा गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई। सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव की तरफ सभी छात्र छात्राओं को होली पावन पर्व आपसी एकता सौहार्द के पावन पर्व प्रकाश डालते हुए होली की शुभकामनाएं दी गयी ।विद्यालय के छात्र छात्राओ ने उप निदेशक श्रीमती संगीता श्रीवास्तव ,डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओ को अबीर गुलाल लगाया।

इस मौके पर,एसके सिंह, विजय मिश्र, रंजीत सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, पवन सिंह, राजेश मिश्रा,उमा शंकर यादव,,मालती सिंह, साक्षी सिंह ने होली की शुभकामनाएं दी।



अबीर लगाते समाज कल्याण अधिकारी।



होली खेलती छात्राएं। अमृत विचार

# भारी मात्रा में नकली मिठाई व खोवा बरामद

## पुलिस ने जांच के दौरान बरामद सामान कराया नष्ट, सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा



पुलिस द्वारा बरामद किया गया सामान। अमृत विचार



खाद्य विभाग ने नष्ट कराया खाद्यान्न। अमृत विचार

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** पयागपुर थाना क्षेत्र के चौकी खुटेहना के पास भारी मात्रा में नकली/मिलावटी खाद्य पदार्थ मिठाई पनीर खोवा पुलिस ने बरामद किया है। बरामद सामान को सीज कर पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला लखनऊ भेजा है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पयागपुर पुलिस बहराइच गोंडा मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। पयागपुर पुलिस को सूचना मिली कि पयागपुर क्षेत्र में भारी मात्रा में नकली मिठाई की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर बैरियर लगा कर चेकिंग कर पिकअप वाहन नंबर UP 47 टी 4066 को रोक कर चेक किया। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि वाहन में 15 केजी के 110 डिब्बों में करीब 17 क्विंटल नकली सफेद छेना, काला जाम, खोवा व पनीर बरामद हुआ। बरामदगी पर थानाध्यक्ष द्वारा असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचना दी गयी जो मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचे व बरामद माल से सैंपल एकत्र कर बरामद माल बिल बाउचर आदि की अनियमितता के चलते उक्त बरामद माल को नकली घोषित करते हुए नष्टीकरण कराया। इसके उपरांत वाहन चालक से कड़ाई से पूछ ताछ पर उसके द्वारा बताया गया कि गनेश श्रीवास्तव (माही स्वीट्स हाउस) व शिवम स्वीट चिलावरिया के यहां भारी मात्रा में नकली मिठाईयां व पनीर आदि मौजूद है। सूचना पर थानाध्यक्ष पयागपुर, खाद्य सुरक्षा विभाग टीम व चौकी प्रभारी चिलवरिया मय फ़ोर्स मौके पर चिलवरिया कस्बा स्थित उक्त दुकान पर पहुंच कर चेक किया गया तो दोनों दुकानों से करीब 200 किग्रा की मात्रा में नकली बर्फी, मिल्क केक, सोन पापड़ी, सफेद छेना रसगुल्ला तथा करीब 200 किग्रा नकली पनीर व 300 किग्रा नकली खोवा कुल लगभग 07 कुंटल नकली/मिलावटी खाद्य पदार्थ बरामद किया गया जिसमें से सैम्पल एकत्र करते हुए शेष को नष्ट किया गया।

### खाद्य विभाग के पत्र पर होगी कार्रवाई

चिलवरिया में दुकान में और वाहन से काफी मात्रा में नकली खोया, पनीर व छेना बरामद हुआ है। जिसे पकड़ कर नष्ट करवा दिया गया है। खाद्य विभाग के पत्र पर ही केस दर्ज करने की कार्यवाई की जायेगी।

–कमल शंकर चतुर्वेदी, थानाध्यक्ष

# कोटेदार की दबंगई से कार्डधारक परेशान, प्रदर्शन

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के सराय मेहराबाद गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की अगुवाई में डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। सभी का कहना है कि कोटेदार और उसके पुत्र द्वारा कम खाद्यान्न दिया जा रहा है। विरोध करने पर मारपीट की जा रही है। सभी ने दूसरा कोटा चयन करवाने की मांग की है।

तेजवापुर विकास खंड के ग्राम पंचायत सराय मेहराबाद टेपरहा के ग्रामीण शनिवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने ग्राम प्रधान संज्ञा तिवारी के प्रतिनिधि की अगुवाई में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि सराय मेहराबाद तेपरहा का कोटा पड़ोसी गांव तमाचपुर निवासी चमेला देवी के यहां है। सभी का कहना है कि प्रति माह कम खाद्यान्न देने और विरोध करने पर कोटेदार के पुत्र द्वारा मारपीट की जाती है। पुत्र महिलाओं से मारपीट तक करने लगता है। ऐसे में कोटा का चयन गांव में ही करवाए जाने की मांग की। साथ ही त्योहार को देखते हुए सभी कार्ड के हिसाब से खाद्यान्न देने की बात कही। महिलाओं का कहना है कि गांव में कोटा चयन से उन सभी को लाभ मिलेगा। इस दौरान जगत राम, सुरेंद्र कुमार और महिलाओं समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### सड़क निर्माण कर रहे श्रमिकों से मारपीट मामले में केस

बहराइच, अमृत विचार : जिले के कुट्टी गांव में सड़क निर्माण कर रहे श्रमिकों से बुधवार रात में हमलावरों ने बेवजह मारपीट की। सूचना पर पहुंचे ठेकेदार से अभद्रता की। यही नही निर्माण कार्य सामग्री व उपकरणों को इधर से उधर फेंक धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। हुजुरपुर थाने के हुजुरपुर निवासी देवेश सिंह मेसर्स रामकुमार नामक फर्म के मालिक है। जो लोक निर्माण विभाग के रजिस्टर्ड ठेकेठार है। रानीपुर थाने के कुट्टी से धरमपुर सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार रात लगभग नौ बजे कुछ हमलावरों ने सड़क निर्माण कर रहे मजदूरों से मारपीट की। सूचना पर देवेश सिंह पहुंचे। तो उनके साथ हमलावरों ने अभद्रता की। सामान इधर उधर फेंका। पीड़ित ठेकेदार देवेश ने थाने में तहरीर दी। इस मामले में चार को नामजद कर केस दर्ज किया गया है।

### युवक पर किया धारदार हथियार से हमला, जिला अस्पताल रेफर

बहराइच, अमृत विचार : खैरीघाट थाना क्षेत्र के बरूही टेपरी गांव निवासी एक युवक का पड़ोसी से रात में कहा सुनी हुई। इससे नाराज दबंगों ने युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया है।

# बच्चों को स्कूल जरूर भेजें अभिभावक

रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर रुपईडीहा में अभिभावक सम्मेलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को हर हाल में स्कूल भेजने पर बल दिया गया।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रावस्ती संभाग निरीक्षक कैलाश, अध्यक्ष प्रबंध समिति दिनेश अग्रवाल, प्रबंधक डॉ उमाशंकर वैश्य संयुक्त रूप से रहे। मुख्य वक्ता जिला कोषाध्यक्ष बृज नरेश श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समय शिक्षा बहुत जरूरी है। ऐसे में सभी को अपने बच्चों को स्कूल भेजना चाहिए। इस अवसर पर अभिभावक किरण सोनी के द्वारा विद्यालय को खेल उपकरण प्रदान करने के लिए अंग वस्त्र भेंटकर कर सम्मानित किया। अंत में प्रबंधक ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन अनिल शर्मा ने किया। इस दौरान अनुज सिंह, आस्था तुलस्यान, सर्वेश, शर्मिला पाठक, आचार्य मनीष तिवारी, मनमोहन मिश्रा, कमलेश पाठक, हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे।



अभिभावक सम्मलेन में मौजूद मुख्य अतिथि।

## सार-संक्षेप

### आपसी प्रेम बनाएं रखें लोग, पुलिस है मुस्तैद



फ्लैग मार्च करते पुलिस और एसएसबी जवान। अमृत विचार

जरवल, बहराइच, अमृत विचार : क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रुपेन्द्र कुमार गौड ने प्रभारी निरीक्षक हुजूरपुर दिलीप शुक्ला के साथ सैकडो पुलिस कर्मियों और केन्द्रीय सुरक्षा बलों के साथ थानाक्षेत्र के शहरी और ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर क्षेत्र वासियों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। सुरक्षाकर्मियों के साथ शहरी और ग्रामीण इलाकों में भ्रमण कर लोगों से शान्ति के साथ आगामी त्योहार मनाने की अपील की। क्षेत्राधिकारी ने पुलिस बलों के साथ संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। संवेदनशील मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों पर नजर बनाए रखने और थानाध्यक्ष को सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। गडबडी फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गयी। रुट मार्च के दौरान क्षेत्रीय लोगों से आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। क्षेत्राधिकारी गौड़ ने बताया कि सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।

### कोर्ट के आदेश से मदरसों का संचालन होगा प्रभावित



राष्ट्रीय अध्यक्ष।

बहराइच, अमृत विचार : इस्लामिक मदरसा आधुनिकरण शिक्षक एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एजाज अहमद ने कार्यालय पर पदाधिकारियों की बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उच्च न्यायालय का जो आदेश 22 मार्च को मदरसा बोर्ड के 2004 के नोटीफिकेशन को असंवैधानिक करार देने के सम्बन्ध में आया है, उससे प्रदेश के सभी छोटे बड़े मान्यता प्राप्त मदरसे प्रभावित होंगे । मदरसों का अपना इंफ्रास्ट्रक्चर है। उनमे लाखों शिक्षक काम करते हैं और लाखों छात्र उसमें शिक्षारत हैं। प्राइमरी और जूनियर स्तर पर मदरसा शिक्षा परिषद और बेसिक शिक्षा परिषद सबका एक ही सिलेबस है। सरकार ने सभी मदरसों में NCERT स्लेबस लागू कर रखा है ऐसे में मदरसा बोर्ड को किसी कागज में कमी की वजह से बंद किए जाने से बहुत बड़ा संकट आएगा। 2004 के नोटिफिकेशन में जो कमी है उसको सरकार दूर कर सकती है। एजाज अहमद ने बताया कि इस्लामिक मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एसोसिएशन भी इस मामले की अपील को लेकर के सुप्रीम कोर्ट को जाएगा। एजाज अहमद ने सरकार से अपील किया है कि मदरसा बोर्ड के 2004 के नोटीफिकेशन में जो कमी है उसको दूर करके पुन: उसे लागू करे। मदरसो की मान्यता और उसके शिक्षकों और छात्रों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था दी जाय और मदरसा शिक्षा की व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की।

# युवती को बोलेरो ने रौंदा, मौत

बहराइच

**अमृत विचार :** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर बाइक से घर जा रहे लोग सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली से भिड़ गए। युवती दूर जा गिरी। उधर से आ रही बोलेरो ने युवती को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गजाधारपुर के बसंता गांव निवासी विष्णु पाठक (22) की बहन का विवाह इमामगंज पाठकपुरवा में हुआ है। बहन ने बच्चे को जन्म दिया है। इस पर विष्णु पाठक की छोटी बहन रजनी पाठक (20) वहीं पर रह रही थी। शुक्रवार रात लगभग 10 बजे विष्णु गांव निवासी आशीष गौड़ (23) के साथ बाइक से बहन को लाने गए। कार्यक्रम निपटाने के बाद सभी घर के लिए रवाना हुए। रात ढाई बजे के आसपास तीनों बाइक से लखनऊ-बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव के पास पलटी गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से जा भिड़े। हादसे में रजनी सड़क पर जा गिरी। इसी दौरान लखनऊ से आ रही बोलेरो रजनी को रौंद दिया।

मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में उसका भाई विष्णु आशीष घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया जायेगा।

### परिवार में एक साल में हुईं तीन मौतें

हादसे में दम तोड़ने वाली युवती के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपने भाई के साथ रहती थी। गांव के लोगों ने बताया कि रजनी के परिवार पर ईश्वर की नजर भी टेढ़ी है। एक साल में सबसे पहले पिता, फिर चाचा और उसके बाद बड़े भाई की मौत हो चुकी है।

# स्कूलों में बूथ संबंधित व्यवस्था करें दुरुस्त

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड सभागार में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक बीईओ अरविंद बहादुर सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्राथमिक, जूनियर व संविलियन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व इंचार्ज शिक्षकों को लोकसभा चुनाव हेतु पोलिंग बूथ में आवश्यक तैयारियों समेत अन्य विभागीय दिशा निर्देश प्रदान किये।

बैठक में बीईओ के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, निपुण भारत मिशन सेंटर पोर्टल पर रेड जोन विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा, यूडायस पोर्टल पर शत प्रतिशत स्टूडेंट डाटा फीडिंग, समेकित शिक्षा, टाइम एंड मोशन आदेश अनुपालन, शैक्षिक दीक्षा ऐप पर रोल सबरोल मैपिंग, सभी पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन, विद्यालयवार अवशेष आधार विहीन छात्रों का आधार बनवाने, अभिभावक शिक्षक बैठक, निपुण रिजल्ट वितरण, टीचर पॉकेट बुक के उपयोग, स्मार्ट क्लास की स्थापना व संचालन, समेत छात्र उपस्थिति आदि विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। इसके अलावा उन्होंने प्रधान शिक्षकों से ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने के लिए टीम वर्क की भावना से काम करते हुए आगे बढ़ने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने अपने पिछले कार्यक्षेत्र के अनुभवों को भी साझा किया। बैठक में एआरपी मो० अहमद, रियाज अहमद, कल्पना मिश्र, अब्दुल मोमिन, कार्यालय सहायक पवन कुमार, जयप्रकाश यादव समेत प्रधानाध्यापकगण मौजूद रहे।



शिक्षकों की बैठक में दिशा निर्देश देते खंड शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

## आयोजन — विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनाया गया पोषण पखवाड़ा

# बच्चे हों या बूढ़े पोषण से शरीर को रखें स्वस्थ

बहराइच

**अमृत विचार:** जिले में 9 से 23 मार्च तक चल रहे 'पोषण भी पढ़ाई भी' थीम आधारित पोषण पखवाड़ा का शनिवार को समापन हुआ। पोषण पखवाड़े के अंतर्गत पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से रिसिया, फखरपुर, तजवापुर एवं हुजूरपुर ब्लॉको के 35 गांवो में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को पोषण का उद्देश्य एवं महत्व, कुपोषण मुक्त समाज बनाने व मोटे अनाज के उपयोग महत्व के विषय पर जानकारी प्रदान करके समुदाय को जागरूक किया गया।

कुपोषण मुक्त समाज तब संभव होगा जब धरातल पर लोग इसके महत्व को समझेंगे। हालांकि, पूरे पखवाड़े के दौरान आयोजित हुई गतिविधियों का सकारात्मक प्रभाव देखने योग्य था। क्योंकि लोग अपने सामान्य दिनचर्या में पोषण के महत्व को समझने लगे। इसलिए हम इस प्रभाव को सामुदायिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव का प्रतीक मानते हैं। ब्लॉक के अधिकारियों द्वारा पिरामल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए मेहनत एवं सक्रियता से कार्य करने पर पिरामल फाऊंडेशन टीम का उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों द्वारा स्वच्छता पर बल देते हुए लाभार्थियों को पोषण के लाभ, शारीरिक एवं मानसिक विकास के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ब्लॉक की सीडीपीओ ने बच्चे को जन्म के बाद छह माह तक सिर्फ स्तनपान कराने की जानकारी प्रदान की। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो लोचन देवाडे, नितीश कुमार, आयुषी सिंह और शालिनी कुमारी, एस पी एल सैफुर रहमान एवं डी पी एल मोहम्मद युसुफ ने उपस्थित रहकर पोषण पखवाड़ा के आयोजन में सहयोग प्रदान किया।



गोष्ठी में मौजूद लोग। अमृत विचार

### अर्पण को मिला सत्यव्रत सिंह स्मृति सम्मान



किसान डिग्री कॉलेज में मिलता सम्मान।

राजीचौराहा, बहराइच : जनपद के महसी के खमहरिया शुक्ल के रहने वाले युवा कवि अर्पण शुक्ला को किसान स्नाकोत्तर महाविद्यालय में सत्यव्रत सिंह स्मृति सम्मान से कॉलेज के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह ,सत्यभूषण सिंह आदि प्रोफेसरों के द्वारा सम्मानित किया गया । छोटे से गांव से निकलकर अर्पण शुक्ल ने कविता के क्षेत्र में अपने गीतों के कारण एक अलग पहचान बना रखी है। सम्मान मिलने पर परिवार के साथ क्षेत्र के लोगों ने हर्ष जताया है।



# वसंतोत्सवों का चरम होली



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है।

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तः पुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है- उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरुणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरुदगण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाता है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है।" आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि "आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल।

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्यकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्यकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परम्परा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक संबंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील हैं। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते हैं, वे मरुतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता हैं। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकर्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलता हुआ, आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।

वैदिक परंपरा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग सुर छंद है, ताल लयसंगीत है, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

# हिरण्यकशिपु हो या होलिका : है पग-पग डेरा डाले



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

रंग का विलोम शब्द बदरंग है। रंगों के कलात्मक संयोजन से चित्र चित्ताकर्षक हो जाते हैं,जबकि अनियोजित प्रयोग से उसी चित्र में विकृतियां झलकती है। रंगों का सबसे बड़ा खजाना आसमान के सूरज के पास है। सूरज सप्तवर्णी या सप्तरंगी किरणों वाला होता है। उदित होते सूरज के विविध रंगों से आसमान की छटा परवान चढ़ जाती है। इतना ही नहीं,बल्कि ढले शाम भी वह बतौर कुशल चित्रकार ही दिखता है। इंद्रधनुष ऐसा बनाता है, शायद पेशेवर चित्रकार को कैनवस पर उसकी नकल करने में कठिनाई हो। जबकि सूरज के पास चित्र बनाने की न तूलिका है और न दूसरे उपकरण और संसाधन।

सूरज की इस रंगकारी की तुलना रंगों के त्योहार होली से की जाए तो होली भी जीवन को रंगों से भर देने का त्योहार है। रंगीली होली की गाथा अंतहीन है। कविता में नजीर अकबराबादी 'गालों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की' के साथ महबूब नशे में छकते हों तब देख बहारें होली की' का जब उल्लेख करते है तब रंगों के नशा करने वाले किसी महबूब पर उनकी नजर दिखाई पड़ती हैं। रंगों के आपसी सामंजस्य में गहरा संदेश भी है और गहरा दर्शन भी है।

घर-परिवार से लेकर समाज और देश-दुनिया तक में जीव से लेकर प्रकृति तक में सामंजस्य ही जीवन के रंग को द्विगुणित कर देता है। यशोदा के नंदन कृष्ण के लिए गोपिकाएं 'नैन नचाय कही मुस्काय, लला फिर आइयो खेलन होली' का निहितार्थ ही है कि मन में लालित्य के लिए जीवन में जरूरत पर मुरली बजाने वाली स्थिति भी हो और आवश्यकता पड़ने पर जीवन के महाभारत में शंखनाद भी करने की सामर्थ्य हो। होली उस सुबह हो-हल्ला मचाते आ धमकती है जब उसकी पूर्व रात्रि में होलिका दहन हो चुका होता है। होलिका दहन के प्रतीकों को होलिका में पड़ने वाले विविध पदार्थों के आईने में देखा जाए तो जीवन के होलिका दहन में भी विविधता दिखाई पड़ती है। प्रथमतः पंचभौतिक शरीर के स्तर पर नित होने वाले होलिका दहन का विश्लेषण किया जाए तो इस शरीर में भी अग्नि है। सबसे महत्वपूर्ण जठराग्नि को होलिका दहन के परिप्रेक्ष्य में लिया जाए तो खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर को आह्लाद देने वाले तत्व (मिनरल्स) को जठराग्नि बचाकर शरीर को हष्ट-पुष्ट बनाने के लिए रक्त रसायन को दे देती है और खाद्य पदार्थों में समाई होलिका को जलाकर बाहर कर देती है। लाल रक्त कण (रेड सेल्स) शरीर को स्वस्थ रखता है। इतना ही नहीं शरीर को क्षति पहुंचाने वाले हिरण्यकशिपु जैसे विषाणुओं से भी जठराग्नि लड़ती-भिड़ती रहती है।

अब चिंतन-मनन के स्तर पर होलिका दहन की विवेचना की जाए तो हिरण्यकशिपु जैसा अहंकार इस देव-दुर्लभ जीवन का सबसे बड़ा शत्रु हैं। इसी अहंकारी हिरण्यकशिपु की बदरंगी मनोवृत्तियां उसकी बहन होलिका है। होलिका मन के प्रह्लाद के उच्च भाव की घेराबंदी करती है। इसे गोद में बैठाकर काम-क्रोध की अग्नि में भस्मीभूत कर देना चाहती है, लेकिन मन की दृढ़ता की भावनाएं कुप्रवृत्तियों की होलिका की योजना विफल करती है। सत्य, सदाचार और सुनीतिपूर्ण जीवन पद्धति के संस्कारों से शिक्षित मन प्रह्लादत्व की स्थिति में है तो फिर जीवन का आह्लाद जल नहीं सकता। इससे सर्वप्रथम चेहरे का ही नहीं,बल्कि मन का भी रंग चटक होता है। मन अग्नि में तपाए हुए स्वर्ण (सोने) की तरह चमक उठता है। आत्मबल बढ़ता है,जो जीवन के रंग को कभी बदरंग नहीं होने देता है।

# होली का वैदिक स्वरूप



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रात: मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए।

होली वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। वैदिक काल में इस पर्व को 'नवान्नेष्टि' कहा गया है। इस दिन खेत के अधपके अन्न का हवन कर प्रसाद बांटने का विधान है। इस अन्न को होला कहा जाता है,इसलिए इसे होलिकोत्सव के रूप में मनाया जाता था। इस पर्व को नवसंवत्सर का आगमन तथा वसंतागम के उपलक्ष्य में किया हुआ यज्ञ भी माना जाता है। कुछ लोग इस पर्व को अग्निदेव का पूजन मात्र मानते हैं। मनु का जन्म भी इसी दिन का माना जाता है। अतः इसे मन्वादितिथि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था,तभी से यह त्योहार मनाने का प्रचलन हुआ।

सूनृतावन्तः सुभगा इरावन्तो हसामुदाः। अतृष्या अक्षुध्या गृहा मास्मद् बिभीतन॥ (अथर्ववेद 7.60.6) जिन घरों में रहने वाले परस्पर मधुर और शिष्ट संभाषण करते हैं जिनमें सब तरह का सौभाग्य निवास करता है,जो प्रीति-भोजों से संयुक्त हैं,सभी हास और उल्लासमय जीवनयापन करते हैं एवं जहां न कोई भूखा है न प्यासा,उन घरों में कहीं से भय का संचार न हो। हमारी संस्कृति मे 'होली' का उत्सव तामसिक वृत्तियों के मुखर होने हेतु नियत किया गया है। इस दिन हमारी मर्यादित प्रकृति भी उन्मुक्त हो जाती है। आमोद-प्रमोद निर्बन्ध हो जाते हैं। उत्सव की इस सम्मोहनी शक्ति को हमारे द्रष्टा महर्षियों ने समझा था। उन्होंने यज्ञों में वसंत को आज्य कहकर घोषित किया था-यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्मः इध्मः शरद्धवि॥ (ऋग्वेद 10.90.6) होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए। सभी रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर चंदन, अबीर और गुलाल लगाकर पान चबाते हुए एक-दूसरे पर रंग डालने के लिए पिचकारियां लेकर निकलें जिनके मन में जो आए सो कहें। ऐसे शब्दों से तथा हवन करने से वह पापिनी (होलिका) नष्ट हो जाती है।" होली या वसंतोत्सव का जो वर्तमान स्वरूप दिखाई पड़ता है वह हजारों वर्ष भारतवर्ष के पूर्व भाग में जो अनेक प्रकार की उद्यान-क्रीड़ाएं प्राचीनकाल में प्रचलित थीं,वे इसी होली पर्व का ही एक अंग थीं। पाणिनि का 'प्राचांक्रीणायां (6,2,72) सूत्र इनका परिचायक है। 'वात्स्यायन ने उन्हें देश परंपरागत क्रीड़ाएं कहा है। श्रीमद्भागवत (10-75-14.15) में वर्णन इस प्रकार मिलता है-"गंध, माला, भूषण तथा वस्त्रों से अलंकृत पुरुष और स्त्रियां नदी में अवभृथ स्नान करने के लिए गईं। वहां युवतियां तेल, गोरस, सुगंधित जल, हल्दी और कुमकुम आदि से एक-दूसरे को रंगने लगी। घत्तियी (चर्मयंत्र) से अपने देवरों और प्रियजनों को भिगो रही थीं।" ये घत्तियां ही आधुनिक पिचकारियों की आदिरूप थीं। महाकवि माघ (750 ई.) ने पिचकारी का वर्णन किया है। तप्त स्वर्ण के समान उज्जवल केसरिया रंग का विशाल स्नानाच्छादन, वस्त्र प्रक्षालन तथा प्रियजनों का सान्निध्य नारियों के जल क्रीड़ा के साधन थे।

प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से प्रारंभ हुआ,आगे चलकर परम भागवत प्रहलाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अंतर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नवशस्येष्टि (नई फसल के अनाज का सेवन करने के लिए किया गया अनुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसंतोत्सव का समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया। वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत उत्सव के कारण होली वसंतोत्सव के रूप में मनाई जाती है। मदनोत्सव के पीछे यह रहस्य है कि मानव जीवन में धर्म,अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। 'कामस्तदाग्रे संवर्तताधि' कहकर वेदों ने भी इसे स्वीकार किया है। नृत्य-संगीत प्रभृति समस्त कलाएं, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद तथा आनंद और उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ के नानाविध अंग हैं।

होलिकोत्सव के रूप में हिंदू समाज ने मनोरंजन को जीवन में स्थान देने के लिए तृतीय पुरुषार्थ के स्वस्थ और लोकोपयोगी स्वरूप को धर्माधिष्ठित मान्यता प्रदान की है। जैसा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट कथन है-धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। हे अर्जुन! मैं प्राणियों में धर्मानुकूल कामप्रवृत्ति हूं। शिवजी ने तृतीय नेत्र से फाल्गुन कृष्णाष्टमी को काम/मदन का दहन किया था। तब कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर होलाष्टक के अंतिम दिन अर्थात् धुलेंडी के दिन शिवजी ने,कामदेव का प्रद्युम्न के रूप में पुनर्जन्म होने का वचन दिया था। इसलिए होली को मदनोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

# मूल प्रवृत्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भूख न होती तो खेती का विकास क्यों होता? भूख लगी इसीलिए शिकार को जाना पड़ा था। भूख लगी,इसीलिए वृक्ष लगाए, फल खाया, भूख लगी इसीलिए मत्स्यपालन किया,भूख लगी इसीलिए पशुपालन किया, दूध पिया। भूख लगी इसीलिए खाद्य-पदार्थों के इतने बड़े उद्योगों का विकास हुआ। रति प्रवृत्ति न होती तो नर और नारी का सम्मिलन भी क्यों होता? सिसृक्षा पुत्रैषणा न होती तो परिवार ही क्यों बनता? रति मूल प्रवृत्ति में परस्पर सहयोग ने बहुत बाद में चल कर पति-पत्नी का संबंध विकसित किया।

रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो क्यों तो गुफा बनती,क्यों झोंपड़ी बनती और क्यों ये कोठी बनती? जंगल से गांव और गांव से नगर भी क्यों बन जाता? रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो समाज और राज्य भी क्यों बनता? रक्षा और प्रभुता की मूल प्रवृत्ति न होती तो कोई सेना क्यों बनती और यह यूक्रेन-रूस युद्ध भी क्यों होता? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती तो ज्ञान-विज्ञान का विकास भी क्यों होता? क्यों आदमी अंतरिक्ष में जाता? क्यों समुद्र की थाह लेता? क्यों विश्वविद्यालय बनते? क्यों पुस्तकें लिखी जातीं? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती दर्शन और विचारधाराओं का विकास कैसे होता? संग्रह, वित्तैषणा या तृष्णा की मूल प्रवृत्ति न होती तो एक आदमी दूसरे के हक को क्यों छीन लेता? विषमता का जन्म भी क्यों होता? बैंक क्यों बनतीं? खजाने की क्या जरूरत होती? जर-जमीन के झगड़े क्यों होते? चिड़िया के पास ही कौन सा संग्रह है? पेट तो भर ही लेती है,लेकिन मनुष्य तिजोरी और कोठार बनाता है। गौरव की मूल प्रवृत्ति (अपने को श्रेष्ठ मानने की प्रवृत्ति) न होती तो कोई अपने को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन क्यों समझता? परनिंदा का भाव भी क्यों होता? तू छोटा मैं बड़ा,यह भाव भी कहां से आता? क्यों ऊंच-नीच का विचार बनता और वर्ग-विद्वेष भी क्यों होता?

आराम की मूल प्रवृत्ति न होती तो सभी श्रम कर लेते। श्रमिक और प्रबंधक वर्ग क्यों होते? अनुकरण की मूल प्रवृत्ति न होती तो हम कैसे संगीत सीखते? कैसे भाषा सीखते? किसी से कोई होड़ क्यों करता? आज तो अस्त्र-शस्त्र की होड़ हो रही है। मूल प्रवृत्ति न होती तो दंडविधान भी क्यों बनता? समस्त सभ्यता का विकास, समस्त संस्कृति का विकास, समस्त ज्ञान विज्ञान का विकास मूल प्रवृत्तियों की और मूल प्रवृत्तियों के संयमन, नियमन, दमन और उन्नयन की प्रणालियों की देन है।

# गुर्दे और जल संरक्षण



आर्य सागर खारी
नोएडा

पर्यावरण गोष्ठियों सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जल संरक्षण जल की महत्ता को लेकर अनेक जागरूकता संदेश प्रचारित-प्रसारित किए जा रहे हैं। बात जब जल के बचाने को लेकर होती है तो आधुनिक वाटर कंजर्वेशन के तमाम मॉडल्स पर डिस्कशन होता है, लेकिन दुनिया का सबसे बेहतरीन अनूठा लाजवाब वाटर कंजर्वेशन मॉडल हमारे शरीर में मौजूद है। वर्ष 2003 का केमिस्ट्री का नोबेल इसी वॉटर कंजर्वेशन मॉडल जिसे एक्वापोरिन सिस्टम कहा जाता है, उसे दुनिया को समझाने के लिए पीटर एग्री को मिला था। पंचतत्व से यह शरीर बना है पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश सर्वाधिक प्रधानता जल तत्व की है। मानव शरीर में 60/70 फीसदी लगभग जल ही होता है। 2003 तक साइंटिस्ट नहीं जानते थे कि मानव शरीर में जल कैसे रीसायकल एक्सचेंज निष्कासित होता है। हमारे शरीर की अरबों-खरबों कोशिका में जल का आदान-प्रदान किस तरह होता था कोई जानकारी नहीं थी। हमारा शरीर जो जल हम पीते हैं उसे मिनिमम वेस्टेज के आधार पर यूटिलाइज करता है। दोनों गुर्दे 24 घंटे में 170 लीटर प्राइमरी यूरिन बनाते हैं। समझना यह है कि यदि इतनी भारी मात्रा में प्राइमरी यूरिन बनता है तो मानव कितने जल का उपयोग करेगा प्रत्येक मनुष्य की जल की खपत बढ़ जाएगी जल का अनावश्यक असीमित उपयोग होगा। इस संकट से बचाने के लिए भगवान ने मानव गुर्दों को रीसाइक्लिंग प्लांट से लैस कर दिया है,जो 170 लीटर प्राइमरी यूरिन को घटाकर वेस्टेज के तौर पर 1 से 2 लीटर फाइनल यूरिन में तब्दील कर देता है। है न अद्भुत व्यवस्था इस काम में मुख्य भूमिका दोनों गुर्दों की विशेष क्रियात्मक सर्जनात्मक इकाई नेफ्रॉन निभाती हैं। प्रत्येक गुर्दा 10 लाख नेफ्रॉन से मिलकर बना है नेफ्रॉन बहुत ही महीन छन्नी है। हमारा शरीर पानी कैसे बचाया जाए? कैसे उसका संरक्षण किया जाए? कैसे उसका अधिकतम उपयोग किया जाए? भलीभांति जानता है, लेकिन हम नहीं जानते यह अजीब विडंबना है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका जल को बचाना जानती हैं। प्रत्येक कोशिका के बीच मिनिमम वॉटर वेस्टेज पर आधारित वाटर चैनल्स काम करता है, जो विशेष जल रोधी एक्वा प्रोटीन से काम करता है। प्रति सेकंड हमारे शरीर के इन वाटर चैनल में जल के हजारों अणु गुजरते हैं।

# बेअसर एंटीबायोटिक्स से तपेदिक नियंत्रण बना चुनौती



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुन: इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिकों ने चेताया है कि आहार के लिए पाले जाने जिन जंतुओं -मुर्गी, सूअर, तीतर, बटेर, बतख, टर्की और किवी को एंटीबायोटिक खिलाने से मनुष्य में एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बढ़ रही है। इसकी वजह से कॉलरा, टाइफाइड, शिगेला जैसे बैक्टीरिया के विरुद्ध पारंपरिक दवाएं असरदार नहीं हो रही हैं। इलाज के दौरान भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। कॉम्बिनेशन एंटीबायोटिक्स का असर मनुष्य देह में पलने वाले संक्रमण को खत्म करने के लिए धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। हालांकि नयी संश्लेषित दवाओं पर काम हो रहा है, परंतु पेड़-पौधों से प्राप्त होने वाले नए एंटी-बैक्टीरियल मॉलिक्यूल्स के परीक्षणों पर खोज जारी है। साथ ही समुद्री वनस्पतियों एवं शैवाल से भी नए एंटी-बैक्टीरियल और माइक्रोबियल एजेंट्स तलाशे जा रहे हैं।

रोगकारक बैक्टीरिया इतना चालाक है कि 'म्युटेट' कर लेता है और अपना जेनेटिक मेकअप भी बदल लेता है। हैजा के बैक्टीरिया में एक मॉलिक्यूलर पंप होता है जिससे वह दवा को बाहर धकेल कर जिंदा रहकर सक्रिय बना रहता बनाए रखता है। इसलिए सलाह यह दी गई है कि फ़ार्म चिकन, अंडा, पोर्क और बीफ न खाया जाए। अगर दारू ऊपर से सेवन भी किया जाता है तो मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। मसलन तपेदिक के प्रति एंटीबायोटिक-रेजिस्टेंस कुछ अधिक ही दिख रहा है। मरीज लोग समय पर दवा नहीं लेते या आधी-अधूरी लेकर छोड़ देते हैं और लापरवाह हो जाते हैं। अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा। क्या क्लिनिकल टेस्ट्स और इन्वेस्टीगेशन्स का तरीका बदला जा रहा है? सन 2015 से ऐसी कोशिश हो रही है कि बेसिलस टुबरकुलीन अर्थात् टीबी करने वाले बैक्टीरिया के नए और ड्रग रेसिस्टेंट स्ट्रेंस या विभेद और विभेदों की पहचान के लिए कुछ और किया जाए जैसे कि एक बार चीन ने टीबी इंफेक्शन पकड़ने के रक्त की जांच शुरू की थी,लेकिन रिजल्ट्स 'फाल्स नेगेटिव' या 'फाल्स पॉजिटिव' रहते थे। इस तकनीक में इंफेक्शन को पकड़ने के लिए रक्त में मौजूद 'मार्कर्स' या बायो-लॉजिकल पार्टिकल्स को ढूंढा जाता है, जो इंफेक्शन होने के बाद रक्त में घूमते रहते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने इसे रिजेक्ट कर दिया और कहा कि एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही 100 प्रतिशत कामयाब टेस्ट हैं। रक्त में 200 किस्म के मेटाबॉलाइट्स मौजूद होते हैं और 'मार्कर्स', या अतिसूक्ष्म जैव-पदार्थ भी,लेकिन टीबी स्पेसिफिक मार्कर्स को डिटेक्ट करने और इन्हें इंटरप्रेट करने में गलती की संभावना अधिक होती है। भारत में बहुत सी लैब यह टेस्ट करने लगी थीं, जिन्हें इससे संबंधित सीरो-डायग्नोस्टिक किट्स का चीन से आयात बंद किए जाने के निर्देश जून, 2012 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए थे। सरकारी तंत्र में कन्फर्मेशन के लिए एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही अभी चलता है। उदाहरण के लिए शरीर में टीबी का संक्रमण सिर्फ फेफड़ों में (पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस) ही नहीं होता, बल्कि अन्य अंगों जैसे कि जठरांत्र शिरा (गैस्ट्रोइंटेसटानल), हड्डियों और लिवर में, लसिका ग्रंथियों, मूत्राशय अंग, को भी प्रभावित करता है। इन्हें सिर्फ एक ही बैक्टीरिया प्रभावित करे ऐसा नहीं है,बल्कि इसका ड्रग-रेसिस्टेंट विभेद भी प्रभावित कर सकता है जिसका पितृ-जीवाणु मायको-बैक्टीरियम ट्यूबरकुलम ही है। तपेदिक का जीवाणु कैसे ड्रग रेसिस्टेंस विकसित करता है इसके मैकेनिज्म को भी समझ लिया गया है। इसे समझे बिना उक्त विभेद को निष्क्रिय या नष्ट करने के लिए नई दवा का विकास जिया जाना संभव ही नहीं था। इस वक्त देश में तपेदिक के मरीजों को 'सेकेंड लाइन ड्रग्स' अर्थात् एमिनो-ग्लाइकोसाइड्स,पॉलीपेप्टाइड्स, फ्लूरोकिनोलोंस, थायो-एमाइड्स, साइक्लोसेरीन्स,और पैरा-अमीनो सैलीसायिक्लिक एसिड केकर निरोग किया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्यूबरक्लोसिस रिसर्च (आईसीएमआर) के शोध के मुताबिक़ अत्याधिक ड्रग रेसिस्टेंट पाए जाने पर मरीजों को नेशनल ट्यूबरक्लोसिस कण्ट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत केटेगरी-4 की जो नई मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट दवाएं दी जा रही हैं इनमें रिफम्पिसिन, एथम्बूटोल और आयसोनायाज़िड न होकर सात दवाएं संयुक्त रूप से दी जाती है। अत्यधिक मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को काबू में करना दुनिया भर में एक मुश्किल काम बना हुआ है। तपेदिक को दूर करने के लिए बहु-औषधीय दवाओं का बे-असर होना पश्चिम के विकसित देशों में भी बहुत समय से अब दिखाई दे रहा है। पूर्वी यूरोप के देशों और रूस में यह व्याप्त है। यह न समझें कि रेसिस्टेंस सिर्फ अफ्रीका और साउथ एशिया के देशों की समस्या अधिक है। इस संबंध में भारत के आंकड़े प्रस्तुत करने की बजाय यह समझना जरूरी है कि टीबी के संक्रमण का शक या लक्षण प्रकट होते ही इसे चेक करवाएं और न केवल टीबी पैदा करने वालें कारकों अथवा 'रिस्क-फैक्टर्स' से दूर रहें बल्कि उन लोगों से भी जिनमें टीबी के प्रति बहुऔषधीय तीव्र अवरोध हो चुका है।

# भगत सिंह और उनके विचार



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 साल के भगत सिंह की पहचान सांडर्स वध या एसेंबली में बम फेंकने या एक क्रांतिकारी के रूप में करना कमतर है। भगत सिंह एक विचारक थे,दृष्टा थे,युग परिवर्तक थे। कभी मौका लगे तो भगत सिंह को पढ़िए। भगत सिंह को पढ़ेंगे तो आप महसूस करेंगे कि उनका चिंतन और लेखन उनके कार्यकलापों से ज्यादा क्रांतिकारी था। भगत सिंह हिंदी उर्दू गुरुमुखी अंग्रेजी में समान पकड़ रखते थे।

मैंने भगत सिंह का लिखा लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' पढ़ा। आर्यसमाजी धार्मिक परिवार से होने के बाद भी वह नास्तिक क्यों हुए? उनके कई साथी धार्मिक थे। शचींद्र नाथ सान्याल ईश्वर को मानते तो नहीं थे,लेकिन उसके अस्तित्व को नकारने का उनमें साहस नहीं था। रामप्रसाद बिस्मिल कट्टर आर्यसमाजी थे। राजेन्द्र लाहिड़ी साम्यवादी के बावजूद उपनिषद और गीता का पाठ करते थे।

भगत सिंह शायद इसलिए नास्तिक हुए की आस्तिक प्रयास कम और ईश्वर पर निर्भर ज्यादा रहता है। अपने ऊपर हो रहे जुल्म को वह पूर्वजन्मों के पाप-पुण्य से जोड़ लेता है। भगत सिंह को पढ़िए अगर आप पढ़कर भगत सिंह जिंदाबाद बोलेंगे तो एक नई ऊर्जा आपके शरीर में प्रवाहित होगी। भगत सिंह के विचार हैं -'अध्ययन करो। स्वयं को विरोधियों के तर्कों का सामना करने लायक अध्ययन करो। अपनी बात के समर्थन में तर्कों से लैस होने के लिए अध्ययन करो। मैं महत्वाकांक्षा, आशा और जीवन के आकर्षण से भरा हूं,लेकिन जरूरत के समय मैं सब कुछ त्याग सकता हूं। बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं होती। क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर पर तेज होती है। लोग स्थापित चीजों के आदी हो जाते हैं, इसलिए परिवर्तन के विचार से कांपते हैं। इस सुस्ती की भावना को क्रांतिकारी भावना द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है। किसी ने सच ही कहा है कि सुधार बूढ़े आदमी नहीं कर सकते। वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं। सुधार तो होते हैं,युवकों के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं।"

# कृषि और गोपालन पर ध्यान दे प्रशासन

महसी, बहराइच

**अमृत विचारः** जिले के ग्रामपंचायत के पाण्डेयपुरवा चौराहे पर विषमुक्त खेती नशामुक्त गांव विषय पर चौपाल का आयोजन हुआ। चौपाल में किसान परिषद शिक्षक अभिभावक संगठन , गायत्री परिवार व प्रगतिशील किसानों ने उन्नतशील खेती-किसानी व पशुपालन के लिए कृषि विज्ञान आधारित संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग एवं परम्परागत तरीकों से जैविक खेती बागवानी सब्जी उत्पादन हेतु चर्चा-परिचर्चा किया।

किसान परिषद की ओर से चौपाल को संबोधित करते हुए मालवीय मिशन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि, रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग एवं कीटनाशक दवाइयों के खेती किसानी में लगातार प्रयोग से कृषि उत्पाद विषैला हो चुका है जिसके उपयोग से हम सब लाइलाज बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं धरती भी बांझ हो रही है पर्यावरण व जल भी प्रदूषित हो रहा है ऐसे में आवश्यक है कि, गोबर , कंपोस्ट , हरी खाद व जैविक खाद का उपयोग कर हम अपना और समूचे मानवजाति का स्वास्थ्य संवर्धन करें। समाजसेवी किसान परिषद संरक्षक अनिल त्रिपाठी एडवोकेट ने खेती किसानी बागवानी एवं गौपालन को मानवजाति के संरक्षण के लिए परम आवश्यक बताते हुए स्थानीय कृषि रोजगार आधारित खेती को बढ़ावा देने का आवाहन किया । संचालन करते हुए आयोजक पर्यावरण विद पुण्डरीक पाण्डेय ने घाघरा नदी के कटान के बाद खेती किसानी में आ रही समस्याओं व जटिलताओं की ओर ध्यान आकृष्ट करवाते हुए कृषि एवं जिला प्रशासन से घाघरा व सरयू नदी कटान प्रभावित इलाकों में कृषि, गौपालन ,सब्जी व फल उत्पादन के लिए विशेष योजना से आच्छादित करवाये जाने की मांग की चौपाल की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान बाला प्रसाद पाण्डेय ने किया। चौपाल में प्रमुख रूप से शिक्षाविद पंडित राम सागर पाण्डेय, प्रगतिशील किसान गिरजाशंकर मिश्र, पर्यावरण विद समाजसेवी राकेश चंद्र श्रीवास्तव, शिव प्रकाश, चंचरीक पाण्डेय , रामकुमार मिश्र, अमृतलाल रामचंद्र अवस्थी, पाटनदीन, राकेश राजेश शुक्ल, मनोज अवस्थी, सिद्धार्थ , हाकिम, शीतला सिंह समेत सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन शंकर किसान सेवा संचालन केंद्र के संचालक आदर्श बाबू ने किया।


गोष्ठी में आयोजित किसान। अमृत विचार

## ई-रिक्शा व कार में हुई टक्कर, आधा दर्जन घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** इकौना थाना क्षेत्र के इकौना भिनगा मार्ग पर भोजपुर मोड़ के पास ई रिक्से में कार ने ठोकर मार दी। जिससे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शनिवार को इकौना से ई रिक्शा सवारी लेकर भिनगा जा रहा था भोज पुर मोड़ के पास पहुंचते ही भिनगा की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार कार ने टककर मार दी। जिससे ई रिक्शा पलट गया। रिक्शे मे सवार इकौना थाना क्षेत्र के शिवजोत निवासी शांती देवी पत्नी भगवान दास, भगवान दास पुत्र बैजू प्रसाद वह पड़ोसी जनपद बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्र के पतली तारा निवासी पुत्तू लाल पुत्र लालता प्रसाद साहू सुनीता देवी पत्नी पुत्तू लाल, सरस्वती पुत्री पुत्तू लाल सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भिनगा मे भर्ती कराया जहाँ दवा उपचार किया जा रहा है।




# अच्छे कार्य करने वाले बीएलओ को करें सम्मानित : डीएम

## जिलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिलाई शपथ

बहराइच

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 286-बहराइच के मतदान केन्द्र मसऊद गाजी गर्ल्स इण्टर कालेज तथा प्राथमिक विद्यालय कल्पीपारा का औचक निरीक्षण कर मतदान केन्द्र की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

डीएम मोनिका रानी ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान मतदाताओं के बीच स्वयं मतदाता सूची में लिखे नामों को पढ़कर सुनाया तथा मौजूद लोगों से पढ़े गये नामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा बताया गया कि मतदान केन्द्र मसऊद गाजी गर्ल्स इण्टर कालेज पर 10 बूथ तथा कल्पीपारा में 04 बूथ है। डीएम ने बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि कारोबार के सिलसिले में मतदान केन्द्र से बाहर रहने वाले मतदाताओं का मोबाइल नम्बर एकत्र कर रजिस्टर में अंकित करें ताकि ऐसे मतदाताओं के मोबाइल नम्बर पर जनपद में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बार-बार एसएमएस के माध्यम से प्रेरित किया जा सके। मतदान केन्द्र मसऊद गाजी गर्ल्स इण्टर कालेज के बूथ नं 10 के बीएलओ द्वारा अच्छा कार्य किये जाने के फलस्वरूप सम्मानित किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने लोगों से कहा कि मतदान दिवस के दिन परिवार के बुजुर्ग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनकों भी अपने साथ ले जायें।

डीएम ने एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा व बीडीओ चित्तौरा सौरभ त्रिपाठी को निर्देश दिया कि कम मतदान के कारकों का तत्काल समाधान कराते हुए मतदान केन्द्रों पर आयोग के अनुसार व्यवस्थाएं कराएं।


प्राथमिक विद्यालय में मतदान के लिए शपथ दिलाती डीएम। अमृत विचार

# आज होगा होलिका दहन 25 को खेली जायेगी होली

आर टी ओझा, श्रावस्ती

**अमृत विचार**। जिले में आज होलिका दहन होगा। जनपद के तराई क्षेत्र की होलिका दहन और होली अपने आप में अलग पहचान बनाती है। जहां होलिका दहन को लेकर बच्चों में उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं युवाओं में भी होली खेलने हुडदंग, के प्रति उत्साहित नजर आ रहे हैं। तराई के आंचल में बसे गांवों में होलिका दहन से पहले गांव में चलो होलिका तापय, बुरा न मानव होली है,के साथ होलिका दहन के लिए सभी गांव वालों को बुलाया जाता है। पंडित जी अपने निहित समय पर पहुंच कर होलिका दहन करते हैं। फिर गांव के लोग ढोल, मंजीरे के थाप पर होली गाते हैं। महिलाएं टोली बना बनाकर होली की गीत गाती हुई होलिका दहन स्थान पर जाती है।और गीत गाते हुए अपने रिश्ते के अनुसार गांव के लोगों को गालियां देते हुए होली गीत गाती है। होलिका दहन की परिक्रमा करके गोबर द्वारा बनाए गए उपलों को होलिका दहन में डालती है। होली के दिन सुबह महिलाओं द्वारा एक टीम बनाकर होलिका दहन पर जाया जाता है। जिसे धूल उड़ाना कहते हैं। महिलाओं द्वारा सबसे पहले रंग होलिका दहन पर डाला जाता है। इसके बाद वहां से होली गीत गाती हुई महिलाएं पूरी टोली के साथ एक दूसरे के घर जाकर गीत गाकर आपस में होली खेलती है। तत्पश्चात शुरू होता है युवाओं का हुड़दंग होली,एक दूसरे के ऊपर रंग डालना डी जे पर थिरकना जमकर होली खेली जाती है।12 बजे के बाद हुड़दंग होली बंद हो जाती है। पुरुषों द्वारा टीम बनाकर एक दूसरे के घर जाते हैं गले मिला जाता है। एक दूसरे को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी जाती है।

## मां की डांट से गुस्साए किशोर ने की आत्महत्या

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** नवीन मॉडर्न पुलिस थाना क्षेत्र का रहने वाला एक किशोर ने शुक्रवार की शाम मां की डांट से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नवीन मॉडर्न पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत डिंगुराजोत गांव के मजरा फत्तूपुर निवासी 15 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र बृजेश निषाद शुक्रवार को घर से बिना बताएं कहीं घूमने चला गया था। दोपहर बाद जब घर लौटा तो मां ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया। डाटने के बाद मां दवा इलाज के लिए मथुरा बाजार चली गई। मां की डांट बेटे को नागवार लगी और वह फूस के घर में जाकर प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बना कर छप्पर में रस्सी बांध कर लटक गया। जब तक परिजनों की इसकी जानकारी होती तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।

## अलग -अलग दुर्घटनाओं में दो व्यक्ति घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचारः** अलग अलग स्थानों पर हुई दो दुर्घटनाओं में दो लो घायल हो गए। सिहनिया गांव निवासी राजेश श्रीवास्तव कलक्ट्रेट चौराहे से चाय पीकर एआरटीओ कार्यालय जा रहे थे। तभी सामने से आ रहे एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी जिससे उनकी बाइक पलट गई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहाँ पर उनका उपचार किया जा रहा है। वही दूसरी घटना भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर पड़री की है। इसी गांव के निवासी हवलदार थ्रेसर से मसूर की मड़ाई कर रहे थे। इसी बीच उनका हाथ थ्रेसर में चला गया जिससे उनकी अगुलियां कट गईं। लोगों ने आनन फानन में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहा पर उपचार किया जा रहा है।

# संचारी रोग नियंत्रण सम्बन्धी बैठक आयोजित

**श्रावस्ती, अमृत विचारः** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान को सफल बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज एवं सहयोग सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है। जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाकर जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति सजग एवं जागरूक करते हुए विशेष साफ-सफाई रखने के लिए जागरूक किया जायेगा। उन्होने कहा कि संचारी रोग कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर क्षयरोग, दिमागी बुखार, खॉसी, जुखाम तथा विभिन्न संचारी रोगों से बचाव हेतु अभियान चलाकर सर्वे किया जाएगा। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संचारी रोग को दृष्टिगत रखते हुए साफ-सफाई, सेनीटाइजेशन, फॉगिंग, जल भराव, उथले हैंडपंपों का चिन्हीकरण कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाय तथा विशेष अभियान चलाकर जन जागरूकता फैलायी जाए।



# यातायात, ईंधन एवं लेखन सामग्री तथा प्रपत्रों की छपाई के सम्बन्ध में बैठक

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन में यातायात व्यवस्था व ईंधन की आपूर्ति एवं लेखन सामग्री व प्रपत्रों की छपाई व अन्य व्यवस्था पर विचार विमर्श हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर ससमय वाहनों की उपलब्धता व ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित कर ली जाए। निर्वाचन कार्यों को सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वाहनों, पेट्रोल पंप, विद्यालय अथवा आवश्यकतानुसार भवनों को अधिग्रहित करने की कार्यवाही की जाए तथा निर्वाचन से सम्बन्धित लेखन सामग्री एवं विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों की छपाई की व्यवस्था समय से पहले पूर्ण कर ली जाए, जिससे निर्वाचन में कोई व्यवधान न उत्पन्न होने पाए तथा निर्वाचन को व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। इस दौरान सहायक प्रभारी अधिकारी यातायात एवं ईंधन व्यवस्था/जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया गया कि 229 छोटे वाहनों एवं 10 मिनी बसों को निर्वाचन कार्य में लगाया जा रहा है। जिसमें 15 वाहनों को रिजर्व में भी रखा गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम दत्तराम, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उप जिलाधिकारी कुमार गौरव , जिला विकास अधिकारी रामसामुझ, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विनीत मिश्रा जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश आर्य, जिला पूर्ति अधिकारी आदि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. 1. डुगडुगी 2. डंका, नगाड़ा 3. ढोल 4. किसी काम में हाथ डालना या लगाना 5. क्षति या हानि पहुंचाना 6. हिंसा।
4. 1. जनता, जनसमूह 2. समाज में रहने वाले बहुसंख्यक लोग।
6. ठेलने की क्रिया या भाव।
9. 1. पानी या किसी तरल पदार्थ को गिराना, उड़ेलना 2. किसी पिघली हुई धातु को सांचे में ढालकर कोई आकार देना
10. 1. फ़ौज से संबद्ध, लशकर संबंधी 2. सेना या लशकर में कार्यरत 3. जलयान पर काम करने वाले।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ऋण या कर्ज़ चुकाने की क्रिया या भाव 2. पाटने की क्रिया या भाव।
2. 1. भुजबल, शारीरिक बल 2. पराक्रम, वीरता।
3. 1. भौंरे की गुंजन या आवाज़ 2. मंद ध्वनि, भनभनाहट।
5. किसी दल या पार्टी का मुखिया।
7. वह स्थान जहां सशुल्क ठहरने की व्यवस्था होती है
8. 1. पेड़-पौधे आदि में फूल लगना या आना 2. कली का विकसित होना



### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | मि | ति | ■ | 2 झ | ■ | 3 ओ |
| व | ■ | ■ | 4 ख | ड़ | ख | ड़ |
| न | ■ | 5 वै | ग | न | ■ | चा |
| त | ■ | ■ | वा | ■ | 6 अं | ■ |
| ■ | 7 पि | प | र | मिं | ट | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | शं | ■ |
| 8 ऐ | न | ■ | 9 द | प | ट | ना |

## सुडोकू -98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

### सुडोकू -97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 09 .54 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज किसी अच्छे और जन-कल्याण के कारण स्वयं पर गर्व की अनुभूति भी होगी। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आपका मन अशांत रहेगा। प्रेम संबंधों में विवाद होने की आशंका है। गैस और जलन के कारण आपको समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताने का प्रयास करें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग के कारण आपकी निद्रा खराब हो सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय होने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने से आपको प्रसन्नता होगी। दोस्त की मदद से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – आज लोगों के बीच अपनी छवि को लेकर थोड़े सतर्क रहेंगे। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत हो सकते हैं। पुराने ऋणों के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**सिंह** – आज नई योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के मन में आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रहेगा। व्यवसाय में नए संबंध विकसित होने की संभावना बन रही है। विदेश यात्रा में परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**कन्या** – आज संतान के व्यवहार और स्वास्थ्य को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा और बाहरी गतिविधियों में ज्यादा समय बर्बाद न करें। किसी आर्थिक योजना में धन निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी तरह से जानकारी ले लें।

**तुला** – आज प्रेमी आपके प्रति समर्पण भाव रखेगा। राजनीतिक लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शाम के समय आपका मन कुछ खिन्न रहेगा। व्यवसाय में अचानक धन लाभ प्राप्त होने की संभावना है। बच्चों की प्रतिक्रिया और विचारों का सम्मान करें।

**वृश्चिक** – आज अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी सक्रिय रहेंगे।


**धनु** – आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने में सफलता मिलेगी। किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में न लें। घर में क्लेश होने की आशंका है। आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेंगे। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

**मकर** – आज मानसिक अशांति और अवसाद जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। साझेदारी वाले काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में आपको जटिल काम सौंपे जाने की संभावना है।

**कुंभ** – आज धन से जुड़े मामलों में उधारी से आपको बचना चाहिए। शाम को आपका किसी से झगड़ा हो सकता है। नया व्यवसाय शुरू करने में सफलता मिल सकती है। आपकी सामाजिक लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज संपत्ति विवाद उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सावधान रहेंगे। प्रेम संबंधों में शंका और वहम की जड़े न पड़ने दें। आपका कोई काम लोगों को प्रभावित कर सकता है। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

## आज का पंचांग




**त्योहार/व्रत/दिवस**- छोटी होली,होलिका दहन।
**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 07 .34 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम — दोपहर : 12 .01
हिन्दुस्तान — रात : 08 .18

SONY MAX
तारा वर्सेज बिलाल — दोपहर : 01 .24
एनिमल — रात : 10 .00

SONY PIX
300 (2006) — सुबह : 10 .20
बुलेट ट्रेन — रात : 08 .50

ZEE CINEMA
गदर 2 — सुबह : 11 .15
फटा पोस्टर निकला हीरो — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
ओम शांति ओम — सुबह : 10 .53
सीता राम — रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11 .15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू ( लड़की को प्रपोज करते हुए )- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर-सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।



**तेरहवां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.40 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# जिले के स्कूल-कॉलेजों के साथ दफ्तरों में खेला गया रंग-गुलाल

## दिन भर बाजार भी रहे गुलजार, देर रात तक उमड़े खरीदार, कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन, गुझिया, सेवईं व खोवा-पनीर से सजी रहीं दुकानें

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** होली के रंग में पूरा जिला सराबोर हो गया है। शनिवार को स्कूल कॉलेजों के साथ दफ्तरों में खूब रंग गुलाल खेले गए। बाजार भी दिन भर गुलजार रहे। जहां देर रात तक खरीदार उमड़े।

नगर के चारों तरफ गली मुहल्लों से लेकर बाजार तक होली के सामानों से पटे नजर आए। शहर के चौक के चारों तरफ शाहगंज चौराहा से लेकर चौक तक, मेजरगंज से लेकर चौक तक, सब्जीमंडी से लेकर चौक, नगर कोतवाली के पीछे से लेकर चौक तक डिवाइडर और दोनों पटरियों पर दुकानें सजी हैं। किराना की दुकानों पर भी पिचकारी के साथ गुलाल व अबीर, कचरी और नमकीन ही नजर आई। किराना की दुकानों पर कचरी, पापड़ चिप्स, खुरमा, नमकीन, रेडीमेड गुझिया, मट्ठी नमकीन, ड्राईफ्रूट की सजावट रही। इसी तरह से पिचकारियों की दुकानों पर सामान्य पिटकारी 20 रुपए से लेकर 100 रुपए तक बेची तक बेची जा रही थी। इसके अलावा कलर रंग को सुगंधित करने वाली पिचकारियां 100 रुपए से लेकर 15 सौ तक बेची जा रही हैं। इसी तरह से पराग डेयरी के बूथों व मिठाई की दुकानों पर गुझिया, मट्ठी, नमकीन, मिठाईयां, चांदी वर्क गुझिया, सोना वर्क गुझिया भी सजी नजर आई। देशी घी की बनी गुझिया 600 रुपए तक और चांदी व सोना वर्क की गुझिया 1500 रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक बेची जा रही थी। खोवा मंडी में भी खोया-पनीर की दुकानें सजी नजर आई। किराना की दुकानों पर कई प्रकार की सेवई सजी हुई थी। प्रत्येक सेवई 50 रुपए से लेकर 80 रुपए पाव तक बेची जा रही थी।



बाजार में सजे पापड़, चिप्स व अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानों पर उमड़े खरीदार। अमृत विचार

### खचाखच भरा रहा चौक इलाका

खरीदारों की उमड़ी भीड़ होली व रमजान के खरीदारों की भीड़ शहर की बाजार में इस कदर उमड़ पड़ी की चौक इलाके में आम नागरिकों का पैदल भी चलना मुश्किल हो रहा था। इस बीच यातायात पुलिस व होमगार्ड जवानों को अस्पताल गेट व डाकखाना चौराहा और शाहगंज चौराहा से लेकर सब्जमंडी तक बैरीकेटिंग भी करना पड़ा। खरीदारों के पैदल जाने की छूट दी गई थी। वहीं, शहर के अंदर चल रही बेकरी की दुकानों पर होली का रंग चढ़ा नजर आया। अधिकांश दुकानों पर केक की जगह गुझिया, नमकीन, मिठाईयां सजी नजर आई।

### फाग का शोर हुआ कमजोर

त्योहारों से अब परंपरा धीरे-धीरे गायब होती जा रही है। होली भी इससे अछूती नहीं है। अब गांवों में फाग का शोर नहीं सुनाई देता है। न ही ठंडई और गुझियों का स्वाद मिलता है। रंग, अबीर और गुलाल लगाने तक ही होली का पर्व समिति हो गया है।

### कार्यालयों में खेली गई होली

जिले के सरकारी कार्यालयों में दोपहर बाद होली का माहौल दिखने लगा। कर्मचारी व अधिकारी एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। विकास खण्ड कार्यालयों पर कर्मचारियों ने रंग व गुलाल लगाकर एक दिन पहले होली खेली। विकास भवन में कर्मचारियों ने जमकर होली खेली। रंग-गुलाल लगाते देखकर रंग से बचने के लिए कई कर्मचारी विकास भवन से बाहर खड़े दिखाई दिए। सीडीओ कार्यालय में कर्मचारियों व अधिकारियों ने अपने अधिकारियों को अबीर लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिलापंचायत, उद्यान तथा बिजली विभाग कार्यालयों में होली मनाई गई।

**एक नजर**

### अंजलि ने आईआईटी जैम की प्रवेश परीक्षा पास की



**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के अचलपुर गांव की अंजलि तिवारी पुत्री हरिश्चंद्र तिवारी ने देश की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा आईआईटी जैम को पास किया है। फाइनल परिणाम में अंजलि ने आल इंडिया 570 रैंक हासिल किया। जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों की कट ऑफ 25.38 अंक रही। अंजलि ने 48.67 अंक अर्जित किया। अंजलि ने यह सफ़लता पहले प्रयास अर्जित किया है। अंजलि की माता प्रतिमा तिवारी एक गृहणी है। पिता सामान्य कृषक है।

### तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शनिवार को थाने की पुलिस कस्बे के साईं नाथ कान्वेंट स्कूल के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते समय आकाश सिंह निवासी कस्बा करौंदी कला को एक 315 बोर तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभियुक्त को चेकिंग के दौरान तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है।

### विक्षिप्त महिला को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गावों में भटक रही विक्षिप्त महिला को जांच पड़ताल कर पुलिस ने परिजनों को सौप दिया है। शुक्रवार को कोतवाली देहात पुलिस को अहिमाने बाजार में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला मिली। जिसे महिला पुलिस के सहयोग से थाने पर लाया गया। महिला आरक्षी रंजना यादव के प्रयास से महिला ने अपना नाम नीलम यादव गांव रामसिघावे जिला देवरिया बता पाई। सूचना पर महिला के परिजन सुलतानपुर पहुंचे पति सुरेश यादव बताया कि नीलम बीते 20 मार्च को मायके जाने के लिए निकली थी।

## बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** अमहट मंडी मोड पर शुक्रवार की देर रात में दो बाइकों की आमने सामने की भिड़त में दो युवक घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कालेज के अधीन पुरुष अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। नगर कोतवाली क्षेत्र के अमहट मंडी मोड़ पर रात्रि में करीब नौ बजे कुड़वार थाने के सौरभ पाण्डेय व बिसई का पुरवा के विकास कुमार की बाइक की आमने-सामने भिडंत हो गई। इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। सभी को मेडिकल कालेज के अधीन पुरुष अस्पताल ले जाया गया। जहां पर इमरजेंसी मेडिकल अफसर की सूचना पर सर्जन डॉ. रमेश कुमार ने दोनों घायलों का इलाज किया।

# पुलिस के साथ सभी एसडीएम करें क्षेत्र का भ्रमण: जिलाधिकारी

- डीएम ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला व अन्य नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में सौंपे गये उत्तरदायित्वों की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल एप/वेब व्यवस्था, निर्वाचन व्यय लेखा अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, प्रभारी अधिकारी यात्रा भत्ता, एमसीएमसी एवं प्रेस मीडिया सेल व्यवस्था आदि विषयों पर प्रगति समीक्षा की गयी। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पुलिस क्षेत्राधिकारियों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें। आगामी त्यौहार के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना तत्काल मुख्य राजस्व अधिकारी को उपलब्ध करायें। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि पोलिंग सेन्टरों का एक बार अवश्य भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं वाल राइटिंग आदि है, तो उसे तत्काल मिटवाया जाय और आयोग के मंशानुरूप आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारी से सी-विजिल एप के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य राजस्व अधिकारी देवेंद्र सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि सभी आधारभूत व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गयी हैं। सी-विजिल एप का संचालन सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सी-विजिल एप शुरू किए जाने के संबंध में सभी आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गयी है तथा कार्मिकों की तैनाती कर उन्हें प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल संबंधित को हस्तांतरित कर निस्तारण समय से कराया जा रहा है।

मुख्य कोषाधिकारी/नोडल निर्वाचन व्यय लेखा अनुवीक्षण प्रकोष्ठ अरविंद सिंह द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया गया कि व्यय प्रेक्षक रिपोर्ट, उड़दस्ते द्वारा नगदी अन्य मदों की जब्ती तथा संबंधित शिकायतों पर दैनिक/गतिविधि रिपोर्ट, आदर्श आचार संहिता सम्बन्धित शिकायतों पर उड़दस्ते द्वारा दैनिक गतिविधि रिपोर्ट, स्थैतिक निगरानी द्वारा दैनिक रिपोर्ट, वीडियो निगरानी दलों के लिये क्यू शीट, प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में राजनैतिक दलों द्वारा दिये जाने वाले विज्ञापनों पर कड़ी नजर रखने, कॉल सेन्टर सूचना पर रिटर्निंग अधिकारी की दैनिक कार्यवाही रिपोर्ट भेजने आदि के सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है।

जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी अपने-अपने उत्तरदायित्वों को निर्वाहन निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार कराना सुनिश्चित करें।



चुनाव तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।

# आरटीआई की पारदर्शिता पर रहेगा जोर: वत्स

- सूचना आयुक्त के गृह जनपद के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अपने गृह जनपद में प्रथम आगमन पर सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह 'वत्स' का शनिवार को जगह-जगह स्वागत किया गया। यहां पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार की पारदर्शिता पर उनका फोकस रहेगा।

उन्होंने कहा कि सूचनाओं का वर्गीकरण करना होगा। जिससे व्यक्तिगत लाभ व निहित स्वार्थ के लिए कुछ लोग इसका दुरूपयोग न कर सकें। इसके लिए लगातार बैठक हो रही है। जो अधिकारी व जिम्मेदार सूचना के अधिकार के तहत मांगी गयी सूचनाओं का ससमय जवाब नहीं दाखिल करेगा। उसके खिलाफ विधि संगत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि जिले के पौराणिक स्थल बिजेथुआ धाम से संबंधित कोई जन सूचना प्राप्त होगी तो अन्य सूचनाओं के साथ विशेष रुप से उसपर ध्यान दिया जाएगा।

कादीपुर तहसील के करौंदीकला क्षेत्र के निवासी वीरेंद्र सिंह 'वत्स' वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं। शासन द्वारा सूचना आयुक्त के पद पर उनका मनोनयन किया गया है। शासन ने उन्हें मेरठ व चित्रकूट मंडल के 10 जिलों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। उन्हें पर्यटन, नमामि गंगे, लघु सिंचाई, मत्स्य, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक उद्यम, सैनिक कल्याण सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।



सूचना आयुक्त बने वीरेंद्र सिंह वत्स का जिले में किया गया स्वागत। अमृत विचार

### रामबरन पीजी कॉलेज में हुआ जोरदार स्वागत

**सुलतानपुर :** नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र वत्स का जयसिंहपुर तहसील के श्याम कुमारी इंटर कालेज पेमापुर में प्रबंधक अजय कुमार सिंह के द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यहां उन्होंने माता श्याम कुमारी की मूर्ति का माल्यार्पण किया, तत्पश्चात वे राम बरन पीजी कॉलेज विभारपुर पहुंचे। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रबंधक अजय कुमार सिंह, प्रशासक संजय सिंह, डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह, इंचार्ज प्राचार्य अजय कुमार त्रिपाठी, अमर बहादुर वर्मा, जितेंद्र कुमार सिंह, राम प्रताप दुबे आदि मौजूद रहे। वहीं, कादीपुर में केशव मिश्र, विनोद श्रीवास्तव, अंबरीश मिश्र आदि ने स्वागत किया।

## सपाइयों ने मनाई लोहिया की जयंती

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी की तरफ से डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई। शनिवार को कस्बे में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भगेलू राम डॉ लोहिया के चित्रपर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया समाजवाद के पुरोधा थे। पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष सूर्य लाल यादव ने डॉ लोहिया को सामाजिक समरसता के अग्रदूत बताते हुए कहा कि डॉ लोहिया किसान, दलित एवं पिछड़ों को अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत रहे। इस अवसर पर शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव के शहीद दिवस पर उन्हें भी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।

**सार-संक्षेप**

### पिकअप ने बाइक को मारी ठोकर, एक की मौत व दूसरा गंभीर

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बाइक सवार दो युवकों को पिक अप ठोकर मार भाग निकली। ठोकर लगने से एक की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजते हुए मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल युवक की गंभीर अवस्था देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर कुबेर शाहपट्टी मार्ग पर पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार भाग निकली। ठोकर लगने बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गए। जिसमें चांदा थाना क्षेत्र के ईसीपुर गांव निवासी जितेंद्र (30) पुत्र जंग बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई। वही करौंदी कला थाना क्षेत्र के पाकडपुर गांव निवासी जरवन हरिजन (35) पुत्र लौटू हरिजन गंभीर रूप से रूप से घायल हो गया। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल को सीएचसी लंभुआ भेजा। घायल की गंभीर अवस्था देखते हुए सीएचसी के चिकित्सको ने मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं दूसरे घायल युवक का इलाज चल रहा है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।



नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते पालिकाध्यक्ष।

### होली को लेकर पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों संग की बैठक

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को होली के मद्देनजर पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पालिकाध्यक्ष ने बीते वर्ष की तरह होली मनाएं जाने हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि होली के दिन निर्बाध रूप से पेयजल व्यवस्था व जरूरत के अनुसार सार्वजनिक स्थलो पर पानी के टैंकर भेजे जाए। विभाग द्वारा बताया गया कि अब तक 47 स्थलों पर टैंकर की व्यवस्था हेतु मांग आ चुकी है। शेष मांग के अनुसार व्यवस्था सुनश्चित की जायेगी। सफाई विभाग को निर्देशित किया कि होली के दिन सुबह 7 बजे तक नगर में साफ-सफाई व कूड़ा उठान का कार्य प्रत्येक दशा में पूरा हो जाना चाहिए। साथ ही बताया कि आदर्श आचार संहिता के चलते नगर पालिका प्रांगण में मनायी जाने वाली होली मिलन समारोह स्थगित किया गया है। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी लालचन्द्र सरोज, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता, डी0पी0एम0 विपिन शुक्ला, सफाई प्रभारी हनुमान सिंह व उपेन्द्र यादव, प्रभारी अवर अभियन्ता (जल), प्रभारी लिपिक जल-कल पवन कुमार शुक्ला व अन्य मौजूद रहे।

# डीजे बजाने वाले संचालकों पर दर्ज होगा मुकदमा: एसडीएम

- तहसील क्षेत्र में रूट मार्च निकाल कर दिया शांति का संदेश

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** होली पर्व और लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। एसडीएम और सीओ ने लोगों से होली पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ चुका है।

शनिवार को बल्दीराय थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने अर्धसैनिक बल के साथ बल्दीराय थाना क्षेत्र में रूट मार्च कर आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया गया। इब्राहिमपुर, पारा बाज़ार, इसौली, बल्दीराय, बहुरावा, देहली बाजार से होते हुए बघौना में समाप्त हुआ। एसडीएम विदुषी सिंह ने बताया कि इस रूट मार्च का मुख्य उद्देश्य बल्दीराय तहसील क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखना और शरारती तत्वों को संदेश पहुंचाना है कि वह कोई गलत कार्य करने की हिकामत न करें। ताकि वह निडर होकर मतदान करें। बल्दीराय पुलिस व अर्धसैनिक बल उनकी सहायता के लिए पूर्ण रूप से तत्पर है। सीओ बल्दीराय सौरभ सावंत ने कहा कि चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए सभी पर्व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। इस मौके पर पारा बाजार चौकी इंचार्ज चन्द्र शेखर सोनकर, वलीपुर चौकी इंचार्ज विजय कुमार गुप्ता, देहली चौकी इंचार्ज अनिल अवस्थी रहे।



एसडीएम बल्दीराय ने फोर्स के साथ किया पैदल मार्च।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का समापन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** प्राचार्य प्रो. आरएन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से भाईचारा, समन्वय एवं सामंजस की भावना का विकास होता है। यही शिविर की सबसे बड़ी सार्थकता है। वह संत तुलसी दास पीजी कॉलेज कादीपुर सराष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

सुबह सभी स्वयंसेवक शिविर स्थल की साफ सफाई की। स्वयंसेवक चयनित गांव में एक बार फिर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो रामनयन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भीम सिंह समाजसेवी और पशु अस्पताल कादीपुर के डॉ. आरबी सिंह रहे। लक्ष्मी मिश्रा एवं सरस्वती मिश्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि आप सभी ने इस तेज गर्मी में 7 दिन बिताए, जो बहुत मूल्यवान है। यहां कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह और डॉ. राजकुमार सिंह, अंजू मिश्रा, डॉ. हरेंद्र सिंह, नीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

**भूली बिसरी यादें** — जंगल और बागानों में लालिमा बिखेरते हैं टेसू के फूल

# कहानियों में सिमटी टेसू के फूलों के रंगों की होली

हनुमान तिवारी, धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जंगल और बागानों में लालिमा बिखेरते टेसू के फूलों के रंग से होली खेलना अब किस्से कहानियों तक सिमट कर रह गया। आधुनिकता मे पल बढ़ रहे नई पीढ़ी को नहीं पता कि हर्बल और केमिकल युक्त रंग उनकी सेहत को कितना बदरंग कर सकते हैं।

दो दशक पूर्व सतरंगी रंगों की छटा बिखेरते होली त्यौहार से तन मन महक जाते थे। ऐसा गांव के बूढे.बुजुर्गों का मानना है। गांव निवासी कहते हैं कि हमारे तीज त्यौहारों की परंपरा दशकों पहले प्रकृति के सहयोग पर आधारित रही। जो त्यौहार जिस महीने में आता है उस त्यौहार की तैयारी में प्रकृति स्वयं कुछ व्यवस्था बना देती है।

फाल्गुन मास लगते ही गांव के जंगलों और बागानों मे टेसू वृक्ष में फूल लग जाते थे। जिन फूलों का रंग निकाल कर ग्रामीण सुरक्षित होली का आनंद दशकों पूर्व तक लेते रहे। लेकिन आधुनिकता के दौर में इस प्राकृतिक रंग से लोगों ने किनारा कर लिया है। हालांकि, आज भी ब्रज के मंदिरों खासकर श्री बांके बिहारी मंदिर में आज भी टेसू रंग से होली खेलने की परंपरा है।



धनतगंज में टेसू के फूलों से लदा पेड़।

### टेसू के फूल से कैसे निकाला जाता है रंग



क्षेत्र के बुजुर्ग माता प्रसाद कहते है कि फाल्गुन मास में टेसू का फूल पेड़ों पर लग जाता है। पहले ग्रामीण इन फूलों को तोड़ कर पानी में उबालते थे, जिससे टेसू का रंग पानी में उतर आता था और लोग इसी रंग से होली खेलते थे। जो किसी तरह से त्वचा को नुकसान नहीं पंहुचाता था। एक बेहतर सुगंधित रंग बने इसके लिए इसमें अगर, चंदन, खस तथा गुलाब की पंखुड़ियों को साथ उबाल कर सुगंधित बनाया जाता था। जो तन मन को महका देता था।

### टेसू वृक्ष का क्या है पौराणिक महत्व



पंडित मुकेशानंद महाराज कहते है कि पुराणों की मानें तो टेसू वृक्ष की शाखाओं पर ब्रह्मा, विष्णु और शिव का वास होता है। इसके औषधीय उपयोग के साथ हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में अति महत्वपूर्ण यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान इसकी टहनी का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाता है।

### केमिकलयुक्त रंगों से हो सकता है स्वास्थ्य को नुकसान



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डा. अरूणेश सिंह कहते है कि शीशा, पारा जैसे तत्वों से निर्मित रंग त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। त्वचा रोग की प्रबल संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, इससे बचें।












आप सभी जनपदवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सुलतानपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
देवी प्रसाद सोनी
अध्यक्ष
नवीन कुमार अग्रहरि
महामंत्री
लक्खीचन्द्र कौशल
कोषाध्यक्ष
सर्राफा व्यापार मण्डल–सुलतानपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
कैलाश चन्द्र दूबे
अध्यक्ष
प्रधान संघ-लम्भुआ
सुलतानपुर
सीमा सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत-चौकिया
शुभम सोनकर
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-शाहगढ़
अशोक कुमार तिवारी "माले"
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-घाटमपुर उत्तरी
संजय कुमार मिश्रा
प्रधान
ग्राम पंचायत-बेलाही
केदारनाथ सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत-नूरमपट्टी
रवि मिश्रा
प्रधान
ग्राम पंचायत-मकसूदन
प्रसून मालवीय
प्रधान
ग्राम पंचायत-बहमरपुर
आनन्द कुमार मिश्रा
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-रायपुर
संजय कुमार सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-लोटिया

एलेना पी.जी. कालेज-बाहरपुर
लहौटा, सेमरी बाजार-सुलतानपुर
आप सभी क्षेत्रवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रबन्धक
शिवकुमार सिंह
प्रशासक
नीरज सिंह

आप सभी जनपदवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार सिंह
प्रबन्धक
राम बरन पी.जी.कालेज विभारपुर
जयसिंहपुर -सुलतानपुर

आप सभी ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र कुमार
(पिन्टू)
ग्राम प्रधान-सैदखानपुर
वि.ख. कूरेभार,सुलतानपुर
मो.9628002009

आप सभी क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रशेखर आर. शुक्ल
"बेबी भईया"
राष्ट्रीय अध्यक्ष-लोकाधिकार सेवा समिति
प्रभाकर शुक्ल
"रिंकू भईया"
लोकाधिकार सेवा समिति
महासचिव
राहुल चन्द्रशेखर शुक्ल
ब्लॉक प्रमुख
जयसिंहपुर
निवेदक समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य गण

आप सभी जनपदवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आर.ए.कोल्ड स्टोरेज
एण्ड
आइस प्लांट
(ए यूनिट आफ साईं इण्टरप्राइजेज)
हनुमानगंज-सुलतानपुर
7887719800
8577898008
हमारे सहयोगी प्रतिष्ठान :- साईं आटो सेल्स (बजाज शो-रूम कूरेभार) 9119656600
साईं सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा.लि. प्रो.-संतोष मिश्र 9450688008

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आनन्द कुमार पाण्डेय
अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय सुलतानपुर
प्रत्याशी
महासचिव बार एसोसिएशन-सुलतानपुर
मो.9453655455

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कुमार सिंह
एडवोकेट
प्रत्याशी महासचिव
जिला एवं सत्र न्यायालय सुलतानपुर मो.9838167000

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अब्बास अहमद खान
एडवोकेट
जिला एवं सत्र न्यायालय सुलतानपुर

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द सिंह राजा एडवोकेट
जिला एवं सत्र न्यायालय सुलतानपुर
जिला संयोजक
विश्व हिन्दू परिषद् विधि प्रकोष्ठ
संरक्षक
अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद् एवं
राजपुताना शौर्य फाउण्डेशन

आप सभी जनपदवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
पंडित कृष्णकांत मालवीय
लिपिक
सत्र न्यायालय सुलतानपुर

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 दिग्विजय सिंह
नोडल चिकित्साधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
जयसिंहपुर-सुलतानपुर
मो.7307027520

आप सभी जनपदवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
राम प्रताप यादव
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-महमंदीपुर
वि0ख0-धनपतगंज

आप सभी क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार सिंह
अध्यक्ष
राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश
जनपद - सुल्तानपुर

आप सभी क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
रामतीरथ रजक
समाजसेवी
जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी वार्ड नं. 17

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
निवेदक
पिंकल तिवारी,मनोज मौर्य,के0 के0 सिंह
माहताब हुसैन,सरयू पाठक,अजीत सिंह
राजेश कुमार,दिनेश शुक्ल,चन्द्र भान पाण्डेय
अनुज तिवारी,अरुण बरनवाल,राजेश श्रीवास्तव
राकेश सिंह उमेश सिंह त्रिभुवन तिवारी
रणधीर सिंह
अध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय जू0 हाई स्कूल शिक्षक संघ-सुलतानपुर

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
SONALIKA INTERNATIONAL
किरन ऑटो सेल्स
अयोध्या-प्रयागराज मार्ग,टाटियानगर
सुलतानपुर
प्रो. शौर्य शुक्ल
मो.9140646900

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
रविशंकर शुक्ला
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम पंचायत-उमरी
ब्लॉक-कूरेभार,सुलतानपुर
मो.9838342100

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक सागर
अध्यक्ष
किराना व्यापार मण्डल

आप सभी जनपदवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अम्बुज तिवारी
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत-रतापुर
वि0ख0-धनपतगंज
सुलतानपुर

आप सभी जनपदवासियों को
होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 अरुणेश सिंह
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
धनपतगंज

आप सभी जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश तिवारी
उपाध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ
सुलतानपुर

## एक नजर

### 26 मार्च को रहेगा होली का अवकाश : डीएम

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया है कि होली का त्यौहार आगामी 26 मार्च को मनाया जाएगा। ऐसे में 26 मार्च को ही होली का सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### केमिकलयुक्त रंगों से झुलस सकती है त्वचा : सीएमओ

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने निर्देशित किया है कि होली पर दुर्घटना या मार्ग दुर्घटना की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने की आशंका के दृष्टिगत सभी आकस्मिक सेवाएं सुव्यवस्थित एवं संचालित रखी जाएं। साथ ही संबंधित चिकित्सा इकाई की इमरजेंसी में कुछ बेड अतिरिक्त रूप से आरक्षित रखे जाएं। समस्त चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को बिना अपरिहार्य कारणों के अवकाश स्वीकृत न किए जाएं। समस्त चिकित्सकीय इकाईयों पर क्रियाशील एबुलेंस की उपलब्धता समयान्तर्गत सुनिश्चित की जाए। सीएमओ ने कहा कि होली रंगों का पर्व है इसमें प्राय: कैमिकल वाले रंगों के उपयोग से नेत्र एवं त्वचा से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती हैं। समस्त इकाईयों पर नेत्र तथा त्वचा रोग से संबंधित औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता तथा त्वचा एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों की आन-काल उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

### भाजपा प्रत्याशी का होली मिलन समारोह आज


इं. प्रवीण निषाद।

**संतकबीरनगर।** क्षेत्रीय सांसद और संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से घोषित भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद द्वारा आज जनपद मुख्यालय के नेदुला स्थित रंगोली मैरेज हॉल में स्थापित केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आज दिन में 11 बजे से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद ने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी के सभी जन प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है। उन्होंने सभी से ससमय प्रतिभाग कर आयोजन को भव्यता प्रदान करने का आह्वान किया है।

# माहौल बिगाड़ने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : डीएम

**निर्देश**

▸▸ डीएम ने पीस कमेटी में विभिन्न थानों से आए संभ्रांत नागरिकों से संवाद किया

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के बयार एवं चुनावी माहौल में होली का त्यौहार एवं ईद का त्योहार शांतिपूर्ण, सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने कानून व्यवस्था एवं होली का त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियो को लेकर सर्किलवार क्षेत्राधिकारियों एवं थानाध्यक्षों के कार्यों की विस्तारपूर्वक विंदुवार समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने पीस कमेटी में विभिन्न थानों से आए संभ्रांत नागरिकों से संवाद किया एवं उनके महत्वपूर्ण सुझाव एवं समस्याएं सुनी तथा इस संबंध से आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए।

डीएम ने कहा की लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तिथियां की घोषणा के बाद चुनावी माहौल में होली का त्यौहार अतिसंवेदनशील है, होली के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए हैं। सभी मजिस्ट्रेट अपने पुलिस के काउंटर पार्ट के साथ सामंजस्य बनाकर होली का त्योहार शांतिपूर्ण एवं सकुशल रूप से संपन्न कराएंगे।

**सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज न भेजने की अपील**

डीएम ने सभी से अपील किया की व्हाट्सएप, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी मैसेज को फॉरवर्ड न करे तथा इसकी सूचना नजदीकी थाने में दें। डीएम ने अपील किया की सभी जनपदवासी आपसी भाईचारे एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ एक दूसरे को अबीर लगाते एवं गुझिया खिलाकर त्योहार मनाए। ऐसा कोई कृत्य न करे जिससे किसी की भी धार्मिक भावनाएं आहत हो। धार्मिक टिप्पणियां आदि न की जाए।

उन्होंने कहा की सभी थानों के प्रभारी पिछले चुनावों के दौरान हुई चुनावी रंजिश एवं घटनाएं आदि की हिस्ट्री चेक कर ले तथा अतिसक्रियता के साथ शांति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निरोधात्मक कारवाही सुनिश्चित करें। त्योहार से दौरान माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए पाबंद एवं निरोधात्मक कारवाही की जाए। अवैध मदिरा आदि जैसे अपराधो में संगठित रूप से लिप्त अपराधियों, शराब माफियाओं पर आबकारी एक्ट के तहत गुंडा/गैंगस्टर एक्ट में कारवाही की जाए। होली के दौरान अवैध मदिरा की बिक्री न हो यह कड़ाई से साथ सुनिश्चित किया जाए।

चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू है, होली के दौरान मुफ्त में रेवड़ियां बाटने आदि पर कड़ाई से नजर रखी जाए। सोशल मीडिया आदि प्लेटफार्म पर कड़ी निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने वालो के विरुद्ध एक्ट के तहत कड़ी कारवाही की जाएगी। त्योहार में किसी नई परंपरा की शुरुआत नही की जाएगी। होली पर निकलने वाले जुलूस में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में एसपी केशव कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त एडीएम, सीओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीआरओ, विभिन्न थानों से आए संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लटकती मिली पंचायत सहायक की लाश

**बलरामपुर, अमृत विचार।** थाना गौरा चौराहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर में 21 वर्षीय पंचायत सहायक पंकज कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे लटकते हुए पाया गया है। मृतक के भाई सन्दीप कुमार यादव ने कहा कि मेरे भाई की हत्या की गई है।

विदित हो कि गत शुक्रवार रात करीब 7:45 बजे मृतक पंकज कुमार यादव (21) पुत्र धनीराम खाना खाकर के सोने के लिए नव निर्माणाधीन मकान पर गया था। रात करीब 10:00 तक आसपास के लोगों के संपर्क मे देखा गया। सुबह जब परिजनों ने देखा तो पंकज कुमार के गले में रस्सी का फंदा लगा हुआ था। दोनों हाथ बंधे हुए थे। निर्माणाधीन मकान के पिलर में लगे हुए सरिया में रस्सी बंधा हुआ था। जमीन से करीब 4 फीट ऊपर लाश लटक रही थी। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों का जमावड़ा लग गया। परिजनों ने उक्त घटनाओं की सूचना थाना गौरा चौराहा को दी। घटना की सूचना पाकर थाना अध्यक्ष तेज नारायण गुप्ता पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक की जेब से कार्यालय की चाबी, पर्स व मोबाइल बरामद हुआ हैं। अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# मतदाता जागरूकता रैली को किया रवाना

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर

▸ शत-प्रतिशत पात्र महिला, पुरुष व दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करना उद्देश्य

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन जनपद में शत् प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी है। जिले में पुरूष, महिला और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के दृष्टिगत 'व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप)' कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदान के प्रति आम जनमानस को जागरूक और उत्साहित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने मतदाता जागरूकता रैली को विकास भवन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

शनिवार की शाम निकाली गई यह रैली विकास भवन से मेंहदावल बाईपास, मेंहदावल चौरहा, समय माता मंदिर, दुर्गा मंदिर, पुरानी सब्जी मण्डी, मुखलिसपुर चौराहा, बैंक चौराहा, सुगर मिल चौराहा, सरैया बाईपास, नेदुला और पटखौली होते हुए वापस विकास भवन वापस लौटी। जनपद में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ मतदान का महत्व और मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस बल और यातायात पुलिस ने भी योगदान किया।



स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ। अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने बताया कि विगत चुनावों में जिन मतदान केंद्रों पर 40 प्रतिशत या उससे कम मतदान हुए थे वहां मतदान का प्रतिशत बढ़ाना ही स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही जिन मतदान केंद्रों पर 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुए थे वहां का मतदान प्रतिशत बरकरार रखने या और बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा कुछ मतदान केंद्रों पर मतदान के बहिष्कार की घोषणा के चलते शून्य प्रतिशत मतदान दर्ज किए गए थे। ऐसी स्थिति जिले के किसी भी बूथ पर पैदा न हो इस बात का विशेष प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में मतदान का सबसे बड़ा महत्व होता है। मतदान के सहारे ही हम बेहतर जन प्रतिनिधि और देश में विकासोन्मुखी सरकार स्थापित कराने में अपना योगदान समर्पित करते हैं। ऐसे में हर नागरिक को मतदान अवश्य करना चाहिए।

इस अवसर पर डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, पीडी संजय कुमार नायक, खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद विजय प्रताप सिंह, विरेन्द्र मणि त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, भारी संख्या में रैली में प्रतिभाग करने वाले युवक और सम्भ्रान्त नागरिक मौजूद रहे।

## सक्षम ईसीआई के नाम से जाना जाएगा दिव्यांगजनों के लिए बना ऐप

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में जिला दिव्यांगजन व सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पीडब्ल्यूडी ऐप्प का नाम बदल कर "सक्षम ईसीआई" ऐप्प कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत दिव्यांग जनों को पोलिंग बूथ पर प्राथमिक सुविधाएं मुहैया कराने के दृष्टिगत ''सक्षम'' ऐप आयोग द्वारा दिव्यांगजनों के लिये विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों को पोलिंग बूथ पर प्राथमिक सुविधाएं प्रदान की जा सकेंगी। सक्षम ईसीआई एप्लीकेशन को एंड्राइड मोबाइल फ़ोन में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। जिसके पश्चात दिव्यांगजन मतदान हेतु रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पोलिंग बूथ पर प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी ले सकते हैं और इसके माध्यम से व्हील चेयर के लिए अनुरोध कर सकते हैं। साथ ही मतदाता सूची में अपना नाम और पोलिंग स्टेशन का नाम भी ढूंढ सकते हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि सक्षम ऐप का उद्देश्य दिव्यांगों को मतदान के दौरान आवश्यक सुविधाएं और सहायता प्रदान करना है। यह एप्लीकेशन हिन्दी सहित कुल 9 भाषाओं में उपलब्ध है। यह एप्लीकेशन लोकोमोटर दिव्यांगों के साथ ही दृष्टि दिव्यांगों के लिये भी सुविधाजनक है। सक्षम एप्लीकेशन के साथ ही वोटर हेल्पलाइन ऐप्प, सी-विजिल ऐप्प, केवाईसी, ईसीआई ऐप्प भी डाउनलोड किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस व सीआईएसएफ की संयुक्त टीम ने किया पैदल मार्च


बलरामपुर में फ्लैग मार्च करते पुलिस व पैरामिलिट्री के जवान। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव, होली व रमजान के त्यौहार के दौरान शान्ति-व्यवस्था बनाए रखने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में शनिवार को थाना कोतवाली देहात की पुलिस टीम व पैरा मिलिट्री फोर्स( सी आई एस एफ) के साथ थाना क्षेत्र के समस्त संवेदनशील पोलिंग बूथ, संवेदनशील स्थानों में फ्लैग मार्च किया गया। जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील है कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचे। बलरामपुर पुलिस द्वारा सतत निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना व चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें।

### सरकार ने पसमांदा समाज को दिया सम्मान : शहंशाह

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा समाज के जिला अध्यक्ष शहंशाह के नेतृत्व में समाज के दर्जनों नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद के आवास पर पहुंच कर समर्थन की घोषणा किया। इस दौरान राष्ट्रीय मुस्लिम पशमांदा समाज के पदाधिकारियों ने भाजपा सरकार की नीतियों और विकास योजनाओं से प्रभावित होकर कमल खिलाने का का संकल्प लिया। पसमांदा समाज के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की योजनाएं पसमांदा समाज तक पहुंची हैं। बीजेपी सरकार में शत् प्रतिशत लाभ देकर समाज में सम्मान देने का काम किया है। इस सरकार में दंगा व कर्फ्यू नहीं लगता इसलिए पूरा पसमांदा समाज भाजपा को समर्थन दे रहा है। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि हमें किसी से भी नफरत नहीं करनी चाहिए। आपस में मिलकर रहेंगे तो आगे बढ़ेंगे। रेल की दोनों पटरियां बराबर होती हैं तभी ट्रेन अपने लक्ष्य तक पहुंचती है। भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने वालों में जुबेर अहमद शाह प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष अल्ताफ मोहम्मद, अशरफ फिरोज अहमद, इसरार अहमद, अब्दुल वाजिद समेत पसमांदा समाज के सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# श्रावस्ती बसपा सांसद पार्टी से निष्कासित

▸▸ बसपा जिलाध्यक्ष ने जारी किया निष्कासन का पत्र

**बलरामपुर, अमृत विचार।** श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान बसपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा को पार्टी से निकाल दिया गया है। जिला अध्यक्ष ने निष्कासन का पत्र जारी कर इसकी सूचना दी है।

जिला अध्यक्ष लालचंद कोरी ने पत्र जारी कर कहा है कि राम शिरोमणि वर्मा को पार्टी में अनुशासनहीनता अपनिने तथा पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इनके खिलाफ मिली रिपोर्ट की विभिन्न सूत्रों से छानबीन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। इनको कई बार अपनी गतिविधियों को सुधारने के लिए चेतावनी भी दी गई लेकिन इनके अंदर कोई सुधार नहीं आया। इसी कारण इन्हें पार्टी से निकला गया है। मामले की सूचना पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ पदाधिकारी को भी भेज दी गई है। सांसद के बसपा से निकाले जाने के बाद क्षेत्र में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि वर्तमान सांसद बसपा के अलावा किसी अन्य दल के संपर्क में हैं। इस संबंध में उनसे बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी हमें पार्टी से निकल जाने की जानकारी भी नहीं है मुझे मीडिया के माध्यम से ही जानकारी मिली है। अभी फिलहाल मैं किसी दल के संपर्क में नहीं हूं।


राम शिरोमणि वर्मा।

## संतकबीरनगर में आज रात 10:28 के बाद जलेगी होलिका

**संतकबीरनगर।** आज फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा है। रात्रि 10 बजकर 28 मिनट के बाद होलिका दहन किया जाएगा। कारण कि उससे पूर्व दिन में 9.23 बजे से रात 10.28 बजे तक भद्रा है। ज्योतिषाचार्य सुजीत जी महाराज ने बताया कि 25 मार्च को चैत्र प्रतिपदा दिन में 11 बजकर 32 मिनट के बाद प्राप्त होगी। होली चैत्र प्रतिपदा की उदया तिथि में ही मनाई जाती है और 25 मार्च को उदया तिथि नहीं मिलेगी। इसलिए 26 मार्च चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा दिन मंगलवार को होली मनाई जाएगी। उन्होंने बताया की होली का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। हिरण्यकशिपु ने अपने पुत्र प्रह्लाद के वध की जिम्मेदारी होलिका को दिया था। होलिका को वरदान प्राप्त था कि अग्नि उसे जला नहीं सकेगी। होलिका ने प्रह्लाद को अपनी गोद में बैठाकर अग्नि में प्रवेश किया। लेकिन ईश्वर की कृपा से भक्त प्रह्लाद सकुशल अग्नि से बाहर निकल गए।

# बलरामपुर में 1,571 स्थानों पर जलेगी होलिका

**बलरामपुर, अमृत विचार।** होली का खुमार शहर से लेकर गांव तक दिखने लगा है। 24 मार्च की रात जिले में 1871 स्थानों पर होलिका दहन होगा। 25 मार्च को होली के दिन रंगों की बौछार के बीच जिले में 65 स्थानों पर होली जुलूस निकाले जाएंगे। रमजान का माह चल रहा है, इसलिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहेगी। माहौल बिगाड़ने वाले हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। खरीदारों की सुरक्षा को लेकर शहर के चौक-चौराहों और बाजार में पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। अराजकतत्वों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से नजर रखी जाएगी।

कोतवाली व थानों में पीस कमेटी की बैठक कर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की जा रही है। होलिका दहन वाले सभी स्थलों पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है।


बलरामपुर नगर के भगवती गंज मे दहन के लिए तैयार की जा रही होलिका।

> होली में सड़क हादसे बहुत होते हैं। इन्हें रोकने के लिए बिना हेलमेट व तीन सवारी के साथ बाइक चलाने और तेज रफ्तार वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पीआरवी के वाहन इसे लेकर भ्रमणशील रहेंगे। सड़कों पर पूरे दिन निगरानी की जाएगी।
>
> -केशव कुमार, पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर

### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

पंडित बजरंगी प्रसाद शास्त्री ने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त रविवार रात 11:23 बजे से मध्य रात्रि 12:27 बजे तक है। उसके बाद भद्रा काल लग जाएगा भद्रा काल में होलिका दहन नहीं किया जाता।

**बलरामपुर में होलिका दहन के लिए चिह्नित स्थल**

| | |
|---|---|
| बलरामपुर नगर | 105 |
| बलरामपुर देहात | 215 |
| गौरा चौराहा | 126 |
| महराजगंज तराई | 52 |
| तुलसीपुर | 106 |
| हरैया सतघरवा | 69 |
| पचपेड़वा | 116 |
| उतरौला | 125 |
| सादुल्लाहनगर | 173 |
| रेहरा बाजार | 242 |
| गैड़ास बुजुर्ग | 129 |
| श्रीदत्तगंज | 113 |
| जरवा | 77 |
| गैसड़ी | 72 |
| ललिया | 151 |

## ट्रैक्टर की टक्कर से ट्रॉली सवार किशोर की मौत

**सीतापुर।** लखीमपुर सीतापुर मार्ग पर त्रिमूर्ति फीलिंग स्टेशन के पास गन्ना लेकर जा रहे मिनी ट्रैक्टर में पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ट्राली में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर बैठे सेमरीभान निवासी वसीम खां का 15 वर्षीय पुत्र जीशान उछलकर सड़क पर गिरकर आइशर ट्रैक्टर के अगले पहिए के नीचे आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे में शामिल आइशर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर फरार हुये चालक की तलाश कर रही है।

**आयोजन** सदर विधायक पलटू राम ने शहीदों को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की

# क्रांतिकारी मोर्चा ने आजाद पार्क में मनाया बलिदान दिवस

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले महान क्रांतिकारी अमर शहीद सरदार भगत सिंह, राम प्रसाद विस्मिल व राजगुरु सुखदेव के बलिदान दिवस क्रांतिकारी विचार धारा मोर्चा ने आजाद पार्क मे श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम और विशिष्ट अतिथि एसएसबी कमांडेंट मुकेश सिंह गुर्जर ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि करके किया। मोर्चा के संस्थापक/ अध्यक्ष डॉ राकेश चंद्रा ने अपने उद्बोधन में भगत सिंह द्वारा अपने साथियों को लिखे गए अपने अंतिम पत्र के बारे में बताया जब उनके साथी इन तीनों शहीदों के लिए बहुत परेशान थे इनकी फांसी को लेकर के भगत सिंह ने अपने पत्र में लिखा था की साथियों क्रांति की ज्वाला उनके फांसी पर चढ़ने से ही जलती रहेगी।


बलरामपुर के आजाद पार्क मे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते क्रांतिकारी विचारधारा मोर्चा के लोग। अमृत विचार

धरना इस ज्वाला की लौ मद्धिम पड़ जाएगी या हो सकता है बुझ जाए। मेरे शहीद होने से भारतीय माताएं अपने बच्चों को भारत माता के लिए कुर्बानी देने के लिए प्रेरित होंगी। युवाओं से भगत सिंह ने कहा था की जिंदगी तो अपने कंधों पर जियी जाती है, दूसरे के कंधों पर सिर्फ जनाजे उठाए जाते हैं।

मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम ने अपने उद्बोधन में महान शहीदों को नमन करते हुए और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रभक्ति सीखने की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि एस एस बी के सह कमांडेंट मुकेश सिंह गुर्जर ने अपने भावपूर्ण संबोधन में शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर मां भारती की सेवा में सदैव तत्पर रहने की अपील की। जिससे इन महान क्रांतिकारियों का बलिदान व्यर्थ न जाने पाए। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक बंशीधर मिश्रा, सेवा भारती के विभाग संयोजक बी डी जयसवाल, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, विहिप के जय प्रकाश, भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह, भाजपा विस्तारक विवेक सिंह, योग गुरु वीरेंद्र विक्रम सिंह क्रांतिकारी विचारधारा मोर्चा के सक्रिय सदस्य डॉ अफजाल अहमद खान, अर्जुन यादव व डॉ विमल त्रिपाठी सहित बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फायर स्टेशन का किया गया निरीक्षण

**सक्रियता**

▸▸ होली में आगजनी की घटनाओं को लेकर विशेष तैयारियों का दिया निर्देश

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायत केशवनाथ ने शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित फायर सर्विस स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फायर सर्विस कार्यालय, आवास, भोजनालय और परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फायर सर्विस के वाहनों और अन्य अग्नि शमन उपकरणों की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया।

मौजूद अग्निशमन अधिकारी और कर्मचारियों को उन्होंने होली पर्व, लोकसभा चुनाव और गर्मी के सीजन में आगजनी की घटनाओं को लेकर विशेष तौर पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिया।


फायर सर्विस स्टेशन का निरीक्षण करते क्षेत्राधिकारी यातायात केशवनाथ।

### फरवरी में जनपद पुलिस को जोन व रेंज में मिला प्रथम स्थान

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक व सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी शशि शेखर सिंह के पर्यवेक्षण में सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर अहमद रजा के प्रयास से सीसीटीएनएस योजना प्रगति डैशबोर्ड में तकनीकी सेवाएं मुख्यालय लखनऊ द्वारा जारी सीसीटीएनएस पोर्टल के माह फरवरी की डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग में जनपद संत कबीर नगर को जोन गोरखपुर व रेंज बस्ती में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। सीसीटीएनएस के परफॉर्मेंस के संबंध में डाटा प्रत्येक माह एनसीआरबी को प्रेषित की जाती है, जिसे प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है। इसकी मॉनिटरिंग केंद्रीय स्तर पर की जाती है।

## क्या होता है टेंडर वोट

- यदि आप वोट डालने मतदान केंद्र पर पहुंचते हैं, और आपको पता चलता है कि आपका वोट पढ़ चुका है। तो निराश न हों आपके लिए चुनाव आयोग ने 'टेंडर वोट' व्यवस्था की है। आप इस टेंडर वोट के जरिए पुराने वोट को चैलेंज कर सकते हैं और नया वोट डाल सकते हैं। चुनाव आयोग के नियम के सेक्शन 42 के अनुसार पीठासीन अधिकारियों को पहले से इस संदर्भ में खास दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। साथ ही उनके वोटिंग के वक्त मिलने वाले किट में टेंडर वोट भी उन्हें दिए जाते हैं। दावा पेश करते ही पीठासीन अधिकारी आपके बैलेट पेपर उपलब्ध कराएगा। इसके बाद आपका मतपत्र लिफाफे में बंद कर भेज दिया जाएगा। चुनाव अधिकारियों को मतदान खत्म होने के बाद भी इसका ब्यौरा आयोग को देना होता है।

# कन्नौज फतह के लिए अखिलेश खुद उतरेंगे मैदान में

## खोए किले को मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग को साधने में जुटे सपा मुखिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुराने खोए किले को वापस पाने के लिए सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव खुद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ेंगे। इसका ऐलान होली के आसपास हो जाएगा। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र फतह करने के लिए उन्होंने कई दलों में सेंधमारी भी की है। कहा जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री के पास पांचों विधानसभा क्षेत्रों की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के कई बार संकेत दे चुके हैं। बताया गया है कि 21 मार्च को लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्र से कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता सपा मुखिया से मिलने लखनऊ पहुंचे थे। कई पिछड़ा वर्ग के नेता दूसरे दलों से आकर सपा में शामिल भी हुए हैं। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो होली से पहले सपा मुखिया अपने घर सैफई जाएंगे। त्योहार मनाने के बाद लौटेंगे। इस बीच 24 से 27 मार्च तक वह चुनाव लड़ने का औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। दो दिन पहले लखनऊ में जब कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की तो चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी का ऐलान करने की मांग रखी। कुछ लोगों ने सपा मुखिया से ही लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से चुनाव लड़ने की बात कही।

इस पर उन्होंने कहा कि कोई और लड़ेगा क्या। मतलब वह खुद ही मैदान में उतरने वाले हैं। वर्ष 2019 में सपा ने जो सीट खोई थी, उसे वापस पाने के लिए चुनावी समर में कूदेंगे। हालांकि जीत-हार का फैसला तो जनता 13 मई को वोट से करेगा। उसका निर्णय चार जून को मतगणना में आएगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व पुत्र वधु डिंपल यादव भी रह चुकी हैं कन्नौज से सांसद



### चुनाव को लेकर यह है चर्चा में

वर्ष 1998 से लेकर 2014 तक लगातार कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से सपा के ही प्रत्याशी जीतते रहे हैं। पहले प्रदीप यादव सांसद बने। उनके बाद 1999 में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के सिर जीत का सेहरा बंधा। उनके दो जगह से चुनाव लड़कर जीतने के बाद कन्नौज सीट से इस्तीफा देकर बेटे अखिलेश यादव को राजनीति का सफर शुरू कराया। वर्ष 2000 में उन्होंने उपचुनाव जीता। 2004, 2009 में अखिलेश यादव तीसरी बार कन्नौज क्षेत्र से सांसद चुने गए। वर्ष 2012 में जब यूपी में सपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री बनने की वजह से अखिलेश यादव ने इस्तीफा देकर कन्नौज सीट से पत्नी डिंपल यादव को उसी साल निर्विरोध सांसद बनवाने में कामयाबी पाई। 2014 में डिंपल चुनाव जीत गईं। 2019 में वह भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से चुनाव हार गईं। भाजपा ने फिर से सांसद सुब्रत पाठक को चौथी बार पार्टी प्रत्याशी बनाया है। हालांकि वह 2019 में पहली बार ही सांसद बने हैं।

### अखिलेश से मिले एक पूर्व मंत्री

भरोसेमंद सूत्रों की माने तो एक पूर्व मंत्री ने भी सपा मुखिया से मुलाकात की है। उनकी पिछड़ा वर्ग में अच्छी पकड़ मानी जाती है। कहा जा रहा है कि वह एक नेताजी से उनके व्यवहार को लेकर नाराज भी हैं। जल्द ही वह सपा में शामिल हो सकते हैं या अखिलेश यादव के लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनने पर उनकी खुलकर मदद भी कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग में आने वाले लोधी-राजपूत समेत अन्य वर्गों के लोग सपा में शामिल हो चुके हैं, कई कतार में भी हैं। क्षेत्र को मजबूत करने के लिए रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र से कमलेश दिवाकर को भी पार्टी में तरजीह दी गई है। इससे माना जा रहा है कि पुराने किले को मजबूत किया जा रहा है।






लोकतंत्र के इस महापर्व पर मुझे भी अपने मताधिकार करने का पहली बार अवसर मिला है। मताधिकार का जो अधिकार हमें मिला है उससे हम एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जाति पंथ और मजहब को दरकिनार कर एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। जो शिक्षा, रोजगार, व समानता, व विकास का पक्षधर हो। मतदान से पूर्व हम वर्तमान और पूर्ववती सरकारों के काम काज को भी देखेंगे।

**सृजन शुक्ला,** विधानसभा क्षेत्र नबाबगंज, बाराबंकी

### श्रावस्ती सांसद बसपा से बाहर



**अंबेडकरनगर।** बसपा ने अनुशासनहीनता के आरोप में शनिवार को श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा और उनके भाई सुरेश कुमार वर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अंबेडकरनगर से बसपा के जिला अध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने पत्र जारी कर कहा कि सांसद राम शिरोमणि वर्मा और उनके भाई सुरेश कुमार वर्मा काफी समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे, जिसके कारण उन्हें पार्टी से बाहर किया गया है। बसपा में राम शिरोमणि वर्मा की पहचान कुर्मी नेता के तौर पर थी। वह लोकसभा में बसपा संसदीय दल के नेता भी रहे। अंबेडकरनगर निवासी राम शिरोमणि वर्मा श्रावस्ती लोकसभा सीट से सांसद हैं।

## एक-दूसरे के रंग में भंग डालने की पूरी तैयारी कर रहे हैं राजनीतिक दल

# 2024 में किसकी जलेगी होली किसका जमेगा रंग

सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में भले ही सभी लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दल उपने उम्मीदवार की घोषणा न कर सकें हों। मगर प्रदेश में एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला तय है। यह जरूर है कि कुछ क्षेत्रों में बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बना सकती है। चुनाव में फतेह हासिल करने के लिये दोनो प्रमुख गठबंधन हर हथकंडे अपना रहे हैं।

कल तक इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी रालोद अब एनडीए का हिस्सा है। अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा का साथ छोड़कर रालोद के साथ जा चुकी हैं। आवाजाही का दौर जारी है। जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में इस चुनाव में किसकी होली जलेगी और किसका रंग जमेगा। यह तो मतदाता ही तय करेगा।

2024 का चुनाव का चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इंडिया गठबंधन के साथ एनडीए के मिशन अस्सी की भी अग्नि परीक्षा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख और सरकार के काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी कसौटी पर है। इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी को भरोसा है कि पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक गठबंधन के पक्ष में एकजुट होगा। जातीय जनगणना का वादा कर राहुल गांधी ने भी इस नारे को हवा दे दी है।

इंडिया गठबंधन की दूसरी घटक आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव तो नहीं लड़ रही है लेकिन वह गठबंधन की उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कार्य कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जो गुस्सा है। इसका लाभ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को उत्तर प्रदेश में भी मिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी को टिफिन बैठकें, बूथ जनसंपर्क अभियान, अयोध्या मुद्दे को लेकर उत्पन्न माहौल तथा ढाई करोड़ लाभार्थियों पर भरोसा है। लेकिन अयोध्या की जिस सीट को लेकर भारतीय जनता पार्टी को आती हाथ में विश्वास हैं। वहां के सामान्य सीट पर भाजपा के उम्मीदवार सांसद लल्लू सिंह के मुकाबले इंडिया गठबंधन के घटक समाजवादी पार्टी ने दलित उम्मीदवार पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को खड़ा कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है।

उत्तर प्रदेश को जानने के लिए 1991 और उसके बाद हुए में उत्तर प्रदेश की राजनीति को समझना जरूरी है। यही वह साल था जहां से मंडल-कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ा, जब धर्म और जाति के आधार पर उत्तर प्रदेश के वोटरों का बंटना शुरू हुआ। इसके साथ ही कांग्रेस का पतन शुरू हुआ। राम मंदिर आंदोलन की राजनीति से भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में हिंदुओं का ध्रुवीकरण शुरू किया। इसी दौरान दलितों और पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाने की मंडल की राजनीति से समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी फलने-फूलने लगी। भारतीय जनता पार्टी ने 1991 के विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 221 सीटों पर जीत हासिल की थी। यहीं से कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में राजनीतिक ग्राफ गिरने लगा। इसके बाद कांग्रेस 2004 में कांग्रेस देश में सरकार बनाने में कामयाब रही। यह नहीं 2009 के चुनाव में उसे उत्तर प्रदेश से भी 21 सीटें हासिल हुई।

लखनऊ और आसपास की सीटों पर पांचवें चरण में मतदान होना है। लेकिन माहौल जितना होली के रंग में नहीं लगा है उससे अधिक चुनावी रंग में रंग चुका है। आने वाले दिनों में होली मिलन समारोह में भी इसका चटक रंग दिखेगा।

### उत्तर प्रदेश में किसको कब कितनी सीट

| चुनावी वर्ष | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| 1984 | 415 | 02 |
| 1989 | 197 | 85 |
| 1991 | 244 | 221 |
| 1996 | 140 | 161 |
| 2004 | 145 | 138 |
| 2009 | 207 | 116 |
| 2014 | 44 | 282 |
| 2019 | 53 | 303 |





# सियासत के सफर में कई नौकरशाहों ने पार की वैतरणी

- सेवानिवृत्त होने के बाद ज्यादातर नौकरशाहों ने भाजपा को दी तरजीह

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में कलेक्टर और कप्तान बन जिले की कमान संभालने वाले कई अफसर शासन के शीर्ष पदों पर भी विराजमान हुए। लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पद का मोह कम न हुआ। कई सफल हुए तो कई असफल होकर राजनीति से किनारे हो गए। यूपी की राजनीति में नौकरशाहों की उपलब्धियों पर गौर करें तो कई केंद्रीय कैबिनेट तक पहुंचे, कई सांसद और विधायक तक बने। कई प्रसिद्ध नौकरशाह सिर्फ पार्टी के सदस्य बनकर रह गए।

### इन नौकरशाहों ने पाई सफलता

- पूर्व आईएएस पीएल पुनिया 2009 में बाराबंकी से सांसद बने व केंद्र सरकार में मंत्री पद तक पहुंचे
- पूर्व आईपीएस असीम अरुण वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं
- पूर्व पीपीएस राजेश्वर सिंह वर्तमान बीजेपी सरकार में विधायक हैं
- पूर्व आईपीएस वृजलाल वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं
- पूर्व आईएएस एके शर्मा वर्तमान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं
- दिवंगत आईपीएस अहमद हसन सपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे हैं
- मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सतपाल सिंह भारत सरकार में राज्यमंत्री तक पहुंचे

### इन नौकरशाहों ने बनाई पार्टी

- पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी बनाई
- पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने अधिकार सेना नामक पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस चंद्रपाल ने आदर्श समाज पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस तपेंद्र प्रसाद ने बनाई सम्यक पार्टी

### चुनाव न लड़ पाने वाले नौकरशाह

- आईपीएस सूर्य कुमार शुक्ला सेवानिवृत्ति के बाद बीजेपी में शामिल हुए, लेकिन चुनाव नहीं लड़ सके
- पूर्व आईपीएस महेंद्र सिंह यादव ने कबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बीजेपी में सदस्यता ग्रहण की, लेकिन कोई गुल नहीं खिला सके।
- पूर्व आईएएस नीरा यादव ने भी बीजेपी की सदस्यता ली थी, लेकिन इस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकी
- पूर्व आईएएस देवी दयाल रिटायर होने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए
- पूर्व आईएएस उमेश कुमार ने भी कांग्रेस का दामन थामा
- पूर्व आईएएस अनीस अंसारी ने 2017 में कांग्रेस का दामन थामा था
- स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले आईएएस अभिषेक सिंह भी चुनाव लड़ने के इच्छुक

# नितिन कर रहे चौथी पीढ़ी की राजनीति

## मधुर और अनुराग अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी की कर रहे राजनीति

पीके गुप्ता 'बबलू' हरदोई

**अमृत विचार।** जिले के सियासी परिवारों में एकमात्र राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले राजनीति के माहिर खिलाड़ी भाजपा नेता नरेश अग्रवाल के परिवार में उनके पुत्र नितिन अग्रवाल हैं। जो चौथी पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं। वर्तमान समय वह उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री हैं। यह अलग बात है कि जिले में बड़े-बड़े दिग्गज राजनैतिक परिवार रहे, परंतु अग्रवाल परिवार को छोड़कर किसी भी परिवार को चौथी पीढ़ी की राजनीति करने का अवसर नहीं मिला।

श्री अग्रवाल के परिवार में बाबू छेदा लाल गुप्ता ने राजनीति में कदम रखा था। वह विधायक तथा सांसद भी रहे। इसके बाद उनके भतीजे बाबू श्रीशचंद्र अग्रवाल विधायक बनने के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष बने। बाबू श्रीश चंद्र अग्रवाल के पुत्र और राष्ट्रीय राजनीति में अपना दखल रखने वाले नरेश अग्रवाल कई बार विधायक उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और राज्यसभा के सांसद रहे। वैसे तो जिले में पुराने नेताओं में पूर्व सांसद बुलाकी राम वर्मा, पूर्व विधायक बाबू मोहनलाल, कलारानीमिश्रा, शारदाभक्त सिंह, पूर्व सांसद धर्मराज सिंह, गंगाभक्त सिंह, किंदर लाल, मन्नी लाल, पूर्व विधायक रामलाल, गंगा सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुरेंद्र पाल पाठक, राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक आशा सिंह, राम अवतार दीक्षित, दधीचि सिंह, बाबू खां, आसिफ खान बब्बू, कमला सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेई पूर्व विधायक खालिद गौरी, राजकुमार अग्रवाल, विधायक अलका अर्कबंसी पूर्व विधायक राम आसरे वर्मा, सतीश वर्मा, विधायक आशीष सिंह आशू। यह सभी या तो पहली पीढ़ी की राजनीति कर चुके हैं। या अभी पहली पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी अपने पति उपेंद्र तिवारी की विरासत संभाल रही हैं। वह भी पहली पीढ़ी की ही राजनीति कर रही हैं।

जिले का एक परिवार ऐसा भी है जो तीसरी पीढ़ी की राजनीति कर रहा है। माधौगंज के पं. शिवरतन लाल टाटधारी ने राजनीति में कदम रखकर माधौगंज के जिला पंचायत की कुर्सी संभाली थी। उसके बाद उनके दोनों पुत्रों क्रमशः लल्लन शर्मा और धर्मज्ञ मिश्रा ने विधानसभा और विधान परिषद में अपनी आवाज उठाई। उनकी तीसरी पीढ़ी में इन दोनों विधायकों के पुत्र क्रमशः सुखसागर मिश्र मधुर हरदोई तथा अनुराग मिश्रा माधौगंज में नगर पालिका की कुर्सी पर सत्ता सीन हैं। इसके अलावा कुछ परिवार ऐसे भी हैं जो दूसरी पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं इनमें पूर्व विधायक टीकाराम से शुरू हुई राजनीति उनके पुत्र वीरेंद्र वर्मा विधायक बन चुके हैं तथा आगे की राजनीति में प्रयासरत हैं। इसी तरह कुबेर लाल से शुरू हुई राजनीति उनके भाई विधायक रामपाल उनके पुत्र और भतीजे क्रमश प्रभाष् और अशोक रावत विधायक और सांसद बनकर आगे की राजनीति कर रहे हैं।

पूर्व विधायक छोटेलाल से शुरू हुई राजनीति को उनके भतीजे अनिल वर्मा ने विधायक बनाकर आगे बढ़ाया लेकिन वह अपनों से दूर होने के कारण अब संघर्ष कर रहे हैं। विधायक श्याम प्रकाश से शुरू हुई राजनीति उनके भतीजे अंशुल वर्मा ने संसद बनाकर दूसरी पीढ़ी में प्रवेश किया। श्याम प्रकाश की राजनीति बदस्तूर जारी है, वहीं पूर्व सांसद अंशुल वर्मा संघर्षरत हैं। इसी तरह परमाई लाल से शुरू हुई राजनीति उनके पुत्र विपिन और लाल बिहारी लालू ने संसद और विधायकी जीत कर दूसरी पीढ़ी पर पहुंचाया अब अपने पति की विरासत को पूर्व सांसद उषा वर्मा और पूर्व विधायक राजेश्वरी वर्मा संभाल रही हैं, वहीं सवायजपुर के मिलनसार मधुभाषी विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू भी पूर्व विधायक राजा हरिहर बक्श सिंह की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं।



नितिन अग्रवाल

- हरदोई में है परिवारवाद का बोलबाला

## महासंग्राम-2024 : 10 वर्षों में हुए विकास के कई कार्य, फिर भी हासिए पर रह गईं जिले की अहम समस्याएं

# लोकसभा चुनाव में सिर चढ़कर बोलेंगे जनहित के मुद्दे

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** पिछले एक दशक में जिले के विकास की रफ्तार तेज हुई है। केंद्र की सत्ता संभालने के बाद भाजपा सरकार ने जिले में कई ऐसे विकास कराए हैं जो काफी समय से लंबित थी। इनमें शहर के महराजा देवी बक्श सिंह स्वशासी मेडिकल कालेज निर्माण से लेकर इटियाथोक के भवनियापुर में बने राजकीय डिग्री कालेज तक की सौगात शामिल है।

शिक्षा व स्वास्थ्य के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गांव गांव तक बिजली की लाइन पहुंचाने से लेकर पावर स्टेशन तक का निर्माण कराया गया है। जिले की प्रमुख सड़कों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी सड़क नेटवर्क मजबूत हुआ है। बावजूद इसके शहर में सीवर लाइन निर्माण से लेकर रिंग रोड निर्माण तक कई समस्याएं ऐसी हैं जिनका समाधान अभी शेष है। इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की दरकार है। इस बार के लोकसभा चुनाव में यही समस्याएं मुख्य चुनावी मुद्दा होंगी और जनहित के यह मुद्दे लोगों के सिर चढ़कर बोलेंगे।

### कई अहम मुद्दों पर फोकस करती यह रिपोर्ट



शहर में लगा भीषण जाम (फाइल फोटो)। अमृत विचार

### शहर के भीतर सीवर लाइन का निर्माण

**मुद्दा 1** **अमृत विचार :** शहर में सीवर लाइन न होना प्रमुख समस्या है। जल निकासी की समस्या से निजात के लिए वर्ष 2012 में तत्कालीन जिलाधिकारी डा रोशन जैकब ने शहर में सीवर लाइन निर्माण का प्लान तैयार किया था। इस सीवर लाइन को बहराइच रोड से गुरु नानक चौराहा होते हुए मेवातियान से कटहा घाट तक जोड़ा जाना था। लेकिन उनके तबादले के बाद यही प्लान ठंढे बस्ते में चला गया। कई बार स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से सीवर लाइन का निर्माण कराने की मांग की लेकिन इस पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। सीवर साइन न होने से हर साल बरसात में शहर जलमग्न हो जाता है। पिछले वर्ष बरसात में पूरा शहर तालाब बन गया था। शहर के गली मोहल्ले से लेकर प्रमुख सड़कें तक जलमग्न हो गयी थी। इस बार के चुनाव में सीवर लाइन निर्माण का मुद्दा मतदाताओं की जबान पर है।

### राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण

**मुद्दा 2** **अमृत विचार :** प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले के राज्य विश्वविद्यालय की सौगात दी थी। विश्वविद्यालय निर्माण के लिए परसपुर ब्लाक के डोमाकल्पी गांव में प्रशासन ने जमीन भी चिन्हित कर ली थी और वर्श 2023 में तत्कालीन जिलाधिकारी उज्जवल कुमार ने विश्वविद्यालय निर्माण के लिए भूमि पूजन भी कर दिया था लेकिन ऐन वक्त पर यह राज्य विश्वविद्यालय यहां से खिसक कर बलरामपुर चला गया।विश्वविद्यालय जिले में बने इसके लिये छात्रों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन तक किया लेकिन जन प्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहे।

### रिंग रोड का निर्माण

**मुद्दा 3** **अमृत विचार :** शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर के बाहर से रिंग रोड निर्माण कराए जाने की घोषणा की थी। सीएम की घोषणा के बाद इसके निर्माण के लिए सर्वे भी हुआ था लेकिन यह प्रस्ताव अब तक धरातल पर नहीं उतर सका है। जबकि शहर में जाम की समस्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

### सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण

**मुद्दा 4** **अमृत विचार :** गोंडा बलरामपुर मार्ग पर स्थित सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम भी जिसे की बड़ी समस्या है। क्रॉसिंग के बगल ही सुभागपुर रेलवे स्टेशन और रेलवे का माल गोदाम है। इससे प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में मालगाडियों का आवागमन रहता है। रेलवे गेट बंद हो जाने पर गेट के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।आगे निकलने की होड़ में कई दफा तो वाहन चालकों के बीच मारपीट तक हो जाती है। इस गेट पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग काफी समय से हो रही है लेकिन अब तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या से निजात के लिए ओवरब्रिज निर्माण आवश्यक है।

### कुंदुरखी चीनी मिल के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान

**मुद्दा 5** **अमृत विचार :** बजाज कुंदुरखी चीनी मिल में किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान न होना चुनाव का प्रमुख मुद्दा है। तमाम धरना प्रदर्शन करने के बनी बावजूद चीनी मिल किसानों को समय पर भुगतान नहीं कर रही है। हालांकि इस वर्ष सरकार की सख्ती के बाद चीनी मिल ने पिछले सत्र का बकाया भुगतान किया है लेकिन अभी भी चीनी पर किसानों का 2 अरब 35 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बाकी है।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| लोकसभा सीट– | गोंडा |
| विधानसभा क्षेत्र– | पांच |
| कुल मतदाता– | 1838295 |
| महिला – | 852422 |
| पुरुष– | 985846 |
| अन्य– | 75 |

### विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |
| योग– | 1838295 | 852422 | 985846 | 75 |

जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य व इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई कार्य कराए गए हैं। इनमें राजकीय मेडिकल कालेज, अटल आवासीय विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से तमाम निर्धन परिवारों को बेटियों का विवाह करने में सहूलियत मिली है। उज्जवल गैस योजना से महिलाओं को लाभ मिला है। बाकी के कार्यों के लिए भी प्रयास चल रहा है। सीवर लाइन व रिंग रोड का प्रस्ताव भी है।



**कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया,** सांसद/प्रत्याशी 59 लोकसभा क्षेत्र, गोंडा

## चुनाव कमाल का...

- 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई। सोनिया गांधी के पीएम बनने से इंकार के बाद मनमोहन सिंह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2009 के 15वें आम चुनाव में कांग्रेस ने 206 सीटें जीतीं और भारतीय जनता पार्टी के खाते में सिर्फ 116 सीटें ही आईं। एनडीए फिर से सरकार बनाने में विफल रही। कांग्रेस ने यूपी में 21 सीटें जीतीं जबकि भाजपा के खाते में इस सूबे से सिर्फ 10 सीटें ही आईं।
- 2014 में हुए देश के 16वें आम चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ था कि कोई गैर-कांग्रेसी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई थी।
- 2014 में एनडीए ने कुल 336 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी, जिनमें से 282 सीटें अकेले भारतीय जनता पार्टी की थी। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव शर्मनाक प्रदर्शन वाला रहा। कांग्रेस महज 44 सीटों पर सिमट गई।
- 1984 में जहां कांग्रेस ने बहुमत की सरकार बनाई थी, वहीं 2014 में भाजपा ने अपने दम पर सरकार बनाई।
- 2014 के आम चुनाव में जहां मोदी लहर दिखी थी, तो वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी सुनामी का माहौल बना। 2014 में 44 सीटें लाने वाली कांग्रेस कुछ ही सीटों का इजाफा कर सकी और 52 पर ही पहुंच सकी। शर्मनाक बात यह रही कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

## चुनावी तीर



टिकट बेचने के आदी लालू प्रसाद आदतन भ्रष्टाचारी हैं और उन्होंने किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है। आखिर किडनी लेने से पहले लालू प्रसाद ने बेटी को टिकट क्यों नहीं दिया? लालू प्रसाद को अपने बेटे-बेटियों के अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं में काबिलियत क्यों नहीं दिखती है?

**-सम्राट चौधरी,** उपमुख्यमंत्री बिहार



मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि वह अपने विरोधियों से राजनीतिक रूप से मुकाबला करें। उन्हें गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता के गुस्से का डर है। यही कारण है कि उनकी सरकार विपक्ष को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों, खासकर ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

**डी राजा,** महासचिव भाकपा

**राम लहर, विकास व जातीय समीकरण पर टिकी विश्लेषकों की निगाह**

**पहले भी ऊर्जाभूमि की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर आगे बढ़ी थी राजनीति**

**जातीय सियासत में उलझे सपा-बसपा को फार्मूले से मिल चुकी है संजीवनी**

# सोशल इंजीनियरिंग तय करेगी सत्ता और भावी सियासत की दिशा



● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या




**अमृत विचार :** अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग सत्ता व भावी सियासत की दिशा तय करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल इंजीनियरिंग, विकास और जातीय समीकरण पर विश्लेषकों की निगाह टिकी है। ऊर्जाभूमि के सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर पहले भी राजनीति परवान चढ़ चुकी है। सपा-बसपा को भी यह फार्मूला संजीवनी दे चुका है।

अयोध्या सोशल इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला है। समय-समय पर यहां प्रयोग होते रहते है। इनके जरिए सत्ता की सीढ़ी चढ़ने और सियासत को नई दिशा देने के प्रयास होते हैं। नब्बे के दशक में आंदोलन की पृष्ठभूमि इसकी शुरूआत है। विहिप की अगुवाई में संघ परिवार के मंदिर आंदोलन को समर्थन देकर भाजपा ने इसकी शुरूआत की। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जातीय बंधन टूट गए। राम के नाम जागरण हुआ। भाजपा को सन 1989 के चुनाव में इसका सीधा लाभ मिला। दो से 85 सीटों तक पहुंच गई। इसकी तासीर को देख आंदोलन को आगे बढ़ाया। नब्बे में ढांचा विध्वंस के बाद आक्रोश, संवेदना और आस्था की मिश्रित परिणति वोट के रूप में बदली तो सियासत की तस्वीर भी बदल गई। लगातार देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनाव दर चुनाव भाजपा के आंकडे बढ़ते गए। 91 में 120, 96 में 161, 99 के चुनाव में 182 तक पहुंच भाजपा संसद के दरवाजे पर दस्तक देने लगी, लेकिन यह वह दौर था जब खासतौर से उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों को तेजी से उभार दिया गया। ऊर्जाभूमि अयोध्या में एक और सोशल इंजीनियरिंग साथ शुरू कर दी गई थी।

सन् 1995 में अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद जिला )से अलग हुए अंबेडकरनगर में बसपा ने नई जातीय सियासत की सोशल इंजीनियरिंग शुरू कर दी। अगड़ों के खिलाफ सन् 1996 के विधानसभा चुनाव में यहां विधानसभा की कई सीटें जीत भाजपा के सोशल इंजीनियरिंग को पलीता लगा दिया। सन् 1998, 99 के चुनाव में स्वयं बसपा प्रमुख मायावती यहां से सांसद बन गई। सन 2004 लोकसभा चुनाव आते-आते यह फार्मूला परवान चढ़ा और बसपा ने इसी फार्मूले से उत्तर प्रदेश से अपने 18 सांसदों को संसद भेज दिया। स्वयं बसपा प्रमुख इसमें शामिल रहीं। भाजपा को प्रदेश से देश तक झटका लगा। उसके सांसदों का आंकड़ा 138 पर सिमट गया। दूसरी ओर दूसरो की बैसाखी के सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाली सपा ने भी जातीय सियासत को लेकर कदम ताल तेज कर दी। पांच दिसंबर 1989 से 24जनवरी 1991 तक और पांच दिसंबर 1993 से तीन जून 1996 तक मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव भी इसे हवा देने में पीछे नहीं रहे। आंदोलन का विरोध और सभी जातियों की सियासत की। पश्चिम के साथ पूर्वांचल की सीटों पर बढ़त बनाई। 29 अगस्त 2003 से 11 मई 2007 तक मुख्यमंत्री रहे।

जातीय सियासत के सोशल इंजीनियरिंग की गणित बसपा की समझ में आई तो इस दौरान बसपा सुप्रीमों मायावती ने बहुजन हिताय के स्थान पर सर्वजन हिताय का नारा देकर ब्राह्मणों सहित अगड़ों को जोड़ा और 2007 में सत्तासीन हो गई। यही प्रयोग करके सपा 2012 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। भाजपा 2009 लोकसभा चुनाव में अपने सबसे खराब प्रदर्शन 116 तक पहुंच गई। विकास और बेहतर भविष्य की उम्मीद, राम मंदिर, गुजरात के सीएम मोदी का करिश्माई नेतृत्व में सियासत ने फिर करवट ली। प्रदेश के 80 में से 73 सीटें भाजपा की झोली में चली गई। अयोध्या विवाद के फैसले की पृष्ठभूमि, राष्ट्रीयता के उफान और विकास पर लड़े गए 2019 चुनाव में भाजपा की बढ़त और बढ़ गई।

अब 2024 लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई है। 80 सीटों वाले प्रदेश पर सभी दलों की निगाह है। चुनाव विश्लेषकों की निगाह सोशल इंजीनियरिंग से उत्पन्न लहर, विकास व जातीय समीकरण के पर टिकी हैं। अचानक सामने आए चुनावी बांड के साथ कांग्रेस उठाए जा रहे दूसरे मुददों की तासीर नाप रहे हैं।



भाजपा ने नब्बे के दशक की तरह एक बार फिर अयोध्या से सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को धार दी है। यह राम मंदिर पर फैसले के साथ शुरू हो गई थी। लेकिन 2023 से जनवरी 2024 तक शीर्ष पर रहा। पीएम मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा में इसे शीर्ष पर रखा। श्रीराम के बहाने जातीय समरसता बढ़ाने, उत्तर दक्षिण का भेद पाटने, विकास की संभावना के जरिए सियासत को परवान चढ़ाने को मजबूत सोशल इंजीनियरिंग की कोशिश की है। गौर करें तो साफ दिखेगा। अयोध्या दौरे पर निषाद समुदाय के रवींद्र माझी और मीरा मांझी के घर जाकर चाय पीना, उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित करके एक संदेश देने की कोशिश की। रामायण की रचना करने वाले दलित समुदाय से आने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण, निषाद राज के नाम पर अतिथि गृह, माता शबरी के नाम पर भोजनालय कहने और सुनने में भले ही छोटे लगते हों लेकिन इनमें बड़ा सियासी संदेश छिपा है। यह एक स्टैटजी थी। यूपी के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी स्वयं ओबीसी से आते हैं। वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में यजमान की भूमिका मे रहे। राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल रहे कामेश्वर चौपाल को श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में रखा गया। श्रीराम मंदिर में पुजारियों के चयन में सभी वर्गों के लोगों का शामिल करने की सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा संकेत रहा। महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी, देवी अहिल्या के मंदिरों के निर्माण के जरिए जातीय समरसता का संदेश देने की कोशिश की गई। दूसरे प्रांतों के श्रद्धालुओं को राम दर्शन के जरिए देश में सोशल इंजीनियरिंग प्रभावी करने की कोशिश की गई। भाजपा के विकास मॉडल, लंबी चली सोशल इंजीनियरिंग, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चुनावी बांड सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर हमले, सपा-बसपा की जातीय सियासत अब लोक सभा चुनाव में कसौटी पर है। अयोध्या एपीसोड और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी श्रद्धा इसकी अंर्तधारा में है। जनता इन पर फैसला करेगी। इसी के आधार पर सत्ता के साथ सिसायत की भावी दिशा तय होगी।

# चुनावी चंदे का खेल देख चौंधिया गई जनता की आंखें

● 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति गरीब पाई-पाई को मोहताज

● महंगाई बढ़ने का मूल कारण है राजनीतिक दलों का खेल

● सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनावी चंदे के खुलासा होते ही आम जनता की आंखें चौंधिया गई हैं। पर्दे के पीछे राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों का खेल लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले उद्योगपति किस तरह लाभान्वित हो रहे हैं। यह भी अब सामने आ गया है। नामांकन शुरू होने के साथ ही जो शपथ पत्र दाखिल होगा तो आपको यह भी पता चलेगा कि आपके क्षेत्र के संसद ने पिछले 5 सालों में किस तरह अकूत संपत्ति अर्जित की।

गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ चलने वाले सांसदों के पास अकूत संपत्ति है। 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं। शायद यही कारण था कि पिछले लोकसभा चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई लेकिन राजनीतिज्ञों को कोई फर्क नहीं पड़ा।

चुनाव आयोग ने सांसद के लिए चुनाव के दौरान खर्च की सीमा 90 लाख रुपए तय कर रखी है। लेकिन सभी लोग जानते हैं कि लेकिन इससे कई गुना रकम प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में खर्च की जाती है। वह जमाने गए जब प्रत्याशी साइकिल और मोटरसाइकिल से प्रचार करते थे। एक-एक रुपए चंदा मांग कर चुनाव लड़ते थे। अब नेताओं के साथ लग्जरी गाड़ियों का लंबा काफिला चलता है। प्रत्याशी सत्तारूढ़ दल से है तो पुलिस और अधिकारी भी उनकी चेकिंग और तलाशी से बचते हैं। चुनाव अधिक धनराशि और शराब जैसी प्रलोभन वाली चीजें जब्त करने के निर्देश हैं। अधिकारी डाल-डाल तो प्रत्याशी पात-पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए हर दिन नए



सिस्टम ईजाद कर रहे हैं। शराब सीधे बांटने की वजह जिन लोगों को दिया जाना है उन्हें पर्ची थमा दी जाती है जिसका उपयोग कर वे सीधे शराब के ठेके से शराब प्राप्त कर लेते हैं। यह धन-बल के बढ़ते इस्तेमाल का एक और तरीका है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच बांटने के लिए लाई गईं करीब 12 सौ करोड़ रुपये कीमत की वस्तुएं नकदी और शराब जब्त हुई थी।

2019 के चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त की गई थी। 2019 के चुनाव में 3449 करोड़ से अधिक कीमत की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई थी। यह 2014 के मुकाबले 2248 करोड़ अधिक था। सूत्रों के माने तो जब्त की गई यह राशि चुनावों में चोरी-छुपे खर्च होने वाली राशि का एक छोटा हिस्सा मात्र है। बाकी राशि तो जब्त ही नहीं हो पाती है। आयोग का मानना है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि धनबल की जगह चुनाव में सभी के लिए एक समान अवसर उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव में धनबल के इस्तेमाल को रोकने के लिए आयोग ने इस बार भी इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार किया है। इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशन में केंद्र और राज्य की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। खुफिया जानकारी भी साझा की जाती है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक नई लोकसभा के कुल 475 सदस्य 'करोड़पति' हैं। भाजपा के 301सांसदों में से 265 करोड़पति हैं। जिनका जिक्र उनके शपथपत्र में ही है।

शिवसेना के सभी 18 विजेताओं के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। कांग्रेसियों के 51 में से 43 सांसद करोड़पति हैं। द्रमुक के 23 सांसदों में से 22 (96 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 22 में से 20 (91 प्रतिशत) और वाईएसआर कांग्रेस के 22 सांसदों में से 19 (86 प्रतिशत) की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है। यह वह रकम नहीं है। जिन्हें उन्होंने अपने वेतन से पाई-पाई कर जोड़ा है। बल्कि उनकी आमदनी से भी कहीं अधिक है। सांसदों की संपत्ति के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं। उससे कहीं अधिक संपत्ति के वे मालिक हैं। बेनामी संपत्तियां होने के संभावनाओं से भी जानकारी इनकार नहीं करते। शायद यही कारण है कि देश में महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम जनता सरकार के मुफ्त राशन पर किसी तरह दिन कट रही है। गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। अमीरों की संपदा बढ़ती जा रही है।

# 2019 में लड़े थे दो वरुण गांधी, एक के सिर सजा ताज दूसरे की जमानत जब्त

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे दूसरे वरुण गांधी को मिले थे 4483 वोट
- कुल 13 प्रत्याशी थे मैदान में 11 उम्मीदवार पांच हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाए
- कांग्रेस-शिवसेना समेत 10 प्रत्याशियों को पिछड़ा था

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि अभी बसपा छोड़ किसी अन्य राजनीतिक दल से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। चुनावी सरगर्मियों के बीच बीते चुनावों के रोचक किस्सों की यादें जरूर ताजा हो रही हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे रोचक बात ये रही कि दो-दो वरुण गांधी चुनाव मैदान में थे। एक के सिर जीत का ताज सजा और दूसरे की जमानत जब्त हो गई थी।

### 9,973 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहा था नोटा

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। जबकि सपा के हेमराज वर्मा दूसरे नंबर पर आए थे। अन्य 11 प्रत्याशियों की स्थिति तो दौड़ में ही नहीं रही। ये 11 प्रत्याशी जहां पांच हजार वोट तक नहीं हासिल कर सके थे। वहीं नोटा इन सबसे ऊपर तीसरे नंबर पर जगह बना गया था। इस चुनाव में नोटा पर 9973 वोट पड़ा था। 11 प्रत्याशियों में सर्वाधिक वोट पाने वाले निर्दलीय वरुण गांधी के वोटों से दोगुना से भी अधिक था।

**पीलीभीत**




लोकसभा चुनाव 2019 में पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। भाजपा से वरुण गांधी ने 704549 वोट पाकर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी हेमराज वर्मा 448922 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। अन्य कोई प्रत्याशी पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका था। इस चुनाव में भाजपा के वरुण गांधी के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी वरुण गांधी नाम का प्रत्याशी मैदान में था। उसको 4483 वोट मिले थे। खास बात ये रही थी कि दूसरे वरुण गांधी के बारे में मतदाताओं को कोई जानकारी तक नहीं थी।

किसी तरह का प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ था। मगर जमानत जब्त वाले अन्य प्रत्याशियों से अधिक वोट हासिल कर लिया। कांग्रेस, शिवसेना समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों को भी उससे कम वोट मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के सुरेंद्र कुमार गुप्ता को 4442, शिवसेना की अनीता त्रिपाठी को 3974, निर्दलीय मुनेश सिंह को 2129, जाफरी बेगम को 1633, जेडीयू से डा. भरत को 1624, पीएसपीएल (प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया) के मोहम्मद हनीफ को 1276, एसबीडीयू के डा.सीताराम राजपूत को 1098, निर्दलीय कैफ रजा खान को 926, उर्वशी सिंह को 864, एनपी के प्रत्याशी संजय कुमार भारती को 696 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी और सपा के हेमराज वर्मा के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।

**मीरा कुमार, राम विलास पासवान और मायावती लड़ चुके हैं यहां से चुनाव, सपा ने सामान्य सीट के बावजूद अनुसूचित जाति का प्रत्याशी उतारा है मैदान में**

# ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण तय करेगा बिजनौर का रण

● चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिजनौर सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। बिजनौर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें बिजनौर, चांदपुर, पुरकाजी, हस्तिनापुर और मीरापुर शामिल हैं। इनमें पुरकाजी और मीरापुर सीट मुजफ्फर नगर तो हस्तिनापुर सीट मेरठ जिले में आती है। पिछले 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन और जाट-मुस्लिम वोटों के गठजोड़ की बदौलत यह सीट भाजपा से झटक ली थी। बसपा के मलूक नागर ने भाजपा प्रत्याशी राजा भारतेंद्र सिंह 69,941 मतों से हरा दिया था। इस बार तीनों दल भाजपा, सपा और बसपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं और जातीय समीकरणों को देखते हुए मुकाबला एक बार फिर रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बिजनौर लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीटों में गिनी जाती है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राम विलास पासवान, बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार चुनाव लड़ चुकी हैं। साल 2014 के चुनाव में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने यहां से राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन चौथे नंबर पर रही थीं। इस बार के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में गई है। रालोद ने मीरापुर के मौजूदा विधायक और पूर्व सांसद संजय चौहान के 28 वर्षीय बेटे चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। चंदन गुर्जर बिरादरी से आते हैं। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने चंदन को हाल ही में पार्टी की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। उधर, बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ही लोकदल से इस्तीफा दिया था। लेकिन सबसे चौंकाने वाला फैसला सपा ने लिया है। पार्टी ने सामान्य सीट होने के बावजूद अनुसूचित समाज के यशवीर सिंह धोबी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यशवीर सिंह बगल की नगीना सीट पर सपा से सांसद रह चुके हैं। यशवीर सिंह 2009 में सपा से नगीना सुरक्षित सीट से सांसद बने थे, लेकिन 2014 में वह भाजपा के डॉ. यशवंत सिंह से चुनाव हार गए थे। बिजनौर सीट से 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेन्दु सिंह चुनाव जीते थे। उन्होंने सपा के शाहनवाज को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2014 में यहां बसपा तीसरे नंबर रालोद चौथे नंबर पर रही थी। बिजनौर लोकसभा का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद चुनाव में भाजपा और रालोद का गठबंधन हुआ। रालोद के संजय सिंह चौहान ने बसपा के शाहिद को हराकर जीत हासिल की। 2019 में बसपा के मालूक नागर चुनाव जीते। भाजपा के भारतेंद्र सिंह 4,91,104 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

### 1985 में मीरा कुमार, रामविलास और मायावती के बीच हुआ था मुकाबला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी राजनीति की शुरूआत यहीं से चुनाव लड़कर की थी। वर्ष 1985 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस से मीरा कुमार चुनावी मैदान में उतरीं और पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी रामविलास पासवान को हराया। बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी थीं। वह तीसरे नंबर पर रहीं, लेकिन 66 हजार से ज्यादा वोट पाकर सबको चौंका दिया। इसके बाद 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती को जीत हासिल हुई और वह पहली बार बिजनौर सीट से सांसद बनीं।

**बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में विधान सभा सीटों पर कब्जा**

| विधान सभा | विधायक | दल |
|---|---|---|
| पुरकाजी (सु) | अनिल कुमार | रालोद |
| मीरापुर | चंदन चौहान | रालोद |
| बिजनौर (सु) | मौसम चौधरी | भाजपा |
| चांदपुर | स्वामी ओमवेश | सपा |
| हस्तिनापुर (सु) | दिनेश खटीक | भाजपा |

**बिजनौर लोकसभा सीट कब कौन जीता**

| वर्ष | विजेता | दल |
|---|---|---|
| 2019 | मलूक सिंह नागर | बसपा |
| 2014 | भारतेंद्र सिंह | भाजपा |
| 2009 | संजय सिंह चौहान | रालोद |
| 2004 | मुंशीराम सिंह | रालोद |
| 1999 | शीशराम सिंह रवि | भाजपा |

### मुस्लिम-दलित मतदाता 60 फीसदी का वोट निर्णायक

बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 17 लाख मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 8 लाख 77 हजार से ज्यादा तो महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 93 हजार से अधिक है। जातिगत समीकरणों के लिहाज से यहां साढ़े पांच लाख के आसपास मुस्लिम मतदाता हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख के करीब हैं। जाट मतदाता दो लाख के आसपास और गुर्जर वोट एक लाख तक गिने जाते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 60 हजार मानी जाती है।

**2019** में सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने भाजपा से छीन ली थी यह सीट

**2004** और 2009 के चुनाव में यहां से रालोद फहरा चुका है जीत का परचम



# करेन का अर्धशतक, वापसी पर पंत को नहीं मिली जीत

## पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर अभियान की शुरुआत की

मोहाली, एजेंसी

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया। पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया। शिखर धवन (16 गेंद पर 22 रन) और जॉनी बेयरस्टो (09) ने खलील अहमद के पहले ओवर में दो-दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। धवन अधिक आक्रामकता दिखा रहे थे और इसी प्रयास में इशांत शर्मा की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए। इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद पर 26 रन) में इशांत और खलील पर दो-दो चौके लगाए लेकिन कुलदीप यादव (21 देकर दो विकेट) ने उन्हें जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इस स्पिनर ने इसके बाद जितेश शर्मा (09) को पंत के हाथों स्टंप आउट कराकर पंजाब का स्कोर 4 विकेट पर 100 रन कर दिया। कुलदीप को करेन का विकेट भी मिल जाता अगर ट्रिस्टन स्टब्स ने लॉन्ग ऑन पर उनका कैच नहीं छोड़ा होता।



सैम करेन
लियाम लिविंगस्टोन

**दिल्ली 174/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर का शर्मा बो पटेल | 29 | 21 | 3/2 |
| मिचेल मार्श का चाहर बो अर्शदीप सिंह | 20 | 12 | 2/2 |
| शाई होप का हरप्रीत बो रबाडा | 33 | 25 | 2/2 |
| ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो पटेल | 18 | 13 | 2/0 |
| रिकी भुई का शर्मा बो हरप्रीत बरार | 03 | 07 | 0/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शशांक सिंह बो चाहर | 05 | 08 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 21 | 13 | 2/1 |
| सुमित कुमार का शर्मा बो अर्शदीप सिंह | 02 | 09 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 32 | 10 | 4/2 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सैम करन 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह 4-0-28-2, कागिसो रबाडा 4-0-36-1, हरप्रीत बरार 3-0-14-1, राहुल चाहर 4-0-33-1, हर्षल पटेल 4-0-47-2

**पंजाब 177/6** — 19 .2 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धन का बोल्ड ईशांत | 22 | 16 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो रन आउट ईशांत | 09 | 03 | 2/0 |
| प्रभसिमरन का वार्नर बोल्ड कुलदीप | 26 | 17 | 5/0 |
| सैम करेन बो अहमद | 63 | 47 | 6/1 |
| जितेश स्टंप पंत बोल्ड कुलदीप | 09 | 09 | 1/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 38 | 21 | 2/3 |
| शशांक सिंह का पंत बो अहमद | 00 | 01 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-43-2, इशांत शर्मा 2-0-16-1, मिचेल मार्श 4-0-52-0, अक्षर पटेल 4-0-25-0, कुलदीप यादव 4-0-20-2, सुमित कुमार 1.2-0-19-0

# रसेल की पारी से केकेआर 200 पार



आंद्रे रसेल

कोलकाता, एजेंसी

- रिंकू सिंह ने आंद्र रसेल के साथ मिलकर तेज गति से रन बटोरते हुए 81 रनों की साझेदारी की
- सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से टी नटराजन ने 32 रन देकर तीन विकेट झटके

आंद्रे रसेल (64) और रमनदीप सिंह (35) के अलावा फिल साल्ट (54) की तेज तर्राक पारियों की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ सात विकेट पर 208 रन बना लिये।

ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर के चार शीर्ष बल्लेबाज 51 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे मगर एक छोर पर डटे साल्ट ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये न सिर्फ अपना अर्धशतक पूरा किया बल्कि रमनदीप के साथ मिल कर टीम को मुश्किलों के भंवर से निकाल लिया। रमनदीप की पारी का अंत पैट कमिंस ने किया जबकि अगले ही ओवर में साल्ट भी मारकंडे की गेंद पर जानसन के हाथों लपके गये। बाद में क्रीज पर आये यूपी के धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह (23) ने आंद्र रसेल (64 नाबाद) के साथ मिल कर तेज गति से रन बटोरने शुरु किये और दोनो बल्लेबाजों ने 32 गेंदों की पार्टनरशिप में महत्वपूर्ण 81 रन जोड दिये। रिंकू पारी के आखिरी ओवर में नटराजन का शिकार बने वहीं रसेल ने अपने दमदार छक्कों से स्टेडियम को हिलाते हुये टीम के स्कोर को 208 रन पर पहुंचा दिया। टी नटराजन तीन विकेट लेकर हैदराबाद के सबसे सफल गेंदबाज कहलाये जबकि मयंक मारकंडे ने दो और शाहबाज अहमद ने एक विकेट झटका।



फिल सॉल्ट

**कोलकाता नाइट राइडर्स :**

| | |
|---|---|
| सॉल्ट का यानसेन बो मार्कंडेय | 54 |
| सुनील नरेन रन आउट | 02 |
| वेंकटेश का यानसेन बो नटराजन | 07 |
| श्रेयस का कमिंस बो नटराजन | 00 |
| नीतिश का त्रिपाठी बो मार्कंडेय | 09 |
| रमनदीप का मार्कंडेय बो कमिंस | 35 |
| रिंकू का मार्कराम बो नटराजन | 23 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 64 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 |

**अतिरिक्त** : 08

**कुल** : 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन

**विकेट पतन** : 1-23, 2-32, 3-32, 4-51, 5-105, 6-119, 7-200

**गेंदबाजी** :

| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर कुमार | 4-0-51-0 |
| मार्को यानसेन | 3-0-40-0 |
| टी नटराजन | 4-0-32-3 |
| पैट कमिंस | 4-0-32-1 |
| मयंक मार्कंडेय | 4-0-39-2 |
| शाहबाज अहमद | 1-0-14-0 |

## खेल डायरी

### पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का निधन

**लाहौर।** भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे।

### श्रीकांत स्विस ओपन सेमीफाइनल में

**बेसल।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शुरुआत में ही 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली और पहला गेम जीतने से पहले दोनों गेम में अपनी लय बरकरार रखी। श्रीकांत के ड्रॉप और स्मैश के मिश्रण का चीनी ताइपे के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था।

### सकामोटो ने जीता फिगर स्केटिंग विश्व खिताब

**टोक्यो।** जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने शुक्रवार को यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222 .96 के कुल स्कोर के साथ 149 .67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203 .59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सकामोटो ने सीज़न में अपना दबदबा बनाया है।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में राहुल पर रहेगी नजर

जयपुर, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।



लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी। आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा।

# करूणारत्ने का अर्धशतक, श्रीलंका की 211 रन की बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश)।** सलामी बल्लेबाज दिमुथ करूणारत्ने (52 रन) के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 119 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 211 रन तक पहुंचा दी। पहली पारी में 280 रन पर सिमटने वाली श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (48 रन देकर चार विकेट) की बदौलत बांग्लादेश को 188 रन पर समेटकर 92 रन की बढ़त बनायी थी। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दो झटके देकर दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 32 रन कर दिया। इसके बाद करूणारत्ने ने टिककर खेलते हुए श्रीलंका की बढ़त 200 रन से पार करायी।

# रोहित शर्मा की विरासत बढ़ाएंगे हार्दिक पंड्या

अहमदाबाद, एजेंसी

हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है।

हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है।। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी।






# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप से मिलने के लिए अब देने होंगे रुपये



**मुंबई, एजेंसी।** गैंग ऑफ वासेपुर जैसी बेहतरीन मूवी देने वाले फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने उनके फैंस और फॉलोवर्स को थोड़ा हैरान कर दिया है। निर्देशक ने घोषणा की है कि अब से, वह हर उस व्यक्ति से फीस लेंगे जो उनका दिमाग खाएगा। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग ने लिखा कि उन्होंने "नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया है।" अनुराग ने इंस्टाग्राम पर फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए उनसे मिलने वाले लोगों से फीस लेने को लेकर एक नोट साझा किया है। उनके नोट में लिखा है : "मैंने नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया और ज्यादातर औसत दर्जे की बकवास के साथ समाप्त हुआ। तो अब से मैं उन नए लोगों से मिलकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता, जो सोचते हैं कि वे क्रिएटिव हैं। तो अब मेरे पास मिलने की दरें होंगी। अगर कोई मुझसे 15 मिनट के लिए मिलना चाहता है तो मैं एक लाख रुपये, आधे घंटे के लिए 2 लाख रुपये और 1 घंटे के लिए 5 लाख रुपये चार्ज करूंगा। यही दर है। मैं लोगों से मिलकर समय बर्बाद करने से थक गया हूं। यदि आप वास्तव में सोचते हैं कि आप इस खर्च को उठा सकते हैं, तो मुझे कॉल करें या बकवास से दूर रहें।" अनुराग ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस बारे में गंभीर हैं, जैसा कि उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, "और मेरा मतलब यह है। मुझे टेक्स्ट या डीएम या कॉल न करें। भुगतान करें और आपको समय मिलेगा। मैं कोई चैरिटी नहीं हूं और मैं शॉर्टकट ढूंढने वाले लोगों से थक गया हूं।"



# अंकिता लोखंडे के बर्ताव को लेकर भड़क गए यूजर्स

**मुंबई, एजेंसी।** अंकिता लोखंडे अपने एटीट्यूड के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। दरअसल 22 मार्च को उनकी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' रिलीज हुई। वह अपने पति विक्की जैन, दोस्तों और परिवार के साथ इसकी स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। वहां पैपराजी ने तस्वीरें कैप्चर करने की कोशिश की और वह भड़क गईं। इसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसमें लोगों को अंकिता का बर्ताव पसंद नहीं आ रहा है। वीडियो में अंकिता के साथ बिग बॉस फेम खानजादी और अभिषेक कुमार थिएटर के दरवाजे से अंदर जाते दिख रहे हैं। पैपराजी उन्हें कैप्चर कर रहे हैं और अंकिता इसपर भड़कती दिख रही हैं। अंकिता कह रही हैं, "सुनिए फिल्म चल रही है बाहर चलिए। प्लीज, ये सही नहीं है यार। सच में बहुत गलत बात है। फिल्म चल रही है अंदर यार। थोड़ा सा रख लो यार क्या बात है ये।" ये कहते हुए अंकिता अंदर चली जाती हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को देख भड़क गए हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, "लगता है ज्यादा ओवरएक्टिंग हो गई।" अन्य यूजर ने लिखा, "ज्यादा ही एटीट्यूड आ गया।" एक यूजर ने लिखा, "अंकिता लोखंडे में बिग बॉस के बाद घमंड आ गया है।"

# कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड

**मुंबई, एजेंसी।** अपने दमदार अभिनय और बेबाकी के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट 37 साल की हो गई हैं। कंगना अपनी फिल्मों के लिए कम, विवादों के चलते ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने कहा था कि जब वो बॉलीवुड में नई थीं तो उन्हें जानवरों की तरह ट्रीट किया जाता था। अब कंगना को बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन कहा जाता है और इस छवि से उनके करियर को कहीं न कहीं नुकसान भी हुआ है। फिल्ममेकर्स उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे हैं। कंगना ने बीते दस सालों में केवल एक सुपरहिट, एक हिट और एक एवरेज फिल्म दी है। पिछले साल वो फिल्म 'तेजस' में नजर आई थीं, जो कि फ्लॉप रही। इससे पहले रिलीज हुई 'धाकड़' ने तो सिर्फ तीन करोड़ ही कमाए थे। वैसे, फ्लॉप फिल्मों के बावजूद कंगना अब भी बॉलीवुड की सबसे मंहगी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी एक फिल्म की फीस 15-17 करोड़ रुपए तक है। पिछले कुछ सालों में कंगना के करियर में डाउनफॉल देखने को मिला है। 10 सालों में उनकी सिर्फ एक फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' ही सुपरहिट हुई है। इससे पहले 2014 में आई क्वीन हिट साबित हुई थी। 2019 में आई उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी' एवरेज साबित हुई थी। मणिकर्णिका के बाद पिछले पांच साल में कंगना की पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और सभी फ्लॉप रही हैं। कंगना की अपकमिंग फिल्मों की बात की जाए तो इसमें फिल्म 'इमरजेंसी' का नाम सबसे ऊपर है। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन ये टल गई। अब इसे 14 जून, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा कंगना के पास एक अनटाइटल्ड फिल्म है जिसमें वो आर. माधवन के साथ नजर आएंगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### बीएसएफ ने सरहद पर ड्रोन और दो किग्रा हेरोइन की बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने सरहद पर नशीले पदार्थों की तस्करी को विफल कर दिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन और हेरोइन की मौजूदगी के संबंध में खुफिया सूचना मिली थी। जिसपर संयुक्त टीम कार्रवाई की है। बीएसएफ और एसएसओसी फाजिल्का के सैनिकों ने एक तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने फाजिल्का जिले के नानक नगरी गांव के आसपास से संदिग्ध हेरोइन के दो किलोग्राम और एक ड्रोन को बरामद किया। संयुक्त टीम ने बरामद ड्रोन के बारे में को अधिक जानकारी नहीं दी है, किस देश में बना है।

### अमेरिका से लौटे युवक के पास से 50 लाख मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को अमेरिका से दिल्ली होते हुए वडोदरा हवाई अड्डे पर उतरे युवक के पास से 50 लाख रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात के वडोदरा में उस व्यक्ति के आवास पर भी तलाशी ली। हालांकि, व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उस व्यक्ति ने शुक्रवार को अमेरिका से दिल्ली पहुंचने के बाद वहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों को विदेशी मुद्रा के बारे में जानकारी नहीं दी थी। जब वह व्यक्ति दिल्ली से अन्य उड़ान के जरिए वडोदरा पहुंचा तो उसे रोक लिया गया और उसके बैग से 60 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 50 लाख रुपये) बरामद किए गए।

### एसडीजी ने एलओसी पर सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) योगेश बहादुर खुरानिया ने कश्मीर घाटी की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा स्थिति और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिमी कमान चंडीगढ़ के एसडीजी ने 18 से 22 मार्च तक कश्मीर घाटी के अग्रिम इलाकों का पांच दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की परिचालन तैयारियों का आकलन करना था।

### चुनौतियों से निपटने को मिलकर काम करें राजनीतिक दल : जरदारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को सभी राजनीतिक दलों से आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के समक्ष मौजूद समस्याओं से निपटने के लिए मतभेदों को दरकिनार करने का आग्रह किया। जरदारी परेड ग्राउंड क्षेत्र में आयोजित 84वें पाकिस्तान दिवस समारोह और सेना परेड को संबोधित कर रहे थे। 23 मार्च का दिन 1940 में ऐतिहासिक लाहौर संकल्प को अपनाने का प्रतीक है, जिसने दक्षिण एशिया के मुसलमानों के लिए एक अलग देश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक रूपरेखा प्रदान की थी।

# दूसरों को ठीक करने से पहले खुद को ठीक करना होगा : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण, चंद्रचूड़ ने याद किया पुराना किस्सा


कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित 'भविष्यवादी न्यायपालिका के लिए समानता और उत्कृष्टता' शीर्षक से न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने असुविधा के कारण सुनवाई के दौरान अपने बैठने की स्थिति को बदलने के बाद ट्रोलिंग का सामना करने की एक हालिया घटना को याद किया।

कार्य-जीवन संतुलन और तनाव प्रबंधन पर बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है, खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। न्यायिक अधिकारियों के रूप में वे नियमित रूप से कमजोर वादियों से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा, अदालतों में आने वाले बहुत से लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि कभी-कभी न्यायाधीश के रूप में हमारे साथ व्यवहार में वे सीमा लांघ जाते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में मैंने बहुत से वकीलों और वादियों को देखा है, जब वे अदालत में हमसे बात करते समय सीमा लांघते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने न्यायिक अधिकारियों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है, जिसके लिए शांत और दयालु दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखना इन कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए अभिन्न अंग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव को प्रबंधित करने और कार्य-जीवन में संतुलन हासिल करने की क्षमता अलग नहीं है, बल्कि न्याय देने के साथ जुड़ी हुई है। दूसरों को ठीक करने से पहले, आपको सीखना चाहिए कि खुद को कैसे ठीक किया जाए। वही न्यायाधीशों के बारे में भी यह सच है।

# एआई के खतरे से निपटेंगे हाई टेक टूल, शक्ति प्लेटफॉर्म लॉन्च

*चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से बनने वाले फेक ऑडियो, वीडियो और फोटो से निपटने के लिए टेक कंपनियों ने रणनीति बनाई है। गूगल और मेटा ने केंद्र सरकार को बताया है कि उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने के लिए एआई तकनीक युक्त संभावित खतरों से निपटने के लिए अपनी कमर कस ली है और इसके लिए एडवांस्ड टूल भी बना लिए हैं।*

- कुछ हफ्ते पहले केंद्र सरकार ने गूगल व मेटा को निर्देश दिए थे कि चुनाव के दौरान एआई तकनीक से तैयार ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर न आने दें। ताकि इनका गलत इस्तेमाल न हो सके। गूगल ने इसके लिए 'शक्ति' प्लेटफॉर्म बनाया है, वहीं मेटा ने फैक्ट चेकिंग पार्टनर्स के साथ करार किया है।



### मेटा का फैक्ट चेकर्स से करार



मेटा ने 15 भारतीय भाषाओं में 11 स्वतंत्र फैक्ट चेकिंग पार्टनर से करार किया है। कंपनी उन्हें मेटा कंटेंट लायब्रेरी का एक्सेस देगी। जिससे एआई जेनरेटेड कंटेंट से निपटा जा सके। फैक्ट चेकिंग पार्टनर चुनाव के दौरान एआई से जनरेट हुए ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो व अन्य कंटेंट को चेक करेंगे और फिर उनका रिव्यू कर उन्हें रेटिंग देंगे। एआई से बने फोटो व वीडियो पर मेटा एक खास तरह का मार्कर लगाएगी, जिससे पता चल जाएगा कि वह असली है या नकली ? मेटा चुनाव के लिए कुछ स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाएगी, जो रियल टाइम काम करेंगे। व्हाट्सएप पर एआई से जुड़ी हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

### एआई से बने वीडियो फोटो पर मार्क, कंटेंट की असलियत भी जांच सकेगा गूगल

इंडिया ने एआई तकनीक से तैयार होने वाले फर्जी कंटेंट को रोकने के लिए शक्ति प्लेटफार्म लांच किया है। इसकी मदद से किसी भी कंटेंट का फैक्ट चैक कर उसकी वास्तविकता का पता लगा सकते हैं। इतना ही नहीं कंपनी की एक टीम फर्जी व आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने का काम भी करेगी। गूगल अपने प्लेफार्म पर चुनाव से जुड़े सभी विज्ञापनों को सार्वजनिक करेगा, चाहे वह किसी भी फार्म में दिए गए हों। हर विज्ञापन पर उसकी हकीकत बताने वाला टैग होगा, जिससे कि पता चल सके कि वह विज्ञापन है।

# पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा उजागर, पाकिस्तानी नीतियां बेअसर

## पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की हालत पर यूएनएचआरसी में उठे सवाल

जिनेवा, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों की जमकर आलोचनाएं की गई। शुक्रवार को एनईपी-जेकेजीबीएल (राष्ट्रीय समानता पार्टी जम्मू कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान और लद्दाख) द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था।

यूएनएचआरसी में ग्रीक के पूर्व सांसद बोगडानोस ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिमी देशो के नागरिकों को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए, भले ही ये क्षेत्र हमारे सीमाओं से दूर क्यों न हो। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने पाकिस्तान सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए अपनाई गई नीतियों और क्षेत्र के सैन्यीकरण, समृद्ध क्षेत्रों को शत्रुतापूर्ण स्थानों में बदलने की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि हमारा देश इस तरह के उत्पीड़न के हमेशा खिलाफ रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा पर चर्चा के दौरान इस क्षेत्र के मूल निवासी त्सेंज त्सेरिंग ने कहा कि यह क्षेत्र समृद्ध होने के बावजूद यहां की आबादी गरीबी में जी रही है, जिनके पास किसी भी तरह की चिकित्सा बुनियादी ढांचे, खाद्य सुरक्षा तक नहीं है। पाकिस्तान की ओर से किसी भी ठोस कदम न उठाए जाने की उन्होंने आलोचना की है। लोकतांत्रिक मंच के एक सदस्य ने निंदा की कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक नरसंहार का शिकार हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को नजरअंदाज करता है। यही कारण है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती रही है।

### अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक कदम, यूएन में बोले अजातशत्रु



**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एमके अजातशत्रु सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के भारत सरकार के साहसिक फैसले की सराहना की है। महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु ने 1947 में भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। यूएन में अपने संबोधन में अजातशत्रु ने पाकिस्तान के कब्जे में रहने वाले लोगों की दुर्दशा के लिए अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और उन्हें सुधारने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 2019 में संवैधानिक सुधारों के बाद से क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2004 से 2014 तक जम्मू और कश्मीर में कुल 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुए। हालांकि, सुधारों के कारण आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। यह सुधार क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में सरकार के कार्यों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। भाजपा नेता ने अपने संबोधन में कहा, सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर जम्मू-कश्मीर में गरीबी का 2005-2006 में 40 .45 प्रतिशत से घटकर 2022-2023 में मात्र 2 .81 प्रतिशत होना विकास निधि के इष्टतम उपयोग का एक प्रमाण है। हालिया अंतरिम 2024 के बजट में जम्मू-कश्मीर के लिए 14 अरब अमेरिकी डॉलर का पर्याप्त आवंटन किया गया, जो क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सरहद पर जवानों के साथ होली खेलेंगे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** सियाचिन में इसबार होली का त्योहार बहुत खास होने वाला है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन जाएंगे और वहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान से मुलाकात करेंगे। राजनाथ उनके साथ रंगो का त्योहार होली भी मनाएंगे। इससे पहले 2019 में रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने सियाचिन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कई अधिकारियों के साथ ही फील्ड कमांडरों और जवानों से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ तत्कालीन सेना प्रमुख बिपिन रावत भी मौजूद थे।

### जर्मनी के राजदूत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की टिप्पणी, विदेश मंत्रालय ने किया तलब

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आज जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। उन्हें जर्मनी के विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया। आगे कहा गया है कि जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को हम भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत एक मजबूत कानून व्यवस्था वाला देश है और इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। जर्मनी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।

# शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं चीन के दावे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर बोले- भारत अब बिल्कुल सहन नहीं करेगा, तीन दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे विदेश मंत्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे को हस्यास्पद करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ड्रैगन को खरी-खरी भी सुना दी। जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का स्वाभाविक हिस्सा है।

इन दिनों जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं और उन्होंने एक कार्यक्रम में अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने अपने दावे को दोहराया है और यह नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं और अभी भी हास्यास्पद ही बने हुए हैं। एस जयशंकर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने सवालों के जवाब में चीन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है, जो होने वाली सीमा चर्चा का हिस्सा होगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि "आज भारत के लिए चुनौती है कि वह दो उभरती शक्तियों के बीच स्थायी संतुलन कैसे बनाए, जो पड़ोसी भी हैं और जिनका एक इतिहास और आबादी है, जो उन्हें बाकी दुनिया से अलग करती है। जिनके पास क्षमताएं भी हैं। यह एक बहुत ही जटिल चुनौती है।

# रूस में हुए आतंकी हमले की साजिश यूक्रेन की नहीं

कीव, एजेंसी

- हमले के बाद यूक्रेन के सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी प्रतिक्रिया

रूस की राजधानी मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए आतंकी हमले में यूक्रेन ने प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को यूक्रेन के एक सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि मॉस्कों में शुक्रवार को हुई गोलबारी में यूक्रेन शामिल नहीं है।

वहीं यूक्रेनी लिंक का भी वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा ने कहा कि मॉस्कों के पास कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले में शामिल सभी चारों आतंकवादियों को यूक्रेन सीमा की ओर जाते वक्त गिरफ्तार किया गया है। ये सभी यूक्रेन के संपर्क में थे। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के एंड्री युसोव ने कहा कि निश्चित रूप से यह रूसी विशेष सेवा एफएसबी का एक और झूठ हैं। इसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेन इस आतंकी हमले में शामिल नहीं है।

### राष्ट्रीय शोक की घोषणा

मॉस्को की गोलीबारी पर निराशा और दुख का इजहार करते हुए हाल ही में पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने गए पुतिन ने देशवासियों से मुखातिब होकर कहा, 'मैं आज आपसे उस खूनी, बर्बर आतंकवादी कृत्य के संबंध में बात कर रहा हूं, जिसमें दर्जनों निर्दोष, शांतिपूर्ण लोग शिकार बने। मैं 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करता हूं।

### ट्यूलिप गार्डन के खुले द्वार...



**श्रीनगर :** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन, जिसे पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था, इस सप्ताहांत आगंतुकों के स्वागत के लिए खोल दिया गया और रंगों की जीवंत श्रृंखला प्रदर्शित कर रहा है। कश्मीर के श्रीनगर में डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित, उद्यान ने शनिवार को जनता के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं, फूलों की खेती उद्यान में ट्यूलिप की अधिक किस्में देखने को मिलेंगी। बगीचे में पांच नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया गया है, जिससे कुल मिलाकर 68 किस्में हो गई हैं।

### 20 साल से फरार गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को क्राइम ब्रांच ने चीन से किया प्रत्यर्पित

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की क्राइम ब्रांच ने मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई प्रत्यर्पित कर लिया है। पुजारी 20 साल से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस तक जारी किया हुआ था।

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी शुक्रवार को गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाए हैं। 2020 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर प्रसाद पुजारी की मां इंदिरा विट्ठल पुजारी को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर पुजारी पर मुंबई में हत्या और लोगों को धमकाने के कई आरोप दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, 62 वर्ष की इंदिरा और दो अन्य पर मुंबई के एक बिल्डर से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगा था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान सुनील अंगने (56) और सुकेश कुमार (28) के रूप में हुई।

# श्रीलंका को 15 करोड़ की आर्थिक मदद देगा भारत

कोलंबो, एजेंसी

- बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी धनराशि

भारत ने एक बार फिर से श्रीलंका की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। दरअसल श्रीलंका के बौद्ध शहर अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं को तैयार किया जाना है। इस वजह से श्रीलंका ने भारत से अतिरिक्त आर्थिक मदद की मांग की थी। भारत ने भी श्रीलंका की इस मांग को समझा और आर्थिक सहयोग किया।

भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि भारत ने श्रीलंका के अनुराधापुरा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 21 मार्च को अपने समकक्ष श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ पत्रों का आदान-प्रदान किया। आपस में बातचीत के बाद अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए गए। 15 करोड़ रुपये की यह धनराशि अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी।

भारतीय उच्चायोग का कहना है कि श्रीलंका के आर्थिक परिदृश्य में भारी बदलाव को देखते हुए भारत सरकार ने नौ परियोजनाओं में अतिरिक्त धनराशि डालने का फैसला लिया है। भारत सरकार चाहती है के इन परियोजनाओं को जल्दी से जल्दी से पूरा किया जाए। भारत द्वारा इन नौ परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत धनराशि दी जा रही है, जबकि 50 प्रतिशत धनराशि श्रीलंका सरकार के खजाने से खर्च होगी।


**विज्ञान** शिकागो विवि के वैज्ञानिकों ने की हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्वों की खोज

# प्रारंभिक तारे हैं कैल्शियम, लोहा व सोडियम का स्रोत

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्व कहां से आए ? आधुनिक खगोल विज्ञान के वैज्ञानिकों के मन मे यह प्रश्न अक्सर आता रहा है। लंबे समय बाद यह उत्तर सामने आया है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद मरने वाले प्रारंभिक तारों से हमारे शरीर मे मौजूद तत्वों का जन्म हुआ है।

यह जानकारी हाल की खोज में सामने आई है। शिकागो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार सितारों की पहली पीढ़ी ने ब्रह्मांड को बदल दिया। उनके कोर के अंदर सरल हाइड्रोजन और हीलियम के तत्व एक जैसे इंद्रधनुष में विलीन हो गए। जब ये तारे मर गए, तो उनमें विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद तारों के नए तत्वों को ब्रह्मांड में फैला दिया गया। इन तत्वों में हमारी नसों में दौड़ने वाला लोहा, दांतों का कैल्शियम और हमारे विचारों को शक्ति देने वाला सोडियम आदि शामिल थे। ये सभी तत्व लंबे समय से मृत तारे के हृदय में पैदा हुए थे। ब्रह्मांड को नया रंग देने में मृत तारों की विशेष भूमिका रही थी। वैज्ञानिक इसे अनोखी खोज मान रहे हैं। यह सर्वविदित है कि लोहे से हल्के अधिकांश तत्व तारों के कोर में बने होते हैं। भले ही पृथ्वी पर रहते हैं, लेकिन अधिकांश तत्व अंतरिक्ष से ही आए हैं। रासायनिक तत्व के स्रोत अपने आप में बड़ी खोज है। इसकी खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन मृत तारों का अध्ययन करना पड़ा। प्रारंभिक तारों के बाद दूसरी पीढ़ी की तारे अस्तित्व में आने के बाद मूल रूप से अलग आकाशगंगा का निर्माण हुआ। खोजकर्ता वैज्ञानिक अनिरुद्ध चिति कहते हैं कि हमारी आकाशगंगा के अलावा अन्य आकाशगंगाओं में बहुत प्रारंभिक तत्वों के निर्माण की प्रक्रिया एक अनूठी खिड़की प्रदान करता है। यह खोज 20 मार्च को नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है।



प्राचीन ब्लैक होल की तस्वीर।

### शुरुआती तारों में छिपे हैं अनेक रहस्य

शुरुआती तारों में बेशुमार रहस्य छिपे हुए हैं। मगर उन तारों की ढूंढ कर पाना आसान नही है। यदि बहुत पुराना तारा ढूंढ सकते हैं, तो निश्चित ही उसकी रासायनिक संरचना प्राप्त कर सकते हैं। जिससे समझ सकते हैं कि ब्रह्मांड में अरबों साल पहले के तारे की रासायनिक संरचना कैसी थी। इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का एक वर्ग प्राचीन तारों को तलाश कर खोज को नई दिशा देंगे।

### शटडाउन से बचा अमेरिका, सीनेट ने दी फैसले को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने आंशिक शटडाउन को टालने के लिए 1.2 ट्रिलियन डालर के पैकेज वाले बिल को मंजूरी दे दी है। अब इसे राष्ट्रपति जो बाइडन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान 24 के मुकाबले 74 वोट पड़े।

व्हाइट हाउस ने कहा कि चूंकि संघीय निधि के दायित्वों को दैनिक आधार पर खर्च किया जाता है और ट्रैक किया जाता है, इसलिए एजेंसियां बंद नहीं होंगी और अपना संचालन सामान्य रूप से जारी रख सकती हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स की ओर से बिल में प्रस्तावित संशोधनों पर तनातनी के बाद शुक्रवार शाम को एक अल्पकालिक सरकारी शटडाउन की संभावनाएं बढ़ गई थीं। आधी रात से ठीक पहले सीनेट के बहुमत नेता चक शूमर ने इसे लेकर सहमति की घोषणा की।

# सोमालिया के 35 समुद्री लुटेरों को लेकर लौटा आईएनएस कोलकाता, मुंबई पुलिस को सौंपा




मुंबई, एजेंसी

अरब सागर और अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना ने बड़ा ऑपरेशन चलाया था। जिसमें नौसेना ने समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत सोमालिया के तट से 35 समुद्री लुटेरों को पकड़ा था। पकड़े गए लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। इसके बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया।

यह अभ्यास चल रहे ऑपरेशन संकल्प के हिस्से के रूप में किया गया था, जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों को क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और व्यापार सुरक्षा के लिए अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना ने सीमा शुल्क और अप्रवासन की औपचारिकताओं के बाद 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। 16 मार्च को एक एंटी पाइरेट्स ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना के आईएनएस कोलकाता ने समुद्री लुटेरों को पकड़ाथा।

### अरब सागर में 10 युद्धपोत तैनातः एडमिरल आर हरि

भारतीय नौसेना के अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में चल रहे 100 दिन के अभियान पर एडमिरल आर हरि कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में अव्यवस्था का लाभ उठाने के लिए लुटेरे फिर से सक्रिय हो गए हैं। वह लूटपाट को उद्योग की तरह देख रहे हैं। इसे रोकने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन संकल्प और अन्य अभियान चलाकर 110 लोगों की जान बचाई है, जिसमें 45 भारतीय और 65 अंतर्राष्ट्रीय नागरिक शामिल हैं। इतना ही नहीं उसने 13 हमले की घटनाओं का भी जवाब दिया है। उन्होंने कहा- अरब सागर में एंटी-पायरेसी और एंटी-ड्रोन ऑपरेशन के लिए पी-8आई निगरानी विमान, सी गार्जियन ड्रोन और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोतों को तैनात किया है।